10 सौरभ गांगुली....



झारखण्ड का अपना दैनिक

# झारखण्ड उजाला

सच आप तक

12 प्रियामणि...



रांची, शनिवार, 11 जुलाई 2026 | पृष्ठ - 12 | मूल्य - 2 रूपये | रांची संस्करण | वर्ष- 06 | अंक -26 | RNI No. JHAHIN/2021/82144 | www.jharkhandujala.com


## आज का विचार

झारखण्ड उजाला



बजरंग कुमार
स्विमिंग, कोच।

तैराकी केवल एक खेल नहीं, बल्कि जीवनभर काम आने वाला एक महत्वपूर्ण कौशल है। यह जीवन रक्षक होने के साथ-साथ शरीर को स्वस्थ, मजबूत और फिट रखने का सबसे प्रभावी व्यायाम है। तैराकी से हृदय और फेफड़ों की क्षमता बढ़ती है, पूरे शरीर की मांसपेशियां सक्रिय होती हैं तथा वजन कम करने में सहायता मिलती है। यह हाइड्रोथेरेपी और रीहैबिलिटेशन में भी उपयोगी है। विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में भी इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है।

## सर्राफा

सोना (बिक्री) : 1,49,560

चांदी (प्रति किलो) : 2,55,000

(नोटः सोना 22 कैरेट कीमत प्रति 10 ग्राम)

## शेयर बाजार

सेंसेक्स :- 77,569.39

निफ्टी :- 24,206.90

## मौसम

अधिकतम तापमान : 30 °

न्यूनतम तापमान : 24 °

## सूर्योदय/सूर्यास्त

प्रातः :- 05:10

संध्या :- 18:39

## आज का इतिहास

आज ही के दिन 1995 को अमेरिका और वियतनाम के बीच दो दशक के संघर्ष के बाद पूर्ण राजनयिक संबंध स्थापित हुए।

## संक्षिप्त समाचार

### नासा से जुड़े भारतीय मूल के अंतरिक्ष यात्री अनिल मेनन 14 जुलाई को अंतरिक्ष होंगे रवाना

**मॉस्को।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के भारतीय मूल के अंतरिक्ष यात्री अनिल मेनन 14 जुलाई को अंतरिक्ष रवाना होंगे. वह आठ महीने अंतरिक्ष स्टेशन में रहेंगे. खबर है कि अनिल मेनन कजाखस्तान स्थित बैकानूर कॉस्मोड्रोम (अंतरिक्ष प्रक्षेपण स्थल) से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए रवाना होंगे. पेशे से डॉक्टर और अमेरिकी अंतरिक्ष बल में कर्नल अनिल मेनन रूस की अंतरिक्ष एजेंसी रोस्कोस्मोस के सोयुज एमएस-29 अंतरिक्ष यान से यात्रा करेंगे. इस मिशन में रूसी अंतरिक्ष यात्री अन्ना किकिना और प्योत्र दुब्रोव उनके साथ होंगे.अनिल मेनन ने 2014 में नासा में फ्लाइट सर्जन के रूप में करियर शुरू किया था. वह 2018 में स्पेसएक्स से जुड़े. जानकारी के अनुसार उन्होंने स्पेसएक्स की पहली मानव अंतरिक्ष उड़ान की तैयारियों में अहम भूमिका निभाई थी. मिनियापोलिस में यूक्रेनी और भारतीय मूल के माता-पिता के घर जन्म लेने वाले श्री मेनन का चयन दिसंबर 2021 में नासा के अंतरिक्ष यात्री के रूप में हुआ अनिल मेनन की पत्नी अन्ना विल्हेम भी अंतरिक्ष यात्री हैं. उन्होंने सितंबर 2024 में स्पेसएक्स द्वारा संचालित निजी मानव अंतरिक्ष मिशन पोलारिस डॉन के तहत अंतरिक्ष की यात्रा की थी.

### लोहरदगा के एक युवक और महिला की निर्मम हत्या

**रांची/खूंटी:** खूंटी जिले में शुक्रवार सुबह एक सनसनीखेज दोहरे हत्याकांड ने पूरे इलाके को दहला दिया. खूंटी थाना क्षेत्र के घाघरा गांव के पास तजना नदी किनारे एक युवक और एक महिला का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया. सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए. पुलिस ने शवों को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है. पुलिस ने मृतकों की पहचान लोहरदगा जिले के भंडरा थाना क्षेत्र के बड़गाई गांव निवासी नेहा कुमारी और उनके पड़ोसी अरुण कुमार राणा के रूप में की है.

# बांस आधारित उद्योगों से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलेगी नई उड़ान : दीपिका सिंह

**झारखण्ड उजाला संवाददाता**

**रांची।** झारखंड की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि बांस आधारित उद्योग राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था, महिला सशक्तिकरण और युवाओं के रोजगार का मजबूत आधार बन सकते हैं. यदि नीति, तकनीक, वित्तीय सहयोग, डिजाइन, प्रसंस्करण और बाजार का प्रभावी समन्वय किया जाए तो आने वाले वर्षों में झारखंड देश का अग्रणी बांस उत्पादक एवं बांस आधारित उद्योगों का प्रमुख केंद्र बन सकता है. मंत्री शुक्रवार को रांची स्थित जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल सर्विस में आयोजित Bamboo Ecosystem Conclave 2026 में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रही थीं. नेटवर्क फॉर एंटरप्राइज एन्हांसमेंट एंड डेवलपमेंट सपोर्ट द्वारा यूरोपीय संघ समर्थित SWASHAKT परियोजना के तहत आयोजित इस सम्मेलन में बांस आधारित औद्योगिक विकास, ग्रामीण उद्यमिता,




महिला सशक्तिकरण और सतत विकास पर नीति संवाद आयोजित किया गया. दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि हाल ही में नई दिल्ली में आयोजित नेशनल स्टेकहोल्डर्स कंसल्टेशन में उद्योग, पर्यटन और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में झारखंड के विकास को गति देने के लिए कई महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए हैं. उन्होंने कहा कि राज्य की खनिज संपदा के साथ-साथ जल, जंगल और जमीन झारखंड की सबसे बड़ी पूंजी हैं, जिनका संरक्षण करते हुए रोजगार, निवेश और सतत विकास के नए अवसर सृजित किए जा सकते हैं. उन्होंने बिरसा हरित ग्राम योजना की सफलता का उल्लेख करते हुए कहा कि इस योजना के तहत उत्पादित झारखंड के आम इस वर्ष दुबई, इटली और लंदन जैसे अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंचे हैं. यह किसानों और स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं की मेहनत का परिणाम है. उन्होंने कहा कि जिस प्रकार इस योजना ने किसानों की आय बढ़ाने और वैश्विक बाजार तक पहुंच बनाने का मार्ग प्रशस्त किया है, उसी प्रकार बांस आधारित आजीविका भी ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा दे सकती है. सम्मेलन में बांस आधारित औद्योगिक नीति, ग्रामीण आजीविका एवं उद्यमिता, विभागीय समन्वय, स्वयं सहायता समूहों द्वारा संचालित बांस उद्यम, निवेश, मूल्य संवर्धन और बाजार विस्तार जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई. कार्यक्रम का उद्देश्य सरकार, उद्योग, नीति-निमार्ताओं, विकास साझेदारों और विशेषज्ञों के बीच संवाद स्थापित कर झारखंड में बांस आधारित उद्योगों को बढ़ावा देना था. इस अवसर पर एक्सआईएसएस के अनंत कुमार, नीड्स के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर मुरारी एम. चौधरी, संजीव कार्पे, डॉ. मनोज सहित कई लोग उपस्थित थे.

# श्राद्ध कर्म के दौरान किशोरी समेत पांच डूबे : दो की मौत, एक गंभीर

**झारखण्ड उजाला संवाददाता**

**गिरिडीह।** जिला में श्राद्ध कार्यक्रम के दशकर्म के दौरान हादसा हो गया. यहां तालाब में डूबने से एक किशोरी और एक महिला की मौत हो गई. घटना गावां थाना क्षेत्र के भीखी गांव की है. घटना में एक महिला की स्थिति गंभीर बनी हुई है. प्राप्त जानकारी के अनुसार भीखी गांव में श्राद्ध कार्यक्रम चल रहा था. शुक्रवार को दशकर्म का विधान चल रहा था. ऐसे में कई महिला, पुरुष के साथ घर के सदस्य गांव के तालाब में गए. महिला व पुरुष तालाब में अलग अलग स्थानों पर विधि-विधान के बाद स्नान कर रहे थे. इस दौरान एक महिला तालाब में डूबने लगी. जिसे बचाने के चक्कर में कुल 5 महिलाएं गहरे पानी में चली गईं. वहां उपस्थित अन्य महिलाओं के चीख पुकार के बाद दूसरे घाट पर स्नान कर रहे लोग दौड़ कर आये. सभी को पानी से निकाल कर गावां सीएचसी ले गए. गावां सीएचसी में चिकित्सकों ने गावां थाना क्षेत्र के खेरड़ा निवासी कलवा देवी (पति- महेंद्र प्रसाद यादव) उम्र 48 वर्ष एवं बिरने निवासी अंजली कुमारी (पिता- विजय यादव) उम्र 17 वर्ष को मृत घोषित कर दिया. जबकि भीखी निवासी शिखा देवी (पति- बहादुर यादव) उम्र 45 वर्ष को बेहतर इलाज के लिए गिरिडीह रेफर कर दिया. इस हादसे के बाद भीखी समेत मृतकों के घर और गांव में मातम पसर गया. थाना प्रभारी जयप्रकाश कुमार दोनों शवों को जब्त करते हुए.

# रांची में एसीबी ने घूस लेते रंगेहाथ तीन को दबोचा, राजस्व कर्मचारी और सीओ भी गिरफ्तार

**झारखण्ड उजाला संवाददाता**

**रांची।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो रांची की टीम ने बुढ़मू अंचल कार्यालय में जमीन के म्यूटेशन के नाम पर रिश्वत लेने के मामले में बड़ी कार्रवाई की है. एसीबी ने 10 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए एक आरोपी को रंगेहाथ गिरफ्तार किया. फिर जांच में आरोप सही पाए जाने के बाद राजस्व कर्मचारी और अंचल अधिकारी को भी गिरफ्तार कर लिया गया है. सभी आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है.

### क्या है पूरा मामला

एसीबी की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, मांडर थाना क्षेत्र के ग्राम ब्रांबे निवासी सुबोध कुमार ने एसीबी रांची में शिकायत दर्ज कराई थी. शिकायत में कहा गया कि मौजा सासम, प्रखंड बुढ़मू स्थित उनकी 3 एकड़ 20 डिसमिल जमीन का रजिस्ट्री उनकी पत्नी पिंकी देवी और साली जया कुमारी व संगीता गुप्ता के नाम से हो चुकी है. इसके बाद म्यूटेशन के लिए आवेदन और रजिस्ट्री की प्रति अंचल कार्यालय में जमा कर दी गई थी लेकिन लंबे समय तक म्यूटेशन नहीं किया गया. शिकायतकर्ता जब म्यूटेशन की प्रगति जानने बुढ़मू अंचल कार्यालय पहुंचे तो अंचलाधिकारी ने उन्हें भू-राजस्व कर्मचारी राजेश कुमार से मिलने को कहा. शिकायतकर्ता के अनुसार राजेश कुमार ने पहले म्यूटेशन की प्रक्रिया का हवाला दिया और फिर कहा कि काम कराने के लिए 80 से 90 हजार




रुपये देने होंगे. बाद में कम राशि देने पर भी काम कराने का भरोसा दिलाया गया. इसके बाद शिकायतकर्ता ने दोबारा अंचलाधिकारी से मुलाकात की, वहां भी उन्हें राजेश कुमार से ही बात करने को कहा गया. उसी दौरान राजेश कुमार ने अपने भाई गौतम कुमार से बातचीत कराने को कहा. गौतम कुमार ने शिकायतकर्ता से कहा कि फिलहाल 10 हजार रुपये दे दीजिए, यह पहली किस्त होगी. इसके बाद म्यूटेशन की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी और पूरी राशि मिलने पर काम पूरा कर दिया जाएगा.

### एसीबी ने सत्यापन में पाया आरोप सही

शिकायतकर्ता रिश्वत देकर काम नहीं कराना चाहते थे, उन्होंने इसकी शिकायत एसीबी से की. एसीबी ने मामले का सत्यापन कराया, जिसमें 10 हजार रुपये रिश्वत मांगने की बात सही पाई गई. इसके बाद योजनाबद्ध तरीके से ट्रैप की कार्रवाई की गई. एसीबी की टीम गौतम किशोर रवि को 10 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया. इस कार्रवाई के दौरान हुई जांच में शिकायतकर्ता द्वारा लगाए गए अन्य आरोप भी सही पाए गए.

# झारखंड में निवेश का रास्ता साफ : स्टील, न्यूक्लियरपावर, टेक्नोलॉजी और टूरिज्म सेक्टर में 14 बड़े एमओयू

**झारखण्ड उजाला संवाददाता**

**रांची।** झारखंड सरकार ने राज्य में निवेश बढ़ाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है. नई दिल्ली में आयोजित दो दिवसीय नेशनल स्टेकहोल्डर्स कंसल्टेशन के समापन पर सरकार ने अलग-अलग क्षेत्रों में 14 महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर किए. इन समझौतों के जरिए राज्य में करीब रु 99,639 करोड़ के प्रस्तावित निवेश का रास्ता खुला है. सरकार का दावा है कि इससे उद्योगों का विस्तार होगा, रोजगार के नए अवसर बनेंगे और राज्य की अर्थव्यवस्था को नई रफ्तार मिलेगी.

### उद्योग सेक्टर में सबसे बड़ा निवेश

नेशनल स्टेकहोल्डर्स कंसल्टेशन के जरिए सबसे बड़ा फोकस उद्योग सेक्टर पर रहा. इस क्षेत्र में देश की बड़ी कंपनियों के साथ निवेश समझौते किए गए. इनमें जिंदल स्टील लिमिटेड ने रु 40,000 करोड़ के निवेश का एमओयू किया है, जबकि जिंदल




न्यूक्लियर पावर प्राइवेट लिमिटेड ने रु 30,000 करोड़ के निवेश पर सहमति जताई है. सरकार का मानना है कि इन दोनों निवेशों से झारखंड में औद्योगिक गतिविधियों को बड़ा बढ़ावा मिलेगा.

### डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन और ई-गवर्नेंस पर जोर

सरकार ने डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन और ई-गवर्नेंस पर भी खास जोर दिया है. इसके तहत गूगल क्लाउड और वाधवानी ग्रुप के साथ समझौते किए गए हैं. इन साझेदारियों का मकसद सरकारी सेवाओं को तकनीक से और बेहतर बनाना, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करना और ई-गवर्नेंस को नई गति देना है.

### टूरिज्म सेक्टर को नई रफ्तार

पर्यटन सेक्टर में भी झारखंड सरकार ने नई पहल की है. टाटा मोटर्स के साथ माइनिंग टूरिज्म को विकसित करने के लिए एमओयू हुआ है, ताकि झारखंड की खनन विरासत को पर्यटन से जोड़ा जा सके. इसके अलावा ईजमाईट्रिप प्लानर्स के साथ पर्यटन प्रचार-प्रसार और राज्य में पर्यटकों की संख्या बढ़ाने को लेकर रणनीतिक साझेदारी की गई है.

### मुख्यमंत्री की मौजूदगी में हुए समझौते

ये सभी समझौते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मौजूदगी में हुए. इस मौके पर मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, संजय प्रसाद यादव, सुदिव्य कुमार और इरफान अंसारी के अलावा मुख्य सचिव अविनाश कुमार और विकास आयुक्त अजय कुमार सिंह भी मौजूद रहे. संबंधित विभागों के सचिवों और कंपनियों के प्रतिनिधियों ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए.

### रोजगार और विकास को मिलेगी नई रफ्तार

सरकार का कहना है कि इन समझौतों से झारखंड में उद्योग, प्रौद्योगिकी, डिजिटल गवर्नेंस और पर्यटन जैसे प्रमुख सेक्टरों को नई मजबूती मिलेगी. साथ ही बड़े पैमाने पर निवेश आने से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और राज्य को देश के प्रमुख औद्योगिक एवं निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित करने में मदद मिलेगी.










# विभिन्न विभागों को समयबद्ध कार्ययोजना बनाकर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का दिया निर्देश

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**आपदा प्रबंधन को लेकर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक**



**रामगढ़।** उपायुक्त रामगढ़ ऋतुराज की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुनायत की उपस्थिति में समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय आपदा प्रबंधन से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संभावित प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदाओं से प्रभावी ढंग से निपटने की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा सभी संबंधित विभागों को समन्वय स्थापित करते हुए समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने अग्निशमन विभाग को जिले के सभी फायर वाहनों की पहचान कर आवश्यकता के अनुसार रणनीतिक स्थानों पर तैनात करने का निर्देश दिया। साथ ही फायर ऑफिसर को सरकारी एवं गैर-सरकारी भवनों, होटल, अस्पताल, कारखानों तथा अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में फायर सेफ्टी मानकों की जांच कर विस्तृत प्रतिवेदन उपलब्ध कराने को कहा। जिन संस्थानों के पास फायर एनओसी उपलब्ध नहीं है, उन्हें शीघ्र फायर एनओसी प्राप्त कराने की कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया गया। उपायुक्त ने अग्निशमन विभाग को जिले के सभी थानों में आगजनी एवं अन्य आपदाओं के दौरान प्राथमिक स्तर पर उपयोग होने वाले आवश्यक उपकरणों की सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। फैक्ट्री निरीक्षक को जिले के सभी लाइसेंसधारी कारखानों में औद्योगिक सुरक्षा (इंडस्ट्रियल हैजर्ड) से संबंधित सभी मानकों का अनुपालन सुनिश्चित कराने हेतु समयबद्ध कार्ययोजना तैयार कर साझा करने तथा उद्योगों को निर्धारित सुरक्षा मानकों का अक्षरशः पालन कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में सभी अंचल अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को जिले के संवेदनशील नदी, तालाब, जलाशयों एवं अन्य जल स्त्रोतों का संयुक्त निरीक्षण कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने को कहा गया। विशेष रूप से पतरातू क्षेत्र में संचालित बोटिंग गतिविधियों को सुरक्षित एवं मानकों के अनुरूप संचालित कराने के उद्देश्य से संबंधित संचालकों के साथ बैठक आयोजित करने का निर्देश दिया गया। नदी किनारे एवं अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में आपदा से बचाव संबंधी व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने पर भी बल दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों को आपदा की स्थिति में उपयोगी उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा आवश्यकता अनुसार संसाधनों का पूर्व प्रबंधन करने का निर्देश दिया। वहीं सभी सरकारी एवं निजी प्रतिष्ठानों में तड़ित चालक (लाइटनिंग अरेस्टर) स्थापित कराने पर विशेष जोर दिया गया। उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में उपलब्ध आपदा प्रबंधन उपकरणों की अद्यतन सूची तैयार कर जिला प्रशासन को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही अनुमंडल पदाधिकारी को जिले में प्रशिक्षित चालकों की पहचान कर सूची तैयार करने को कहा गया, ताकि आपदा की स्थिति में उनका प्रभावी उपयोग किया जा सके। बैठक में स्वास्थ्य विभाग को सभी अस्पतालों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में आपदा प्रबंधन से संबंधित आवश्यक सुविधाओं को सुदृढ़ रखने तथा सभी सीएचसी में पर्याप्त मात्रा में एंटी स्नेक वेनम उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। शिक्षा विभाग को सभी विद्यालयों में तड़ित चालक की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। जनसंपर्क विभाग को विभिन्न प्रकार की आपदाओं से बचाव एवं आपदा के समय अपनाए जाने वाले उपायों से संबंधित जागरूकता सामग्री एवं लेख नियमित रूप से प्रचारित-प्रसारित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही सभी अंचल अधिकारियों को आपदा प्रभावित व्यक्तियों को आपदा राहत कोष की स्वीकृत सहायता राशि समय पर उपलब्ध कराने तथा फसल, मकान एवं अन्य प्रकार की क्षति का शीघ्र आकलन कर जिला प्रशासन को प्रतिवेदन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में सभी अंचल अधिकारियों को ऐसे खुले कुओं की पहचान कर सूची उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया गया जिनमें सुरक्षा दीवार (वॉल) नहीं है, ताकि दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा सके। उपायुक्त ने कहा कि आपदा प्रबंधन केवल राहत एवं बचाव तक सीमित नहीं है, बल्कि पूर्व तैयारी, समन्वय, जनजागरूकता और समयबद्ध कार्रवाई ही जनधन की हानि को न्यूनतम करने का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को सौंपे गए दायित्वों का गंभीरता एवं प्राथमिकता के आधार पर अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## इनर व्हील क्लब ऑफ रामगढ़ के द्वारा मच्छरदानी का वितरण कार्यक्रम आयोजित किया



**रामगढ़।** समाज सेवा एवं जनकल्याण के उद्देश्य से आज झुग्गी-झोपड़ी क्षेत्रों में रहने वाले जरूरतमंद परिवारों के बीच मच्छरदानियों का वितरण किया गया।इस पहल का मुख्य उद्देश्य बरसात के मौसम में मच्छरों से होने वाली बीमारियों जैसे डेंगू, मलेरिया एवं चिकनगुनिया से लोगों को बचाव के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें आवश्यक सुरक्षा उपलब्ध कराना है।कार्यक्रम के दौरान सदस्यो ने स्थानीय निवासियों को स्वच्छता बनाए रखने, घर के आसपास पानी जमा न होने देने तथा मच्छरों से बचाव के अन्य उपायों की भी जानकारी दी। लोगों को बताया गया कि मच्छरदानी का नियमित उपयोग बीमारी के खतरे को काफी हद तक कम कर सकता है।यह कार्यक्रम समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने और जरूरतमंद परिवारों की सहायता करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है मौके पर क्लब अध्यक्षा श्वेता जैन, सचिव नवलजीत कौर, प्रियंका जैन ,जसमीत सोनी ,रंजू अरोड़ा,नीरू साहनी ,गुरबख्श सैनी ,ममता अग्रवाल मौजूद थी।

## हल्की बारिश में तालाब बनी नवाडीह बस्ती की सड़क



**लोहरदगा:** जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत नवाडीह स्थित जामा मस्जिद के पूर्वी छोर से गुजरने वाली बस्ती की सड़क हल्की बारिश होते ही जलमग्न हो जाती है। सड़क पर जलजमाव की मुख्य वजह नाली का जाम होना बताया जा रहा है, जिससे बारिश का पानी निकासी नहीं होने के कारण सड़क पर ही पानी जमा हो जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि वर्षों से यह समस्या बनी हुई है, लेकिन जनप्रतिनिधियों और प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई। सड़क पर घुटनों तक पानी भर जाने से आम लोगों का आवागमन प्रभावित हो रहा है। सबसे अधिक परेशानी तब हुई जब नवाडीह हेठ टोला से एक जनाजा को कब्रिस्तान ले जाने के दौरान लोगों को जलजमाव से होकर गुजरना पड़ा। इस दौरान जनाजा ले जाने वालों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार संबंधित जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन केवल आश्वासन ही मिले।बस्ती वालों का कहना है कि नाली की नियमित सफाई और सड़क की मरम्मत नहीं होने से स्थिति दिन-प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है। इलाके के लोगों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और प्रशासन की उदासीनता रवैया को लेकर गहरा आक्रोश है। ग्रामीणों ने अविलंब नाली की सफाई, जलनिकासी की स्थायी व्यवस्था और सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने को विवश होंगे।

## सरकारी आवासों में जलापूर्ति ठप, लोगों ने पी वी यू एन एल के सीईओ से की इसकी शिकायत, जांच की भी रखी मांग



झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

पतरातूः निगम लिमिटेड पीवीयूएनएल के किलिम्स गेट/लेबर गेट संख्या-2 के समीप चल रहे सिविल निर्माण कार्य के दौरान पथ संख्या-14 स्थित अधिग्रहित भूमि एवं पथ संख्या-14 के सरकारी आवासों तक पेयजल पहुँचाने वाली मुख्य पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई है। इसके कारण 07 जुलाई 2026 से जलापूर्ति पूरी तरह बंद है। पानी की आपूर्ति बाधित होने से स्थानीय निवासियों एवं सरकारी आवासों में रहने वाले कर्मचारियों के परिवारों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। प्रभावित लोगों ने पतरातू विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी से क्षतिग्रस्त पाइपलाइन की तत्काल मरम्मत, जलापूर्ति बहाल करने तथा घटना की जांच कर दोषी अधिकारियों एवं संबंधित एजेंसी के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है।

## कटिया में जल संरक्षण हेतु ग्राम सभा कटिया के माध्यम से की गई विचार गोष्ठी

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**पतरातूः** शुक्रवार को ग्राम पंचायत कटिया बस्ती के पंचायत भवन में ग्राम सभा के माध्यम से सबकी योजना सबका विकास अभियान (GPDP)2026-27 हेतु संकल्प का चयन किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत कटिया बस्ती में पानी संरक्षण का थीम लिया गया। यानी 1 वर्ष में पानी का संरक्षण या पानी से संबंधित सारी समस्याओं का निदान हेतु कार्य किया जाएगा तथा ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल का भी चयन हुआ जिसमें कुल 6 सदस्य होते हैं इसमें प्रत्येक पंचायत से मुखिया को सहजकर्ता दल के समन्वयक के रूप में तथा पंचायत सेवक को सहायक समन्वयक के रूप में कार्य करना है इसके साथ ओर चार लोगों को सहजकर्ता दल मैं शामिल किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया किशोर कुमार महतो एवं संचालन पंचायत सेवक अनीता कश्यप के द्वारा किया गया तथा ग्राम सभा में मुखिया किशोर कुमार महतो के द्वारा कहा गया कि कुछ तथा कथित लोगों के द्वारा पंचायत को बदनाम किया जा रहा है उनके द्वारा जो आरोप है वह बेबुनियाद है वे वैसे लोग है जो कभी ग्राम सभा या बैठक में नहीं आते हैं और सिर्फ आरोप प्रत्यारोप करते हैं मैं वैसे लोगों का कहना चाहता हूं कि आप आगे आए और गांव समाज के लिए काम करें और पंचायत को आगे ले जाए और काम करके आगे बढ़ने का काम करें ना कि किसी को बदनाम करके क्योंकि कर्म ही प्रधान है कार्यक्रम में मुख्य रूप से पंचायत समिति अनीता जैन उपमुखिया नंद किशोर महतो आनंद महतो वार्ड सदस्य तेरुष देवी किरण कुमारी नूनी देवी कन्हैया कुमार रीता देवी गोपाल महतो गणेश कुमार ठाकुर सुखन महतो मोहित कुमार रेखा देवी सहित भारी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी

## रामगढ़ विधायक के नेतृत्व में नागरिकों का प्रतिनिधिमंडल ने रामगढ़ उपायुक्त से की मुलाकात

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**बिजूलिया तालाब रोड का जल्द होगा निर्माण कार्य: ममता देवी**



**रामगढ़।** विधायक श्रीमती ममता देवी के नेतृत्व में आम नागरिक को द्वारा मुलाकात कर बिजूलिया तालाब रोड की बदहाली की चर्चा की एवं आग्रह किया गया कि जल्द से जल्द इस सड़क का जीर्णोद्धार किया जाए। विधायक श्रीमती ममता देवी द्वारा उपायुक्त महोदय को बताया गया कि पिछले कई वर्षों से इस सड़क की बदहाली के संबंध में मेरे द्वारा पत्राचार किया गया है परंतु आज तक सड़क का निर्माण कार्य नहीं हो पाया है। उपायुक्त रामगढ़ के द्वारा बताया गया कि माननीय विधायक के पत्राचार के आलोक में उपरोक्त रोड के निर्माण के लिए छावनी परिषद रामगढ़ को निर्देश जारी कर दिया गया है और डीएमएफटी के प्रबंध परिषद की बैठक में सड़क के निर्माण की स्वीकृति भी दे दी गई है और छावनी परिषद द्वारा उपरोक्त कार्य के लिए विस्तृत कार्य योजना विभाग को समर्पित किया गया है बहुत जल्दी यह कार्य निविदा प्रक्रिया में चला जाएगा। जल्द से जल्द बिजूलिया तालाब रोड का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा तत्काल उपायुक्त के द्वारा अधिकारियों को निर्देश देकर तुरंत गड्डों को भरवाने का कार्य कल से करने का आदेश दिया गया है। मौके पर रीता अग्रवाल,डॉ अभिषेक अग्रवाल, डॉ निधि बजाज ,श्वेता सवारिया, निर्मला सिंह,निधि मित्तल, सुमन गुप्ता, स्मिता सिंह, रागिनी देवी, ऋषभ अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, कमलेश कुमार महत, मुकेश यादव जी पंकज प्रसाद तिवारी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## जैन समाज ने किया मुनिसंघ से चातुर्मास का निवेदन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रामगढ़।** मेन रोड स्थित दिगंबर जैन मंदिर में विगत लगभग 1 माह से परम पूज्य आचार्य भगवंत श्री वसुनंदी जी महाराजश्री के परम प्रभावक शिष्य मुनिश्री 108 पुण्यानंद जी एवं मुनिश्री शुभानंदजी ससंघ का मंगल प्रवास अत्यंत भक्ति, श्रद्धा एवं उल्लास के साथ चल रहा है। पूज्य मुनियों के सानिध्य में प्रतिदिन धार्मिक क्रियाएं आयोजित हो रही हैं एवं समस्त जैन समाज में अविरल धर्म प्रभावना चल रही है। इसी के मद्देनजर जैन समाज के सचिव योगेश सेठी ने बताया कि मुनिसंघ का सानिध्य हमारे भाग्योदय के समान है एवं मुनिसंघ के सानिध्य में प्रत्येक जैन नर एवं नारी भक्ति रस से सराबोर हो रहा है। आगे श्री सेठी ने कहा कि समाज की ऐसी धर्म-प्रभावना के कारण समाज की कार्यकारिणी समिति द्वारा समाज के सहयोग से चातुर्मास आयोजित करने हेतु प्रयासरत है। इसी क्रम में जैन समाज के पूर्व अध्यक्ष श्री रमेशजी सेठी के नेतृत्व में समाज के सदस्यों ने मुनिसंघ के समक्ष चातुर्मास रामगढ़ में आयोजित करने का अनुरोध किया।?मुनिसंघ द्वारा इस पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी गई। साथ ही मुनिसंघ द्वारा सदस्यों को यह निर्देशित किया कि वे अपना अनुरोध कलकत्ता जाकर हमारे गुरुदेव के समक्ष रखें। वात्सल्यमयी गुरुदेव ने अगर मंगल आशीर्वाद दिया तो मुनिसंघ चातुर्मास करने को तैयार है। कार्यक्रम में समाज की बड़ी संख्या में महिला पुरुष सदस्य उपस्थित थे।उपरोक्त जानकारी जैन समाज के मीडिया प्रभारी श्रवण जैन ने दी।

## खत्री हीरो शोरूम में नई सुपर स्प्लेंडर एक्सटेक 2.0 का भव्य शुभारंभ



**लोहरदगा।** गुमला-पालकोट रोड स्थित शहर के प्रतिष्ठित खत्री हीरो शोरूम में नई हीरो सुपर स्प्लेंडर एक्सटेक 2.0 का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन श्रीराम फाइनेंस के शाखा प्रबंधक अमृत कुमार ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर शहर के गणमान्य नागरिकों के साथ-साथ शोरूम के सेल्स एवं सर्विस विभाग के कर्मचारी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान नई बाइक की खूबियों की जानकारी दी गई तथा ग्राहकों के लिए उपलब्ध आकर्षक ऑफरों की भी घोषणा की गई। शोरूम के सेल्स मैनेजर धीरज कुमार ने बताया कि नई सुपर स्प्लेंडर एक्सटेक 2.0 आधुनिक तकनीक से लैस है। इसमें साइलेंट स्टार्ट जैसी उन्नत सुविधा दी गई है, जिससे बेहतर राइडिंग अनुभव मिलता है। उन्होंने बताया कि यह बाइक चार आकर्षक रंगों में उपलब्ध है और ग्राहकों की पसंद को ध्यान में रखते हुए इसे नए फीचर्स के साथ बाजार में उतारा गया है। उन्होंने कहा कि खत्री हीरो शोरूम में सुपर स्प्लेंडर एक्सटेक 2.0 की बुकिंग शुरू हो चुकी है। साथ ही सभी हीरो दोपहिया वाहनों पर ग्राहकों के लिए आकर्षक ऑफर भी उपलब्ध हैं। आयोजकों ने लोगों से शोरूम पहुंचकर नई बाइक का अवलोकन करने और विशेष ऑफरों का लाभ उठाने की अपील की।

## सभी पूर्व छात्रों से पोर्टल पर पंजीकरण का किया आह्वान

झारखंड उजाला प्रतिनिधि

**राज्यपाल से मिला विद्या भारती पूर्व छात्र परिषद का प्रतिनिधिमंडल,**



**रामगढ़।** विद्या भारती पूर्व छात्र परिषद के प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को झारखंड के माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से लोकभवन में शिष्टाचार भेंट कर उन्हें देशव्यापी ₹पूर्व छात्र संपर्क एवं पंजीकरण अभियान₹ की विस्तृत जानकारी प्रदान की।प्रतिनिधिमंडल में विद्या भारती पूर्व छात्र परिषद के उत्तरपूर्व क्षेत्र संयोजक श्री आलोक तिवारी, झारखंड प्रांत संयोजक डॉ. अरुण कुमार मिश्रा तथा सहसंयोजक श्री प्रवीण कुमार सोनू शामिल थे। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने माननीय राज्यपाल को विद्या भारती पूर्व छात्र परिषद की कॉफी टेबल बुक भेंट की तथा उन्हें विश्वभर में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ प्राप्त कर रहे विद्या भारती के पूर्व छात्रों के योगदान से अवगत कराया।इस दौरान विद्या विकास समिति के प्रदेश सचिव श्री नकुल शर्मा, प्रदेश मंत्री श्री ब्रजेश कुमार तथा रांची विभाग प्रमुख श्री विवेक नयन पाण्डे भी उपस्थित रहे। उन्होंने माननीय राज्यपाल को 'सप्त शक्ति संगम' स्मारिका भेंट करते हुए झारखंड में विद्या विकास समिति द्वारा संचालित विभिन्न शैक्षिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों की जानकारी दी।प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि 1 जुलाई 2026 से 15 अगस्त 2026 तक देशव्यापी पूर्व छात्र संपर्क एवं पंजीकरण अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य विद्या भारती से जुड़े सभी पूर्व छात्रों को एक साझा डिजिटल मंच पर जोड़ना, उनके अनुभवों, विशेषज्ञता और सामाजिक योगदान को राष्ट्र निर्माण तथा शिक्षा के क्षेत्र में प्रभावी रूप से उपयोग में लाना है।इस अवसर पर डॉ. अरुण कुमार मिश्रा ने झारखंड सहित देश-विदेश में रह रहे विद्या भारती के सभी पूर्व छात्रों से अपील की कि वे अभियान में सक्रिय सहभागिता करते हुए परिषद के आधिकारिक पोर्टल पर अपना पंजीकरण शीघ्र कराएं। उन्होंने कहा कि एक सशक्त एवं संगठित पूर्व छात्र नेटवर्क समाज, शिक्षा और राष्ट्र निर्माण के अनेक आयामों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।विद्या भारती पूर्व छात्र परिषद, झारखंड प्रांत के सहसंयोजक श्री प्रवीण कुमार सोनू ने कहा कि यह अभियान केवल पंजीकरण तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्या भारती के प्रत्येक पूर्व छात्र को अपने विद्यालय, समाज और राष्ट्र के साथ पुनः सक्रिय रूप से जोड़ने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। पूर्व छात्र परिषद शिक्षा और समाज को देगा नई दिशा। उन्होंने सभी पूर्व छात्रों से आग्रह किया कि वे स्वयं परिषद के पोर्टल पर पंजीकरण करें तथा अपने बैच, विद्यालय और परिचित पूर्व छात्रों को भी इस अभियान से जोड़ने का संकल्प लें। विद्या भारती पूर्व छात्र परिषद ने सभी पूर्व छात्रों से आग्रह किया है कि वे 15 अगस्त 2026 से पूर्व परिषद के आधिकारिक पोर्टलwww.vidyabharati alum»»fi.org अथवा अभियान के पंजीकरण लिंक पर जाकर अपना ऑनलाइन पंजीकरण अवश्य करें तथा अन्य पूर्व छात्रों को भी इस अभियान से जोड़ने में सहयोग दें।

## चेतना शाखा द्वारा₹कन्या भ्रूण संरक्षण एवं बाल सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रामगढ़।** मारवाड़ी युवा मंच रामगढ़ कैंट चेतना शाखा द्वारा रजत जयंती वर्ष के अवसर पर पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष प्रवीण गोयल के सम्मान में छावनी परिषद गवर्नमेंट स्कूल एवं उम्मीद दिव्यांग गवर्नमेंट स्कूल में कन्या भ्रूण संरक्षण, नारी चेतना एवं गुड टचझ्बैड टच विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को कन्या भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक कुरीति के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया तथा ₹बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ₹अभियान के महत्व और नारी सम्मान का संदेश दिया गया। साथ ही बच्चों को गुड टच एवं बैड टच की सही जानकारी, आत्म-सुरक्षा के उपाय तथा किसी भी अनुचित परिस्थिति में निर्भीक होकर अपने अभिभावकों एवं शिक्षकों से संवाद करने के लिए प्रेरित किया गया।इस अवसर पर विशेष रूप से उम्मीद दिव्यांग गवर्नमेंट स्कूल के बच्चों के साथ स्नेहपूर्ण समय बिताया गया। मंच की ओर से सभी बच्चों के बीच बिस्किट, चिप्स एवं फ्रूटी का वितरण किया गया, जिससे उनके चेहरों पर मुस्कान खिल उठी।मारवाड़ी युवा मंच रामगढ़ कैंट चेतना शाखा की सभी सदस्यों के सहयोग, समर्पण एवं सेवा भावना से यह सामाजिक जागरूकता अभियान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शाखा ने भविष्य में भी समाजहित एवं जनजागरण से जुड़े ऐसे कार्यक्रमों के निरंतर आयोजन का संकल्प व्यक्त किया।

## भारतीय सेना में बना लेफ्टिनेंट,जोधपुर मिलिट्री हॉस्पिटल में मिली पहली तैनाती

**चौपारण (हजारीबाग) :** प्रखंड अंतर्गत डोइया गांव के होनहार सपूत सोम राज ने भारतीय सेना के चिकित्सा विभाग में लेफ्टिनेंट के रूप में कमीशन प्राप्त कर पूरे प्रखंड क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। देश के प्रतिष्ठित सैन्य चिकित्सा संस्थान आर्म्ड फोर्सेज मेडिकल कॉलेज (एएफएमसी), पुणे से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्हें भारतीय सेना में अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है। उनकी पहली तैनाती मिलिट्री हॉस्पिटल, जोधपुर में हुई है।सोम राज पूर्व सैनिक शंभू कुमार एवं कपूर देवी के पुत्र हैं। उनके बड़े भाई शिवम राज वर्तमान में स्वीडन में कार्यरत हैं। उनके दादा दीनानाथ यादव डाक विभाग में लंबे समय तक अपनी सेवाएं देने के कारण क्षेत्र में डाक बाबू के नाम से प्रसिद्ध रहे।सोम राज की प्रारंभिक शिक्षा हजारीबाग के नमन विद्यालय से हुई। इसके बाद उन्होंने आर्मी पब्लिक स्कूल, रानीखेत तथा केंद्रीय विद्यालय, बेलगावी में अध्ययन किया। बचपन से ही मेधावी और अनुशासित रहे सोम राज ने कठिन परिश्रम, लगन और दृढ़ संकल्प के बल पर देश के सबसे प्रतिष्ठित मेडिकल संस्थानों में स्थान बनाया और सफलतापूर्वक एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी कर भारतीय सेना में अधिकारी बनने का गौरव हासिल किया।भारतीय सेना में डॉक्टर के रूप में उनकी नियुक्ति की खबर मिलते ही डोइया गांव सहित पूरे चौपारण प्रखंड में खुशी की लहर दौड़ गई। परिजनों, ग्रामीणों, शिक्षकों, मित्रों तथा सामाजिक और राजनीतिक प्रतिनिधियों ने इसे पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का क्षण बताते हुए सोम राज को बधाई दी। लोगों ने कहा कि उनकी यह उपलब्धि गांव और जिले के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है तथा यह साबित करती है कि ग्रामीण परिवेश से निकलकर भी मेहनत और समर्पण के बल पर देश की सर्वोच्च सेवाओं में स्थान बनाया जा सकता है।ग्रामीणों ने विश्वास जताया कि लेफ्टिनेंट सोम राज अपनी सेवा, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा से भारतीय सेना की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाते हुए देश सेवा में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। उनकी इस सफलता पर पूरे क्षेत्र में गर्व और उत्साह का माहौल है।

# 67वें स्थापना दिवस पर रांची विश्वविद्यालय का संकल्प: एनईपी के अनुरूप नई शिक्षा व्यवस्था, शोध और नवाचार को मिलेगी गति

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** रांची विश्वविद्यालय का 67वां स्थापना दिवस शुक्रवार को विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में उत्साह और गरिमापूर्ण माहौल में शुरू हुआ. 1960 में स्थापित रांची विश्वविद्यालय ने अपनी गौरवशाली शैक्षणिक यात्रा के 67 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया है. समारोह में शिक्षकों, विद्यार्थियों, पूर्व अधिकारियों और विभिन्न कॉलेजों के प्रतिनिधियों की बड़ी भागीदारी रही.

### विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

स्थापना दिवस के अवसर पर उन विद्यार्थियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया, जिन्हें राष्ट्रपति के हाथों सम्मान प्राप्त हो चुका है. इसके अलावा खेल के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रांची विश्वविद्यालय का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया. विश्वविद्यालय प्रशासन ने कहा कि विद्यार्थियों की उपलब्धियां संस्थान की सबसे बड़ी पूंजी हैं और ऐसे सम्मान अन्य छात्रों को भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करेंगे. समारोह को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. (डॉ.) सरोज शर्मा ने कहा कि 1960 में स्थापित रांची विश्वविद्यालय की समृद्ध शैक्षणिक, सामाजिक और शोध परंपरा रही है. उन्होंने बताया कि वर्तमान में विश्वविद्यालय में लगभग 16 हजार विद्यार्थी अध्ययनरत हैं और राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के अनुरूप शिक्षा व्यवस्था को लगातार सुदृढ़ किया जा रहा है.

### विश्वविद्यालय में रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेल

कुलपति ने कहा, आगामी शैक्षणिक सत्र पूरी तरह राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रावधानों के अनुरूप संचालित होगा. हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल डिग्री देना नहीं बल्कि उन्हें रोजगारपरक, कौशल आधारित और शोधोन्मुख शिक्षा उपलब्ध कराना है. विश्वविद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ कला, संस्कृति, संगीत, नृत्य, फाइन आर्ट्स और शोध गतिविधियों को भी समान महत्व दिया जा रहा है. इसी उद्देश्य से रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेल की स्थापना की गई है, जिससे शोध कार्यों को नई दिशा और गति मिलेगी.

### कार्यक्रम के दूसरे दिन कला, संस्कृति और फाइन आर्ट्स की प्रदर्शनी

उन्होंने बताया कि स्थापना दिवस समारोह तीन दिनों तक चलेगा. दूसरे दिन विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच देने के लिए कला, संस्कृति और फाइन आर्ट्स प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी. वही, 12 जुलाई को समापन समारोह के दौरान विभिन्न संकायों के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा. इसके साथ ही वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन कर पर्यावरण संरक्षण, हरित परिसर और सतत विकास का संदेश भी दिया जाएगा.

### भविष्य की शैक्षणिक दिशा तय करने का अवसर: कुलपति डॉ. सरोज शर्मा

विश्वविद्यालय प्रशासन का कहना है कि स्थापना दिवस केवल संस्थान की उपलब्धियों का उत्सव नहीं बल्कि भविष्य की शैक्षणिक दिशा तय करने का भी अवसर है. नई शिक्षा नीति, शोध, नवाचार, कौशल विकास और विद्यार्थी-केंद्रित शिक्षा व्यवस्था के माध्यम से रांची विश्वविद्यालय आने वाले वर्षों में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान को और मजबूत करने की दिशा में लगातार प्रयासरत है. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड स्टेट एजुकेशन ट्रिब्यूनल के अध्यक्ष नरेंद्र भगत थे.

# कृषि निर्यात को बढ़ावा देने को मजबूत एक्सपोर्ट इकोसिस्टम विकसित करेगी सरकार: शिल्पी नेहा तिर्की

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** झारखंड सरकार राज्य को कृषि एवं बागवानी उत्पादों के निर्यात के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने की दिशा में तेजी से काम कर रही है. कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि राज्य सरकार झारखंड में कृषि निर्यात को बढ़ावा देने के लिए मजबूत और टिकाऊ एक्सपोर्ट इकोसिस्टम विकसित करेगी, ताकि किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य मिले और राज्य के कृषि उत्पाद वैश्विक बाजार में अपनी मजबूत पहचान बना सकें. शुक्रवार को मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की से कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण के प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार मुलाकात की. बैठक में झारखंड से कृषि एवं बागवानी उत्पादों के वर्तमान निर्यात, उपलब्धियों और भविष्य की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई. प्रतिनिधिमंडल ने राज्य सरकार द्वारा दिए जा रहे सहयोग की सराहना करते हुए निर्यात को और गति देने के लिए कई सुझाव भी दिए.

### अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंच रहे झारखंड के उत्पाद

बैठक में जानकारी दी गई कि वर्ष 2025 में पूर्वी सिंहभूम और पाकुड़ जिले से आम (मैंगो) का निर्यात सऊदी अरब के लुलु हाइपरमार्केट्स में प्रचारात्मक अभियान के तहत किया गया था. वहीं 2026 में पूर्वी सिंहभूम, लोहरदगा, सिमडेगा, गुमला और देवघर के आम लंदन और दुबई सहित कई अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक सफलतापूर्वक पहुंचे. इसके अलावा झारखंड से लॉन्ग बीन्स, अरबी (कोलोकैसिया), भिंडी और जिमीकंद जैसे कृषि उत्पादों का निर्यात दुबई, कतर, मलेशिया और सिंगापुर जैसे देशों में किया जा रहा है. वहीं राज्य का गैर-बासमती चावल लगातार रूस, बेनिन, आइवरी कोस्ट और टोगो सहित कई देशों में निर्यात हो रहा है. मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि झारखंड को कृषि निर्यात के क्षेत्र में अग्रणी बनाने के लिए किसानों से लेकर अंतरराष्ट्रीय बाजार तक एक मजबूत और टिकाऊ एक्सपोर्ट सप्लाई चेन विकसित करना जरूरी है.

# झारखंड में डेंगू-चिकनगुनिया पर हाई अलर्ट, सरकार की सभी जिलों को एडवाइजरी, घर-घर लार्वा सर्वे और स्रोत नष्ट करने के निर्देश

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**रांची।** झारखंड में मानसून के दौरान डेंगू और चिकनगुनिया के बढ़ते खतरे को देखते हुए राज्य सरकार ने सभी जिलों को हाई अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए हैं. स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग ने सभी उपायुक्तों को विस्तृत एडवाइजरी जारी करते हुए संक्रमण की रोकथाम के लिए तत्काल प्रभाव से व्यापक अभियान चलाने को कहा है. अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने निर्देश दिया है कि बारिश के कारण जल जमाव वाले क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जाए और मच्छरों के प्रजनन स्थलों को प्राथमिकता के आधार पर नष्ट किया जाए.

### नियमित सफाई और जल जमाव खत्म करने पर जोर

सरकार की एडवाइजरी में कहा गया है कि डेंगू और चिकनगुनिया एडीज मादा मच्छर के काटने से फैलने वाले वायरल रोग हैं. यह मच्छर साफ पानी में पनपता है और घरों के भीतर या आसपास रखे पानी से भरे बर्तन, कूलर, प्लास्टिक की बोतलें, खुली पानी की टंकियां, पुराने टायर और कबाड़ में जमा पानी इसके प्रमुख प्रजनन स्थल हैं. ऐसे सभी स्थानों की नियमित सफाई और जल जमाव खत्म करने पर विशेष जोर दिया गया है.

### प्रजनन स्थलों की पहचान कर नष्ट करने का निर्देश

स्वास्थ्य विभाग ने नगर निगम, नगर परिषद, स्थानीय प्रशासन, एमपीडब्ल्यू सामुदायिक स्वयंसेवकों और सहियाओं के सहयोग से विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं. अभियान के तहत मच्छरों के प्रजनन स्थलों की पहचान कर उन्हें तत्काल नष्ट किया जाएगा. सभी जिलों से विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर राज्य मुख्यालय को भेजने और डेंगू-चिकनगुनिया नियंत्रण गतिविधियों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने को कहा गया है. एडवाइजरी में 'वेक्टर सर्विलांस' को अभियान का अहम हिस्सा बनाया गया है. इसके तहत स्वास्थ्यकर्मी और संबंधित टीमें घर-घर जाकर मच्छरों के लार्वा की तलाश करेंगी और उन्हें नष्ट करेंगी. इसके लिए प्लास्टिक डिपर, प्लास्टिक पाइपेट, लार्वा संग्रह शीशी समेत सभी जरूरी उपकरण उपलब्ध रखने के निर्देश दिए गए हैं. स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से भी सतर्क रहने की अपील की है. विभाग ने कहा है कि घर और आसपास पानी जमा न होने दें, कूलर और पानी के बर्तनों की नियमित सफाई करें, पानी की टंकियों को हमेशा ढककर रखें और बुखार आने पर बिना डॉक्टर की सलाह के दवा लेने के बजाय नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जांच कराएं. विभाग का कहना है कि प्रशासन और आम लोगों की संयुक्त भागीदारी से ही डेंगू और चिकनगुनिया के बढ़ते खतरे पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है.

# हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में योगिनी एकादशी कार्यक्रम संपन्न

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में आज योगिनी एकादशी के अवसर पर प्रातः काल 5 बजे जब मंदिर के पट खुले तब से ही नियमित रूप से दर्शन करने वालों भक्तों के अतिरिक्त एकादशी में दर्शन करने वालों की भारी भीड़ देखने को मिली।प्रातः 5:30 बजे मंगला आरती की गई। कुछ देर बाद मंड के पर्दे लगाकर मंडल के अध्यक्ष गोपाल मुरारका कोषाध्यक्ष मनोज खेतान एवं वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य श्याम सुंदर शर्मा के सानिध्य में बाबा श्री श्याम का प्रातः कालीन अनुपम श्रृंगार किया गया । सुबह से हरमू रोड हारे के सहारे की जय श्याम प्यारे की जय के जयकारो से हरमू रोड गुंजयमान था । भक्त अपने आराध्य देव के आगे अपनी अर्जी लेकर लाइन में लगे हुए थे। हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर की ऐसी मान्यता है कि जो भी इस दरबार में अर्जी लगाते हैं उनकी अर्जियां बाबा जरूर पूर्ण करते हैं । बाबा के दरबार से कभी भी कोई भक्त खाली नहीं लौटा और बाबा श्री श्याम हर एक भक्त की मनोकामना जरूर पूर्ण करते हैं जो बाबा को सच्चे और निस्वार्थ भाव से ध्याते है। प्रातः कालीन श्रृंगार आरती के बाद जय जय जय खाटू के वासी जय जय बाबा श्याम के जयकारा के भजनों से मंदिर परिसर गुंजायमान था। राजीव कुमार प्रियंका प्रियदर्शिनी ने फल सवामणी सेवा अर्पित किया । मंडल के मंत्री विष्णु चौधरी पंकज गाड़ोदिया उपमंत्री प्रवीण सिंघानिया के सानिध्य में भक्तों के लिए प्रसाद फल इत्यादि वितरण किया जा रहा था। एकादशी का मुख्य कार्यक्रम रात्रि 9:30 बजे से प्रारंभ हुआ।

# रांची एयरपोर्ट पर अब इमरजेंसी इलाज की सुविधा मिलेगी, संजय सेठ ने किया मेडिकल रूम का उद्घाटन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**रांची।** रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर यात्रियों की स्वास्थ्य सुरक्षा को और सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गयी है. भगवान महावीर मणिपाल हॉस्पिटल, रांची की ओर से एयरपोर्ट के टर्मिनल भवन में अत्याधुनिक मेडिकल रूम की शुरूआत की गयी, जिसका उद्घाटन केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने किया. इस मेडिकल रूम के माध्यम से यात्रियों, एयरपोर्ट कर्मचारियों और सुरक्षा बलों को आवश्यकता पड़ने पर तत्काल प्राथमिक उपचार, आपातकालीन चिकित्सा सहायता तथा अन्य जरूरी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करायी जायेंगी.

### एयरपोर्ट पर 24X7 आपात चिकित्सा सुविधा

इसके साथ ही टर्मिनल भवन के बाहर वेंटिलेटर और अन्य जीवनरक्षक उपकरणों से लैस अत्याधुनिक एंबुलेंस भी तैनात की गयी है, जो प्रतिदिन सुबह सात बजे से लेकर अंतिम उड़ान के प्रस्थान तक उपलब्ध रहेगी. उद्घाटन के अवसर पर केंद्रीय मंत्री संजय सेठ ने कहा कि रांची एयरपोर्ट से प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्रियों का आवागमन होता है. ऐसे में किसी भी आपात स्थिति में त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होना अत्यंत आवश्यक है. उन्होंने कहा कि यह पहल यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा को नयी मजबूती देगी. वहीं, भगवान महावीर मणिपाल हॉस्पिटल के डायरेक्टर आबिद तौकीर ने कहा कि अस्पताल का उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण, सुलभ और समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है. एयरपोर्ट पर शुरू की गयी यह सुविधा जरूरतमंद यात्रियों को तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने के साथ गंभीर स्थिति में बेहतर इलाज तक शीघ्र पहुंच सुनिश्चित करेगी.

### जमीन मिलते ही एयरपोर्ट विस्तार को मिलेगी रफ्तार : संजय सेठ

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने पत्रकारों से कहा कि एयरपोर्ट विस्तारीकरण में सबसे बड़ी बाधा जमीन का उपलब्ध नहीं होना है. इसके लिए राज्य सरकार गंभीर नहीं है. अगर एयरपोर्ट को जमीन मिल जाती है, तो कैट टू लाइटिंग, रनवे विस्तार, पार्किंग के लिए अधिक जगह उपलब्ध होगी. उन्होंने कहा कि टर्मिनल बिल्डिंग के चेकिंग एरिया का विस्तार किया जा रहा है, जो दिसंबर तक पूरा हो जायेगा.

# रांची समाहरणालय में तीन और लिफ्ट शुरू, डीसी ने किया उद्घाटन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** रांची की बहुमंजिला समाहरणालय में तीन और लिफ्ट शुरू किया गया है. रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने शुक्रवार को ब्लॉक ए में दो और ब्लॉक बी में एक लिफ्ट का उद्घाटन किया. समाहरणालय में इससे पहले पांच नए लिफ्ट चालू किए गए थे. अब तीन नए लिफ्ट चालू होने के कारण इसकी संख्या आठ हो गयी है. डीसी ने कहा कि लिफ्ट होने से लोगों को सुविधा होगी. समाहरणालय के ऊपरी मंजिल पर स्थित कार्यालयों में पहुंचने में लोगों को दिक्कत का सामना नहीं करना पड़ेगा. उन्होंन बताया कि इससे पहले भी समाहरणालय के ब्लॉक ए और बी में पांच लिफ्ट शुरू किये गए हैं. जानकारी के मुताबिक, समाहरणालय में लगे सभी लिफ्ट में कई खूबियां हैं. सभी लिफ्ट अत्याधुनिक तकनीक के हैं. इनमें सेल्फ रेस्क्यू प्रणाली लगाई गई है, जो बिजली कटने पर खुद ही निकटतम फ्लोर पर पहुंच जायेगी और दरवाजा खुल जायेगा, जिससे लोग बाहर आ सकेंगे. तीन लिफ्ट का उद्घाटन करते हुए डीसी ने संबंधित अधिकारियों को इसके नियमित रख-रखाव, सुरक्षा मानकों और सुचारू संचालन पर ध्यान देने का निर्देश दिया। ताकि नागरिकों को निर्बाध और सुरक्षित सुविधा मिल सके. इस मौके पर सदर एसडीओ कुमार रजत, एडीएम धनंजय, विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी मोनी कुमारी, ITDA मनीषा तिर्की, नजारत उप समाहर्ता डॉ. सुदेश कुमार, स्थापना उप समाहर्ता ज्योति वंदना कुजूर, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी बिवेक कुमार सुमन, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा रविशंकर मिश्रा, आदि थे।

# कानून से ऊपर नहीं है आरएमसी : पथ विक्रेताओं का आरोप, स्ट्रीट वेंडर्स एक्ट के उल्लंघन पर आंदोलन की चेतावनी

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**रांची।** रांची नगर निगम द्वारा शहर में चलाए जा रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान को लेकर पथ विक्रेताओं का विरोध तेज हो गया है. इंडियन हॉकर एलायंस और एआईटीयूसी ने शुक्रवार को नगर निगम पर स्ट्रीट वेंडर्स (जीविका संरक्षण एवं सड़क विक्रय विनियमन) अधिनियम, 2014, झारखंड सरकार की पथ विक्रेता नीति और न्यायालय के निर्देशों की अनदेखी करने का आरोप लगाया. संगठनों का कहना है कि नगर निगम कानून का पालन किए बिना गरीब पथ विक्रेताओं की रोजी-रोटी छीन रहा है. प्रदर्शन के दौरान नेताओं ने सवाल उठाया कि क्या रांची नगर निगम कानून से ऊपर है? उनका कहना था कि पिछले कई सप्ताह से शहर के विभिन्न इलाकों में पुलिस बल और निगम की टीम के साथ पथ विक्रेताओं को हटाने की कार्रवाई की जा रही है. आरोप है कि न तो विक्रेताओं को पूर्व सूचना दी जा रही है, न सर्वे कराया गया और न ही वैकल्पिक स्थान उपलब्ध कराया गया. ऐसे में वर्षों से कारोबार कर रहे हजारों छोटे दुकानदारों के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया है. संगठनों ने विशेष रूप से मोरहाबादी के लगभग 40 वर्ष पुराने साप्ताहिक बाजार का मुद्दा उठाया. उनका कहना है कि इस बाजार में बड़ी संख्या में ग्रामीण, किसान और महिला पथ विक्रेता अपनी उपज और सामान बेचकर परिवार का भरण-पोषण करते थे. नगर निगम ने बिना वैकल्पिक व्यवस्था किए बाजार को बंद कर दिया, जिससे सैकड़ों परिवारों की आय प्रभावित हुई है.

आईएचए और एआईटीयूसी के नेताओं ने कहा कि स्ट्रीट वेंडर्स एक्ट, 2014 के अनुसार किसी भी पथ विक्रेता को हटाने से पहले सर्वेक्षण कराया जाना चाहिए, टाउन वेंडिंग कमेटी की प्रक्रिया पूरी होनी चाहिए, पहचान पत्र जारी किए जाने चाहिए और वेंडिंग जोन निर्धारित किए जाने चाहिए. इसके बाद ही किसी तरह की बेदखली की कार्रवाई की जा सकती है. उनका आरोप है कि रांची नगर निगम ने इन कानूनी प्रक्रियाओं का पालन नहीं किया. आईएचए और एआईटीयूसी के नेता संदीप वर्मा ने कहा कि नगर निगम की कार्रवाई गरीबों की आजीविका पर सीधा हमला है. उन्होंने आरोप लगाया कि बिना वैधानिक प्रक्रिया अपनाए पथ विक्रेताओं को हटाया जा रहा है, जो स्ट्रीट वेंडर्स एक्ट के साथ-साथ न्यायालय के निर्देशों का भी उल्लंघन है. वहीं, सीपीआई नेता महेंद्र पाठक ने कहा कि पथ विक्रेता शहर की अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं. सरकार और नगर निगम का दायित्व है कि उन्हें संरक्षण दिया जाए, न कि उनकी आजीविका समाप्त की जाए. उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन ने जल्द ही इस मामले में सकारात्मक पहल नहीं की तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा.

# शिल्पी नेहा तिर्की ने लापुंग में एसआईआर का किया निरीक्षण, बीएलए-2 प्रशिक्षण में हुई शामिल

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** मांडर विधानसभा क्षेत्र की विधायक और राज्य की मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने शुक्रवार को लापुंग प्रखंड के विभिन्न बूथों का भ्रमण कर मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण अभियान के तहत बीएलओ के सहयोग से भरे जा रहे मतदाता गणना प्रपत्र के कार्य का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने कार्य की प्रगति का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. इसके बाद विधायक शिल्पी नेहा तिर्की लापुंग प्रखंड सभागार में आयोजित बीएलए-2 विशेष प्रशिक्षण शिविर में शामिल हुईं. प्रशिक्षण का उद्देश्य मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत गणना प्रपत्रों को शुद्धता एवं स्पष्टता के साथ भरवाने में बीएलओ का प्रभावी सहयोग सुनिश्चित करना था, ताकि कोई भी पात्र मतदाता इस प्रक्रिया से वंचित न रहे. प्रशिक्षण शिविर में उन्होंने सभी बीएलए-2 कार्यकताओं से अपने-अपने बूथ क्षेत्र में सक्रिय रहकर प्रत्येक पात्र नागरिक तक पहुंचने, गणना प्रपत्र भरने की प्रक्रिया को सरल, सटीक एवं त्रुटिरहित बनाने तथा अभियान को सफल बनाने में अपनी भूमिका निभाने का आह्वान किया. उन्होंने प्रखंड अध्यक्षों के माध्यम से प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराने पर भी विशेष बल दिया, ताकि अभियान की नियमित समीक्षा और प्रभावी निगरानी सुनिश्चित की जा सके. मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती हर पात्र नागरिक की भागीदारी से ही संभव है.

# झारखंड में एसआईआर : इन्यूरेशन प्रक्रिया धीमी होने पर चुनाव आयोग पहुंची कांग्रेस, समय सीमा बढ़ाने की मांग

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** राज्य में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत इन दिनों इन्यूमरेशन फॉर्म भरने का कार्य चल रहा है. राज्य के कई जिलों में गणना प्रपत्र वितरण और भरने का काम काफी धीमा चल रहा है. इसको लेकर कांग्रेस ने चिंता जताते हुए चुनाव आयोग से समय सीमा बढ़ाने की मांग की है. कांग्रेस का कहना है कि बीएलओ द्वारा मतदाताओं तक इन्यूमरेशन फॉर्म उपलब्ध कराने में उदासीनता बरती जा रही है. इस कारण इन्म्यूरेशन फार्म जमा होने में देर हो रही है. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय पहुंचे प्रदेश कांग्रेस के मीडिया संयोजक सह महासचिव किशोरनाथ शाहदेव ने संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार से मिलकर ज्ञापन सौंपा. इस दौरान कांग्रेस शिष्टमंडल ने संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से रांची, धनबाद, बोकारो जैसे राज्य के प्रमुख शहरों में इन्म्यूरेशन कार्य धीमा चलने की बात से अवगत कराया और आवश्यक कार्रवाई करने का आग्रह किया.

### चुनाव आयोग को कार्य समय पर पूरा होने का भरोसा

इस मौके पर संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार ने कहा कि शहरी इलाकों में इन्म्यूरेशन कार्य की वास्तविक स्थिति को लेकर आज बैठक भी हुई है और संबंधित जिलों को इस संबंध में आवश्यक निर्देश भी दिए गए हैं. उन्होंने कहा कि इन्म्यूरेशन का कार्य राज्य में 29 जुलाई तक चलेगा और अभी काफी समय है. ऐसे में सभी मतदाताओं के पास इन्म्यूरेशन फॉर्म पहुंच जाएगा और उनका फॉर्म जमा करा लिया जाएगा. फिलहाल इसके लिए अभी तारीख बढ़ाने की बात करना उचित नहीं है.

### कांग्रेस ने की फॉर्म भरने की तिथि बढ़ाने की मांग

इधर, कांग्रेस के मीडिया संयोजक किशोरनाथ शाहदेव ने कहा कि जिस तरह के आंकड़े सामने आ रहे हैं कि रांची, बोकारो और धनबाद जैसे शहरों में इन्म्यूरेशन का कार्य काफी धीमा है. ऐसे में निर्धारित 29 जुलाई की तिथि को बढ़कर सभी मतदाताओं को अवसर मिले इसका प्रयास होना चाहिए. वहीं कांग्रेस नेता सूर्यकांत शुक्ला ने कहा कि अभी भी 89 लाख मतदाताओं को इन्म्यूरेशन फॉर्म नहीं मिला है. उन्हें अब फॉर्म मिलेगा, वह कब भरेंगे और उसके बाद डिजिटाइजेशन का काम होगा. ऐसे में समय काफी नजदीक है और सभी मतदाताओं का इन्म्यूरेशन फॉर्म भरा जाना चूंकि आवश्यक है, इसलिए समय सीमा को बढ़ाया जाना चाहिए. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने शुक्रवार को जूम मीट के माध्यम से सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी, ईआरओ, एईआरओ, उप निर्वाचन पदाधिकारी, कंप्यूटर ऑपरेटर और बीएलओ सुपरवाईजर के साथ समीक्षा बैठक की.

# रांची-जमशेदपुर फोरलेन की मरम्मत नहीं हुई तो 10 दिनों में बुंडू टोल प्लाजा बंद कराएंगे : राजकिशोर कुशवाहा

## एनएच-33 के गड्ढों पर एनएचएआई को चेतावनी, हादसा हुआ तो अधिकारियों पर होगी एफआईआर

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**तमाड़।** रांची-जमशेदपुर फोरलेन की जर्जर स्थिति और बढ़ते सड़क हादसों को लेकर आजसू पार्टी के रांची जिला वरीय उपाध्यक्ष राजकिशोर कुशवाहा ने एनएचएआई के परियोजना निदेशक एवं रीजनल कार्यालय, रांची को पत्र सौंपकर अविलंब सड़क मरम्मत की मांग की है। उन्होंने कहा कि बरसात के कारण सड़क पर बने बड़े-बड़े गड्ढों में जलजमाव हो रहा है, जिससे वाहन चालकों, विशेषकर दोपहिया सवारों के लिए दुर्घटना का खतरा लगातार बढ़ गया है। इसके बावजूद टोल टैक्स वसूला जा रहा है, लेकिन सड़क की मरम्मत नहीं कराई जा रही है। राजकिशोर कुशवाहा ने कहा कि सुरक्षित और सुगम यात्रा के नाम पर जनता से टोल टैक्स लिया जाता है, लेकिन सड़क की बदहाल स्थिति एनएचएआई और टोल प्रबंधन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े करती है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि 10 दिनों के भीतर सड़क के जानलेवा गड्ढों की स्थायी मरम्मत शुरू नहीं हुई तो आम जनता के सहयोग से बुंडू टोल प्लाजा पर टोल टैक्स वसूली बंद कराई जाएगी। साथ ही कहा कि भविष्य में गड्ढों के कारण किसी की मौत होने पर संबंधित एनएचएआई अधिकारियों और टोल प्रबंधन के खिलाफ आपराधिक लापरवाही के तहत एफआईआर दर्ज कराने की पहल की जाएगी। उन्होंने विभाग से जनहित में तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

# जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी की अध्यक्षता में मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**साहिबगंज।** जिले के प्रत्येक बच्चे को सुरक्षित, संरक्षित एवं सम्मानजनक वातावरण उपलब्ध कराने तथा बाल संरक्षण सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से आज जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, साहेबगंज की अध्यक्षता में जिला बाल संरक्षण इकाई कार्यालय में मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई।बैठक में जिला बाल संरक्षण इकाई, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य, चाइल्ड हेल्पलाइन (डीसीपीयू एवं रेलवे), सामाजिक कार्यकर्ता, बाल गृह, जिला समन्वयक C3, PCI तथा अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।बैठक के दौरान बाल संरक्षण से संबंधित विभिन्न बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी ने सभी संबंधित इकाइयों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए प्रत्येक जरूरतमंद एवं पात्र बच्चे तक सरकारी योजनाओं का लाभ समयबद्ध एवं प्रभावी रूप से पहुँचाने के निर्देश दिए।उन्होंने रेलवे चाइल्ड हेल्पलाइन, साहेबगंज के कर्मियों को बरहरवा रेलवे स्टेशन पर नियमित रूप से ड्यूटी करते हुए बच्चों की सुरक्षा एवं संरक्षण से जुड़े मामलों पर विशेष सतर्कता एवं निगरानी बनाए रखने का निर्देश दिया। साथ ही यह सुनिश्चित करने को कहा कि चाइल्ड हेल्पलाइन द्वारा बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किए जाने वाले प्रत्येक मामले के साथ परामर्श (काउंसलिंग) पत्र अनिवार्य रूप से संलग्न किया जाए।बैठक में चाइल्ड हेल्पलाइन के सभी कर्मियों को उनके कार्य, दायित्व एवं उत्तरदायित्वों की विस्तार से जानकारी देते हुए बच्चों के सर्वोत्तम हित को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करते हुए संवेदनशीलता, तत्परता एवं मानवीय दृष्टिकोण के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए।प्रायोजन योजना की समीक्षा के दौरान संरक्षण पदाधिकारी (गैर संस्थागत देखरेख), साहेबगंज को योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने तथा अधिक से अधिक पात्र बच्चों को योजना से जोड़ने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। बैठक में बताया गया कि प्रायोजन योजना की लाभ अवधि तीन वर्ष की होती है। इस योजना के प्रति आमजन में व्यापक जागरूकता फैलाने, पात्र बालक एवं बालिकाओं की पहचान कर आवश्यक दस्तावेज तैयार करने तथा बाल कल्याण समिति के माध्यम से उन्हें योजना का लाभ दिलाने हेतु विशेष अभियान चलाने पर बल दिया गया। इसके अतिरिक्त सभी चाइल्ड हेल्पलाइन कर्मियों, सामाजिक कार्यकताओं, जिला बाल संरक्षण इकाई एवं बालक बाल गृह के संबंधित कर्मियों को अपने-अपने मामलों की विस्तृत केस स्टडी तैयार करने, अभिलेखों का नियमित एवं व्यवस्थित संधारण करने तथा प्रत्येक प्रकरण की सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।बैठक के अंत में जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी ने कहा कि बाल संरक्षण केवल एक प्रशासनिक दायित्व नहीं, बल्कि समाज के प्रति हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। सभी संबंधित विभाग एवं संस्थाएं आपसी समन्वय, संवेदनशीलता एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें, ताकि जिले का कोई भी पात्र बच्चा संरक्षण, शिक्षा, पुनर्वास एवं सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मियों से बाल हित सर्वोपरि की भावना के साथ कार्य करते हुए बाल संरक्षण तंत्र को और अधिक सशक्त एवं जन-केंद्रित बनाने का आह्वान किया।

## तीनपहाड़ पानी सप्लाई टंकी परिसर में लगा 63 केवी ट्रांसफार्मर जलने से पेयजल हुआ बाधित

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**तीनपहाड़/साहिबगंज।** तीनपहाड़ हाई स्कूल के समीप स्थित पानी टंकी परिसर में लगा ट्रांसफार्मर जल जाने से लोगो को पानी के लिए काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा हैं।और लोग पानी के लिए इधर उधर भटकते देखे जा रहे है।मिली जानकारी के अनुसार बीते गुरुवार रात्रि टंकी परिसर में लगा एकमात्र ट्रांसफार्मर जल गया जिस वजह से पानी टंकी पर आश्रित लगभग 500 से भी अधिक परिवारों को पानी के लिए इस समय जूझना पड़ रहा है।इधर ट्रांसफार्मर जलने ओर लोगों को पानी बंद होने की सूचना जेएमएम प्रखंड उपाध्यक्ष तीनपहाड़ निवासी मुर्शीद राजा को दी गई इसके बाद मुर्शिद राजा ने मामले को गंभीरता पूर्वक लेते हुए फौरन दूरभाष पर राजमल विधायक प्रतिनिधि मो मारूफ उर्फ गुड्डू को पेयजल के लिए मचे हाहाकार की जानकारी दी।जिसके बाद विधायक प्रतिनिधि मो मारूफ ने तीनपहाड़ वासियों की पेयजल की समस्या को तत्काल ही पेयजल विभाग ओर विघुत विभाग के अधिकारियों को सारी समस्याओं से अवगत करवाया और जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान करने का आग्रह किया।जिसके बाद अधिकारियों ने आश्वासन देते हुए कहा कि जल्द ही विघुत कर्मियों को भेज कर ट्रांसफार्मर की जांच करवा कर साहिबगंज भेजा जाएगा,अगर उक्त ट्रांसफार्मर बना तो ठीक नहीं तो नया ट्रांसफार्मर लगवा दिया जाएगा।

## बरहरवा-पाकुड़ मुख्य सड़क पर गिरा विशाल सूखा पीपल का पेड़, घंटों बाधित रहा आवागमन, टला बड़ा हादसा

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**बरहरवा/साहिबगंज।** बरहरवा नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड संख्या-14 स्थित लबदा के असमला पोखर के समीप बरहरवा-पाकुड़ मुख्य सड़क पर शुक्रवार को वर्षों से सूखी अवस्था में खड़ा एक विशाल पीपल का पेड़ अचानक भरभराकर सड़क पर गिर पड़ा। संयोगवश घटना के समय पेड़ की चपेट में कोई राहगीर या वाहन नहीं आया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया और किसी प्रकार की जान - माल की क्षति नहीं हुई। स्थानीय लोगों के अनुसार उक्त पीपल का पेड़ लंबे समय से पूरी तरह सूख चुका था और उसके कभी भी गिरने की आशंका बनी हुई थी। इसके बावजूद संबंधित विभाग द्वारा पेड़ को हटाने के लिए कोई ठोस पहल नहीं की गई। अचानक पेड़ गिरने से आसपास के लोगों में कुछ देर के लिए अफरा - तफरी का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि घटना के समय बरहरवा-पाकुड़ मुख्य सड़क पर वाहनों और राहगीरों की आवाजाही जारी थी। गनीमत रही कि पेड़ गिरते समय कोई व्यक्ति या वाहन उसकी चपेट में नहीं आया। लोगों का कहना है कि यदि पेड़ कुछ मिनट पहले या बाद में गिरता, तो बड़ा हादसा हो सकता था। पेड़ गिरने के कारण बरहरवा-पाकुड़ मुख्य सड़क पर कई घंटों तक यातायात पूरी तरह बाधित रहा। सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। बाद में स्थानीय लोगों एवं संबंधित विभाग के प्रयास से पेड़ हटाने का कार्य शुरू किया गया, जिसके बाद आवागमन सामान्य हो सका। घटना के बाद स्थानीय नागरिकों ने नगर पंचायत और संबंधित विभाग से मांग की है कि बरहरवा-पाकुड़ मुख्य सड़क सहित अन्य क्षेत्रों में वर्षों से सूखे और जर्जर हो चुके पेड़ों की पहचान कर उन्हें अविलंब हटाया जाए, ताकि भविष्य में किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस घटना ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि सूखे एवं खतरनाक पेड़ों को समय रहते हटाने की दिशा में प्रशासन को गंभीरता से कदम उठाने की आवश्यकता है।

# सड़क पर बैठे पशु बन रहे मौत का कारण, प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।





**राजमहल की सड़कों पर पशुओं का कब्जा, बढ़ रहा हादसों का खतरा**

**राजमहल/साहिबगंज।** राजमहल से साहिबगंज मुख्यालय और राजमहल से बरहरवा को जोड़ने वाली मुख्य सड़कों पर इन दिनों पशुओं का कब्जा हो गया है। गाय, बैल, बकरी और कुत्तों का झुंड सड़क के बीचो-बीच डेरा डाले रहता है। पशु मालिकों की घोर लापरवाही के कारण ये सड़कें हादसों का सबब बनती जा रही हैं।

**दिन-रात लगा रहता है पशुओं का जमावड़ा**

सुबह से लेकर देर रात तक इन दोनों व्यस्त मार्गों पर पालतू पशु बेखौफ बैठे-बैठे जुगाली करते नजर आते हैं। वाहन चालक चाहे जितना हॉर्न बजाएं, पशु टस से मस नहीं होते। स्थानीय लोगों का कहना है कि सबसे हैरानी की बात यह है कि सड़क किनारे रहने वाले पशु मालिक भी घरों के बाहर बैठकर तमाशा देखते रहते हैं। न वे पशुओं को हटाते हैं, न ही किसी दुर्घटना की परवाह करते हैं।

**छोटी सी चूक, बड़ी सजा**

सूत्रों के अनुसार इस लापरवाही के चलते अब तक कई बड़े हादसे हो चुके हैं। अगर किसी तेज रफ्तार वाहन से अनजाने में पशु को टक्कर लग जाए तो चालक की मुश्किलें और बढ़ जाती हैं। गुस्साए ग्रामीण मौके पर जमा होकर चालक के साथ मारपीट तक कर देते हैं। कई बार चालकों को अपनी जान बचाकर भागना पड़ता है। पशु को बचाने के चक्कर में खुद वाहन पलट जाने और सवारों के घायल होने की घटनाएं भी आम हैं।ग्रामीणों का आरोप है कि हर साल इन सड़कों पर पशुओं की वजह से दर्जनों लोग घायल होते हैं और कुछ की जान भी चली जाती है। लेकिन प्रशासन और पशु मालिक दोनों इस समस्या को लेकर गंभीर नहीं दिख रहे।

**प्रशासन से कार्रवाई की मांग**

स्थानीय सामाजिक कार्यकताओं और वाहन चालकों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि सड़कों पर आवारा और पालतू पशुओं के बैठने पर सख्ती से रोक लगाई जाए। पशु मालिकों पर जुमार्ना लगाने और सड़कों के किनारे चेतावनी बोर्ड लगाने की भी मांग उठी है।इस मार्ग से गुजरने वाले लोगों से अपील है कि वे विशेकर सुबह, शाम और रात में बेहद सावधानी से वाहन चलाएं, क्योंकि एक छोटी सी लापरवाही जान पर भारी पड़ सकती है।

## तीनपहाड़ सुभाष चौक पर सड़क सुरक्षा को लेकर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया



झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**तीनपहाड़/साहिबगंज।** तीनपहाड़ सुभाष चौक के समीप सड़क सुरक्षा को लेकर शुक्रवार को परिवहन पदाधिकारी साहेबगंज और तीनपहाड़ थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से सघन वाहन जांच अभियान चलाया।जांच अभियान के दौरान दोपहिया,तीन पहिया एवं चार पहिया वाहनों को रोक रोक कर उनके दस्तावेज सहित ड्राइविंग लाइसेंस आदि की जांच की गई।वही मौके पर मौजूद अधिकारियों ने बताया कि विभाग के निर्देश पर वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है।यह जांच अभियान समय समय पर चलाया जाता है क्योंकि आए दिन वाहन चालक सड़क सुरक्षा नियमों की अनदेखी करते है जिस वजह से आए दिन बड़ी बड़ी दुर्घटनाए घटित होती नजर आ रही है,इसीलिए भविष्य में होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम को लेकर प्रशासन सजग है और समय समय पर मुख्य मार्ग पर जांच अभियान चला कर लोगों को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है।जिसमें नियमों की अनदेखी करने वाले वैसे चालकों से लगभग 55000 का जुमार्ना लगाया गया।मौके पर थाना के एस आई शाहिद अहमद खान,रोड सेफ्टी इंजिनियर अनुज परासर सहित अन्य मौजूद थे।

# आईआईटी-आईएसएम धनबाद की पहल: आदिवासी विद्यार्थियों को मिल रही आधुनिक डिजिटल तकनीक की ट्रेनिंग

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**धनबाद:** डिजिटल शिक्षा और तकनीकी दक्षता को बढ़ावा देने की दिशा में आईआईटी आईएसएम धनबाद ने एक और महत्वपूर्ण पहल की है. संस्थान के मैनेजमेंट स्टडीज एवं इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग विभाग ने जनजातीय कार्य मंत्रालय (MoTA), भारत सरकार के सहयोग से संचालित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर ट्राइबल वेलफेयर (CoE) के तहत 9 और 10 जुलाई को झारखंड के तीन एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल (EMRS) में दो दिवसीय आईटी एवं कंप्यूटर स्किल्स प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया.इस प्रशिक्षण शिविर में ईएमआरएस तमाड़ (रांची), बसिया (गुमला) और कुजरा (लोहरदगा) के कक्षा 10 से 12 तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया. उन्हें पायथन प्रोग्रामिंग, एडवांस एक्सेल सहित विभिन्न आधुनिक डिजिटल टूल्स का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया.इस प्रशिक्षण के दौरान लाइव डेमो, हैंड्स-ऑन प्रैक्टिकल, केस स्टडी आधारित अभ्यास और इंटरएक्टिव सत्रों के माध्यम से विद्यार्थियों को तकनीक के वास्तविक उपयोग की जानकारी दी गई. दूसरे दिन प्रतिभागियों ने प्रोजेक्ट आधारित गतिविधियों और प्रैक्टिकल अभ्यास के जरिए अपनी सीखी हुई तकनीकों का प्रदर्शन भी किया.बता दें कि एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल जनजातीय कार्य मंत्रालय की एक महत्वाकांक्षी योजना है. जिसका उद्देश्य दूरस्थ आदिवासी क्षेत्रों के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण आवासीय शिक्षा उपलब्ध कराना तथा उन्हें उच्च शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं और रोजगार के बेहतर अवसरों के लिए तैयार करना है.मैनेजमेंट स्टडीज एवं इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग विभाग की प्रो. रश्मि सिंह ने कहा कि संस्थान का प्रयास है कि जनजातीय छात्र आधुनिक डिजिटल तकनीकों में दक्ष बनें. जिससे वे भविष्य की शिक्षा और रोजगार की बदलती आवश्यकताओं के अनुरूप स्वयं को तैयार कर सकें. वहीं विभाग के प्रो. निलाद्रि दास ने कहा कि व्यावहारिक प्रशिक्षण से विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ता है और वे तकनीकी अवधारणाओं को बेहतर तरीके से समझ पाते हैं.आईआईटी आईएसएम धनबाद में स्थापित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर ट्राइबल वेलफेयर के माध्यम से तकनीक आधारित शिक्षा, कौशल विकास और डिजिटल समावेशन को बढ़ावा दिया जा रहा है. जुलाई 2024 से संचालित इस कार्यक्रम के अंतर्गत झारखंड के सात एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूलों के 200 से अधिक छात्र-छात्राओं को उद्योग की जरूरतों के अनुरूप डिजिटल कौशल का प्रशिक्षण दिया जा चुका है.

## साहिबगंज के रेल विकास को लेकर सक्रिय हुए जदयू नेता सुनील सिन्हा, जल्द करेंगे रेल मंत्री से मुलाकात

**साहिबगंज।** जनता दल (यूनाइटेड) के नेता सुनील सिन्हा ने साहिबगंज में रेल सुविधाओं के विस्तार और लंबित रेल परियोजनाओं को गति देने की दिशा में पहल तेज कर दी है। इसी क्रम में उन्होंने हाल ही में मालदा रेल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) से मुलाकात कर जिले से जुड़े विभिन्न रेल विकास संबंधी मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की।मुलाकात के दौरान सुनील सिन्हा ने साहिबगंज में यात्री सुविधाओं के विस्तार, रेलवे अधोसंरचना के विकास तथा लंबित परियोजनाओं को शीघ्र पूरा कराने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि डीआरएम के साथ हुई वार्ता सकारात्मक रही और रेल विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक चर्चा हुई।सुनील सिन्हा ने बताया कि वे एक-दो दिनों के भीतर नई दिल्ली रवाना होंगे, जहां केंद्रीय रेल मंत्री से मुलाकात कर साहिबगंज की रेल संबंधी समस्याओं और विकास योजनाओं को प्रमुखता से उठाएंगे। उन्होंने कहा कि साहिबगंज एक महत्वपूर्ण रेल क्षेत्र है और यहां के यात्रियों को आधुनिक एवं बेहतर रेल सुविधाएं मिलनी चाहिए।उन्होंने विश्वास जताया कि रेल मंत्री से प्रस्तावित मुलाकात के बाद साहिबगंज की रेल विकास योजनाओं को नई गति मिलेगी और यात्रियों की सुविधाओं में सुधार के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य साहिबगंज को आधुनिक रेल सुविधाओं से जोड़कर क्षेत्र के समग्र विकास को आगे बढ़ाना है।

## नाढ़ी दियारा दुग्ध उत्पादक सहयोग समिति किसानों को करेगी लाभांश राशि का भुगतान



**साहिबगंज।** नाढ़ी दियारा दुग्ध उत्पादक सहयोग समिति लिमिटेड एक महत्वपूर्ण उपलब्धि की ओर अग्रसर है। समिति अपने किसान सदस्यों को वर्ष 2023 से 2025 तक की लाभांश राशि का भुगतान करने जा रही है। समिति के अनुसार, ऐसा करने वाली यह पूरे झारखंड की पहली पंजीकृत दुग्ध उत्पादक सहयोग समिति होगी।लाभांश राशि के भुगतान के लिए सहकारिता पदाधिकारी द्वारा नियमानुसार बोनस बनाने की मंजूरी प्रदान की गई है। इसके बाद समिति के सचिव स्वराज कुमार ने भुगतान की आगे की प्रक्रिया के लिए को-ऑपरेटिव बैंक को आवेदन दिया है।किसान सदस्यों को लाभांश राशि का भुगतान करने का निर्णय समिति की वार्षिक आम सभा में लिया गया था। यह बैठक समिति के अध्यक्ष देवेश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित हुई थी, जिसमें नियमानुसार लाभांश भुगतान के प्रस्ताव पर निर्णय लिया गया।समिति का यह प्रयास दुग्ध उत्पादन से जुड़े किसान सदस्यों को आर्थिक लाभ पहुंचाने और सहकारिता व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इससे किसानों में सहकारी समितियों के प्रति विश्वास बढ़ेगा और दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में कार्य कर रहे किसानों को प्रोत्साहन मिलेगा।

## संताल हूल क्विज प्रतियोगिता में कृष्णा बने विजेता, मॉडल कॉलेज राजमहल के छात्र ने जिले का बढ़ाया मान



**राजमहल/साहिबगंज।** मॉडल कॉलेज राजमहल के छात्र कृष्णा ने संताल हूल, आदिवासी दिवस एवं संताली साहित्य दिवस पर आयोजित लिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर साहिबगंज जिले का गौरव बढ़ाया है। इस उपलब्धि से महाविद्यालय में खुशी और उत्साह का माहौल है।संताल लाहान्ती बाइसी, दुमका द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में मॉडल कॉलेज राजमहल के कुल 94 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में कृष्णा ने 73 अंक प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया। वहीं दीपक कुमार दूसरे तथा रॉकी कुमार साह तीसरे स्थान पर रहे। दुमका में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में विजेता कृष्णा को अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह तथा 3,000 रुपये की नगद पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में संताल हूल के इतिहास, आदिवासी संस्कृति, संताली साहित्य एवं सामाजिक चेतना के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। इस अवसर पर मॉडल कॉलेज राजमहल के प्राचार्य डॉ. रणजीत कुमार सिंह ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए विजेता कृष्णा को विशेष बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में इतिहास, संस्कृति, साहित्य एवं सामान्य ज्ञान के प्रति रुचि विकसित करने के साथ-साथ उनकी बौद्धिक क्षमता को भी बढ़ाती हैं। उन्होंने सफल आयोजन के लिए संताल लाहान्ती बाइसी, दुमका के प्रति आभार भी व्यक्त किया।

## उधवा में एसआईआर को लेकर प्रखंड कर्मियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण, मतदाता सूची शुद्ध करने पर दिया गया जोर



**उधवा/साहिबगंज।** प्रखंड सभागार कक्ष में शुक्रवार को एसआईआर को लेकर प्रखंड कर्मियों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान निर्वाचन नोडल उदय कुमार मंडल ने एसआईआर से संबंधित विभिन्न कोषांगों के पदाधिकारी एवं प्रखंड कर्मियों को उनके दायित्वों और जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एसआईआर एक महत्वपूर्ण कार्य है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची को शुद्ध और त्रुटिरहित बनाना ही हमारा लक्ष्य है। साथ ही उन्होंने कहा कि किसी भी हाल में योग्य मतदाता छूटना नहीं चाहिए। सभी कर्मी पूरी निष्ठा और पारदर्शिता के साथ कार्य करें। प्रशिक्षण के दौरान एसआईआर गणना प्रपत्र को सही तरीके से भरने की प्रक्रिया को विस्तारपूर्वक बताई गई। साथ ही डाटा एंट्री कैसे की जाए,इसको लेकर लाइव डेमो भी दिखाया गया। उन्होंने कहा कि गलत डाटा एंट्री या लापरवाही पाएं जाने पर संबंधित कर्मी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मौके पर प्रभारी प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी संतोष कुमार सुमन,बीपीओ प्रियरंजन कुमार,सत्यप्रकाश,प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक हारून रशीद,जनसेवक अब्दुस सलाम,कनीय अभियंता दिलीप साह,मनोज मंडल,नवनीत झा,बाबूधन हेंब्रम,मनीष यादव,देवाशीष साहा,अभिलेश मुर्मू,हीरा साहा,अमृत मंडल, मोहम्मद अकरम,रौशन भगत,सुमन कुमारी सहित अन्य मौजूद थे।

# कल्याण विभाग की योजनाओं की व्यापक समीक्षा, बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**आवासीय विद्यालयों को मॉडल संस्थान के रूप में विकसित करने की दिशा में तेज होगी पहलः उपायुक्त**



**पाकुड़** : उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय में कल्याण विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं आवासीय विद्यालयों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को योजनाओं का प्रभावी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का वास्तविक लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी स्तर पर शिथिलता स्वीकार्य नहीं होगी।समीक्षा के दौरान लिट्टीपाड़ा प्रखंड स्थित कुंजबोना आवासीय विद्यालय, हिरणपुर आवासीय विद्यालय तथा डुमरचीर आवासीय विद्यालय में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। उपायुक्त ने प्रखंड कल्याण पदाधिकारी से विद्यालयों की आवश्यकताओं एवं उपलब्ध संसाधनों की जानकारी प्राप्त की।बैठक में बताया गया कि विद्यालयों में विद्युत व्यवस्था, सोलर लाइट, हाई मास्क लाइट, फुटबॉल मैदान, बंक बेड, सुसज्जित रसोईघर, शौचालय, डाइनिंग हॉल, बाउंड्री वॉल की मरम्मत, इनवर्टर, आरओ पेयजल प्रणाली तथा बेंच-डेस्क सहित अन्य आधारभूत सुविधाओं की आवश्यकता है।उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने कहा कि आवासीय विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ सुरक्षित एवं बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाओं को चरणबद्ध तरीके से विकसित किया जाए, ताकि विद्यार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि जिले के सभी आवासीय विद्यालयों को मॉडल आवासीय विद्यालय के रूप में विकसित करने की दिशा में योजनाबद्ध ढंग से कार्य किया जाएगा। साथ ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षण व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से घंटी आधारित शिक्षकों की नियुक्ति की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए जिला कल्याण पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने अधिकारियों से कहा कि शिक्षा, आधारभूत संरचना एवं छात्र कल्याण से जुड़े सभी कार्यों की नियमित निगरानी की जाए तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि सरकार की मंशा के अनुरूप विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। बैठक में परियोजना निदेशक, आईटीडीए सह जिला कल्याण पदाधिकारी अरुण कुमार एक्का, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी सहित संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर में त्रिदिवसीय संकुल स्तरीय शिशु वाटिका कार्यशाला का शुभारंभ

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**लोहरदगा।** विद्या भारती योजना के अंतर्गत छोटे बच्चों के सर्वांगीण विकास तथा शिक्षण पद्धति में नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर, लोहरदगा में तीन दिवसीय संकुल स्तरीय शिशु वाटिका कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। कार्यशाला में जॉयफुल लर्निंग, क्रिएटिविटी और बैगलेस एजुकेशन जैसे विषयों पर आचार्यों को विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों ने माँ शारदे, ॐ एवं भारत माता के चित्र पर पुष्पार्चन और दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष डॉ. शशिधर लाल अग्रवाल, सचिव अजय प्रसाद, संकुल प्रमुख संजीव कुमार झा, वनवासी कल्याण आश्रम के सदस्य सुमन राय, कनक लता, गुमला विभाग की शिशु वाटिका प्रमुख सुनीता कुमारी तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे उपस्थित रहे। अतिथियों का परिचय पिंकी दीदी ने कराया, जबकि कार्यशाला की प्रस्तावना संकुल प्रमुख संजीव कुमार झा ने प्रस्तुत की। विशेषज्ञों ने कहा कि बदलते समय में बच्चों को केवल रटने वाली शिक्षा तक सीमित नहीं रखा जा सकता। उन्हें आनंददायक, रचनात्मक और अनुभव आधारित शिक्षण से जोड़ना आवश्यक है। इसके लिए शिक्षकों का समय-समय पर स्वयं को नई शिक्षण तकनीकों के अनुरूप प्रशिक्षित करना भी जरूरी है। कार्यशाला में इस बात पर विशेष बल दिया गया कि बच्चे कक्षा में तनावमुक्त वातावरण में हँसते-खेलते सीखें, उनकी कल्पनाशीलता और सृजनात्मक क्षमता का विकास हो तथा भारी स्कूल बैग के बोझ को कम करते हुए अनुभवात्मक एवं व्यवहारिक शिक्षा को बढ़ावा दिया जाए। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे ने कहा कि यह तीन दिवसीय कार्यशाला केवल प्रशिक्षण कार्यक्रम नहीं, बल्कि बच्चों के समग्र विकास का एक प्रभावी रोडमैप है। इसके माध्यम से आचार्यों को आधुनिक शिक्षण कौशलों से परिचित कराया जा रहा है, ताकि वे उन्हें अपनी कक्षाओं में प्रभावी ढंग से लागू कर सकें।

## किस्को पुलिस और मानव ज्योत भुज संस्था की सराहनीय पहल, 5 वर्षों बाद बहन से मिला लापता भाई

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**लोहरदगा।** मानव ज्योत भुज (गुजरात) संस्था और किस्को थाना की संयुक्त पहल से पांच वर्षों से लापता युवक का अपने परिवार से मिलन हो गया। यह भावुक मिलन गुरुवार को गुजरात में हुआ, जहां युवक की बहन पहुंचकर उसे अपने साथ घर लेकर रवाना हुई। जानकारी के अनुसार लोहरदगा जिले के किस्को थाना क्षेत्र अंतर्गत कोचा गांव निवासी 35 वर्षीय सूरज तुरी पिता स्वर्गीय बहादुर तुरी, करीब पांच वर्ष पूर्व रोजगार की तलाश में गुजरात गया था। वहां भटक जाने के कारण वह लापता हो गया। परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिलने पर उसकी वापसी की उम्मीद लगभग छोड़ दी थी।इसी बीच 1 जुलाई 2026 को मानव ज्योत भुज (गुजरात) संस्था की रितु वर्मा एवं प्रभोद भाई मुंबर अपने विरंग गांव अपना आश्रम के निरीक्षण के दौरान सूरज तुरी से मिले। युवक की मानसिक स्थिति पूरी तरह सामान्य नहीं होने के कारण वह अपने घर का सही पता नहीं बता पा रहा था। संस्था के सदस्यों ने कई दिनों तक प्रयास कर उससे मिली सीमित जानकारी के आधार पर लोहरदगा के किस्को थाना प्रभारी मानस कुमार साधु से संपर्क किया। थाना प्रभारी ने तत्परता दिखाते हुए कोचा गांव में युवक के परिजनों की तलाश कर उसकी बहन सूरजमुनी कुमारी का पता लगाया। इसके बाद संस्था, पुलिस और परिजनों के बीच वीडियो कॉल के माध्यम से पहचान की पुष्टि कराई गई। पहचान सुनिश्चित होने के बाद गुरुवार को सूरजमुनी कुमारी गुजरात पहुंचीं, जहां मानव ज्योत भुज संस्था ने सभी औपचारिकताएं पूरी कर सूरज तुरी को उनकी बहन के सुपुर्द कर दिया। पांच वर्ष बाद भाई-बहन के मिलन का भावुक दृश्य देखकर वहां मौजूद लोगों की आंखें नम हो गईं।परिजनों ने मानव ज्योत भुज संस्था, रितु वर्मा, प्रभोद भाई मुंबर तथा किस्को थाना प्रभारी मानस कुमार साधु का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से वर्षों बाद परिवार को अपना बिछड़ा सदस्य वापस मिल सका। यह पहल मानवता और पुलिस-जन सहयोग का एक प्रेरणादायक उदाहरण बन गई है।

## ट्रैक्टर के चपेट में आने से गाय के बच्चे की मौत



**लोहरदगाः** सड़क दुर्घटना में मनुष्य तो भुक्तभोगी हो ही रहें है पालतू मवेशी भी सड़क हादसे का शिकार हो रहा है। ऐसा ही एक मामला लोहरदगा जिले के सेन्हा थाना क्षेत्र के चितरी डांडू पंचायत अंतर्गत महुआटोली से सामने आया। बताया जाता है कि अज्ञात ट्रैक्टर चालक द्वारा लापरवाही व तेज रफ्तार के साथ वाहन चलाते हुए बक्सीडीपा की ओर से चितरी डांडू की जा रहा था। इसी दौरान महुआ टोली के समीप एक गाय के बछड़े को अपने चपेट में ले लिया जिससे घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई। इस संदर्भ में प्रत्यक्ष दर्शियों का कहना है कि चितरी डांडू कोयल नदी से अवैध बालू की ढुलाई के लिए ट्रैक्टर चालक लापरवाही के साथ तेज रफ्तार से वाहन चलाते हैं। जिसके कारण छोटी बड़ी घटनाएं होती रहती है। साथ ही ग्रामीणों ने बताया कि बालू माफियाओं द्वारा कोयल नदी से अवैध बालू ढुलाई के लिए रात भर ट्रैक्टर चलाया जाता है। शुक्रवार को सुबह महुआटोली निवासी अनूप उरांव सुबह करीब 7 बजे अपना मवेशी को चराने के लिए घर से निकाल कर खेत की ओर ले जा रहा था। उसी दौरान बालू खाली कर बिना नम्बर का स्वराज ट्रैक्टर को चालक लापरवाही से तेज गति के साथ चलाते हुए बक्सीडीपा की तरफ से चितरी डांडू की ओर जा रहा था। जो अनूप उरांव की गाय के बछड़े को रौंदते हुए चितरी डांडू के तरफ भाग गया। सड़क हादसे में दुधारू गाय के बछड़े के मरने से गया दूध देना फिलहाल बंद कर दिया जिससे किसान को आर्थिक नुकसान हुआ है।

## ड्रोन निगरानी और पुख्ता सुरक्षा इंतजामों के साथ होगा मेले का आयोजन



**भंडरा (लोहरदगा)**भंडरा थाना परिसर में आगामी मेले की सुरक्षा और विधि-व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु डीएसपी समीर तिर्की की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मेला क्षेत्र में सुरक्षा के कड़े प्रबंध करने पर सहमति बनी। मेले के दौरान भीड़ नियंत्रण के लिए ड्रोन कैमरे से निगरानी, महत्वपूर्ण स्थानों पर बैरिकेडिंग, चलंत शौचालय, एंबुलेंस और अग्निशमन सेवा की मुस्तैदी सुनिश्चित की जाएगी।

**प्रशासन और समाजसेवियों की प्रतिबद्धताः** डीएसपी समीर तिर्की, सीओ दुर्गा कुमार, इंस्पेक्टर पुष्पलता और थाना प्रभारी मनोज कुमार ने स्पष्ट किया कि सुरक्षा में कोई कोताही नहीं बरती जाएगी। वहीं, ईश्वरी मोहन शर्मा, आफताब आलम, किशोरी मोहन शर्मा और रामकिशोर साहू किसा ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का भरोसा दिया। बैठक में मुखिया सुमंती तिग्गा, एसआई रविकांत गुप्ता, शाकिर अली, एएसआई संतोष राय सहित बड़ी संख्या में प्रबुद्ध नागरिक और स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# प्रखंड स्तरीय नवशिक्षु चालक अनुज्ञप्ति शिविर में उमड़ी लोगों की भागीदारी, 43 आवेदकों को मिला लर्नर लाइसेंस; सड़क सुरक्षा के प्रति भी किया गया जागरूक

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**पाकुड़ :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं परिवहन मंत्री दीपक बिरुआ, झारखंड सरकार के निर्देशों तथा उपायुक्त मेघा भारद्वाज के मार्गदर्शन में जिला परिवहन कार्यालय, पाकुड़ द्वारा जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों में नवशिक्षु चालक अनुज्ञप्ति शिविर का आयोजन किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य आम नागरिकों एवं वाहन चालकों को वैध ड्राइविंग लाइसेंस के प्रति जागरूक करना, लाइसेंस निर्माण प्रक्रिया को सरल, सुगम एवं पारदर्शी बनाना तथा सड़क सुरक्षा के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना है।इसी क्रम में शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय, लिट्टीपाड़ा में आयोजित दो दिवसीय नवशिक्षु चालक अनुज्ञप्ति शिविर के अंतिम दिन कुल 49 आवेदन प्राप्त हुए। जिला परिवहन कार्यालय द्वारा सभी आवेदनों का त्वरित निष्पादन किया गया। इनमें से सरकार द्वारा निर्धारित ऑनलाइन परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण करने वाले 43 आवेदकों को नवशिक्षु चालक अनुज्ञप्ति प्रदान किया गया। सफल अभ्यर्थियों को प्रखंड विकास पदाधिकारी, लिट्टीपाड़ा संजय कुमार द्वारा अनुज्ञप्ति वितरित की गई।शिविर के दौरान उपस्थित नागरिकों एवं वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि वाहन चलाते समय वैध ड्राइविंग लाइसेंस रखना प्रत्येक चालक की कानूनी एवं नैतिक जिम्मेदारी है। साथ ही दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट तथा चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट का नियमित उपयोग करने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने तथा जिम्मेदारीपूर्वक वाहन संचालन करने की अपील की गई।

इस अवसर पर हिट एंड रन दुर्घटना पीड़ित प्रतिकर योजना, गुड सेमेरिटन योजना, राहवीर योजना, कैशलेस उपचार सुविधा एवं सड़क दुर्घटना की स्थिति में उपलब्ध विभिन्न सरकारी सहायता एवं आपदा प्रबंधन संबंधी प्रावधानों की भी विस्तार से जानकारी दी गई। उपस्थित लोगों को इन योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया से भी अवगत कराया गया।शिविर में आए नागरिकों से अपील की गई कि वे आगामी प्रखंड एवं पंचायत स्तरीय शिविरों का अधिक से अधिक लाभ उठाएं तथा अपने परिवार, मित्रों एवं आसपास के लोगों को भी ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने एवं सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करें। जिला परिवहन कार्यालय ने विश्वास दिलाया कि नागरिकों को बेहतर एवं पारदर्शी परिवहन सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए विभाग सदैव तत्पर है। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी, लिट्टीपाड़ा श्री संजय कुमार, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक रितेश कुमार सिंह, वरीय प्रधान लिपिक बरियार हेंब्रम, सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य, जिला परिवहन कार्यालय के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

## अवैध पत्थर खदान पर पुलिस की कार्रवाई, करोड़ों की मशीनें जब्त



**गिरिडीहः** जिले के सरिया अंचल के बाल्हेडीह जंगल में शुक्रवार को पुलिस की टीम ने अवैध पत्थर खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है. टीम ने अवैध पत्थर उत्खनन में लगे करोड़ रुपये मूल्य की भारी मशीनरी और उपकरण जब्त किए, साथ ही मौके से 6 लोगों को हिरासत में लिया. जबकि कई कई संदिग्ध फरार होने में सफल रहे.टीम ने जंगल में प्रवेश कर चल रहे उत्खनन को चारों ओर से घेरकर तत्काल बंद कराया और मौके पर उपयोग हो रही भारी उपकरणों को जब्त कर लिया. हिरासत में लिए गए छह लोगों से रिमांड के दौरान विस्तृत पूछताछ की जा रही है और पूरे नेटवर्क की पहचान के लिए दस्तावेज एवं डिजिटल सबूतों की जांच जारी है.पुलिस ने बताया कि बाल्हेडीह क्षेत्र से लंबे समय से अवैध उत्खनन की शिकायतें मिलती रही हैं, जिन्हें सत्यापित कर योजनाबद्ध ढंग से यह संयुक्त छापेमारी की गई. कार्रवाई के बाद स्थानीय अवैध कारोबारियों में हड़कंप मच गया है और प्रशासन ने चेतावनी दी है कि अवैध खनन के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा.मामले में प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है तथा जांच के आधार पर पूरे सिंडिकेट पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी. अधिकारियों का कहना है कि सरकारी संपत्ति और प्राकृतिक संसाधनों की हानि बर्दाश्त नहीं की जाएगी और कानून तोड़ने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी.एसडीओ संतोष गुप्ता के नेतृत्व में चलाए गए अभियान में एसडीपीओ धनंजय राम, अंचल अधिकारी संतोष कुमार, सरिया थाना प्रभारी पिंकू कुमार सिंह सहित भारी पुलिस व प्रशासनिक बल शामिल रहे.

## स्वच्छता को लेकर बच्चों को किया जागरूक



**पलामूः** सांख्यिकी उपक्षेत्रीय कार्यालय द्वारा स्वच्छता विशेष अभियान 6.0 के तहत शुक्रवार को हमीदगंज स्थित राजकीय मध्य विद्यालय में स्वच्छता एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया.कार्यक्रम का नेतृत्व सहायक निदेशक सिंचन स्निग्ध अधिकारी ने किया. इस दौरान वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी बिनय कुमार, रॉबिन मिंज, कनिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी कुन्दन कुमार, नितेश कुमार समेत कार्यालय के अन्य कर्मियों ने विद्यालय परिसर की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया.कार्यक्रम में विद्यार्थियों और शिक्षकों को स्वच्छता के महत्व की जानकारी दी गई. वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी बिनय कुमार ने सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई तथा विभिन्न स्वच्छता नारों के माध्यम से बच्चों को अपने विद्यालय, घर और आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया.अधिकारियों ने कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि स्वस्थ और विकसित समाज के निर्माण की आधारशिला है. उन्होंने कहा कि इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम बच्चों में स्वच्छता के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करते हैं और उन्हें समाज में स्वच्छता का संदेश फैलाने के लिए प्रेरित करते हैं.

## बंदगांव में ट्रक व बाइक की भिड़ंत, 17 वर्षीय युवक की मौत, दो गंभीर




**पश्चिमी सिंहभूमः** पश्चिमी सिंहभूम जिले के बंदगांव थाना क्षेत्र के माटागड़ में शुक्रवार देर शाम ट्रक और बाइक के बीच हुई जोरदार भिड़ंत में 17 वर्षीय रामराय नाग (निवासी- ईचागुटु, बंदगांव) की मौत हो गई. जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए. बताया जाता है कि एक ही बाइक पर तीन युवक सवार थे. माटागड़ के समीप ट्रक से हुई टक्कर में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए. घटना की सूचना मिलते ही बंदगांव थाना प्रभारी मनीष कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे. स्थानीय लोगों के सहयोग से पुलिस ने सभी घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान रामराय नाग की मौत हो गई. वहीं, दोनों घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए उन्हें रांची स्थित रिम्स रेफर कर दिया. पुलिस ने मृत युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चक्रधरपुर अनुमंडल अस्पताल भेज दिया है. साथ ही दुर्घटनाग्रस्त बाइक एवं ट्रक को जब्त कर थाने ले गई. थाना प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि माटागड़ में ट्रक एवं बाइक की टक्कर में तीन युवक घायल हुए थे, जिनमें से एक की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई. दोनों घायलों को बेहतर उपचार के लिए रांची रिम्स रेफर किया गया है. पुलिस मामले की जांच में जुटी है. बता दें, समाचार लिखे जाने तक मृतक के परिजनों की ओर से कोई लिखित शिकायत प्राप्त नहीं हुई. आवेदन मिलने पर नियमानुसार आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी. घटना के बाद ईचागुटु गांव सहित आसपास के क्षेत्र में शोक का माहौल है. पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच में जुटी हुई है.

## चिरकुंडा की दो बेटियां वर्ल्ड कप किकबॉक्सिंग में दिखाएंगी दम

**धनबादः** धनबाद जिले के चिरकुंडा की दो प्रतिभाशाली किकबॉक्सर मनदीप कौर व राजदीप कौर का चयन भारतीय टीम में हुआ है. वे वाको उज्बेकिस्तान किकबॉक्सिंग वर्ल्ड कप-2026 में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी है. दोनों खिलाड़ियों के चयन से धनबाद सहित पूरे झारखंड में खुशी की लहर है. झारखंड एमेच्योर स्पोर्ट्स किकबॉक्सिंग एसोसिएशन से जुड़ी दोनों खिलाड़ी उज्बेकिस्तान की राजधानी ताशकंद में होने वाले WAKO Uzbekistan Kickboxing World Cup-2026 में भारतीय टीम की ओर से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी. यह अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता 13 से 18 अक्टूबर 2026 तक होगी.दोनों खिलाड़ियों ने शुक्रवार को धनबाद डीसी आदित्य रंजन से उनके कार्यालय में मुलाकात की. उन्होंने डीसी को आवेदन देकर प्रतियोगिता में भागीदारी के लिए सहयोग करने का आग्रह किया. इस पर डीसी ने उन्हें नियमानुसार सहयोग का आश्वासन दिया.

# उपायुक्त ने जन समाधान दिवस में सुनी आमजन की समस्याएं, त्वरित एवं समयबद्ध समाधान के दिए निर्देश

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**




**पाकुड़ :** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित जन समाधान दिवस के अवसर पर उपायुक्त श्रीमती मेघा भारद्वाज ने जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से पहुंचे नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना। उन्होंने प्रत्येक आवेदन पर संवेदनशीलता के साथ विचार करते हुए संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को नियमानुसार त्वरित, पारदर्शी एवं समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।जन समाधान दिवस के दौरान बड़ी संख्या में नागरिकों ने अपनी व्यक्तिगत एवं जनहित से जुड़ी समस्याओं के समाधान हेतु आवेदन प्रस्तुत किए। प्राप्त आवेदनों में सामाजिक बहिष्कार एवं अवैध जुमार्ना लगाए जाने, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) के अंतर्गत मुआवजा राशि के भुगतान, खलिहान में विद्युत शॉर्ट सर्किट से लगी आग के कारण हुई क्षति के मुआवजे, पाकुड़ नगर परिषद द्वारा वृंदावन मार्केट से तातीपाड़ा तक प्रस्तावित सड़क का शिलान्यास के बाद कार्य रद्द किए जाने, नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी किए जाने सहित अन्य जनहित से संबंधित विभिन्न मामले शामिल थे।

उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने सभी मामलों को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ लेते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक आवेदन की निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण जांच करते हुए निर्धारित समय- सीमा के भीतर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है तथा इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक विलंब स्वीकार्य नहीं होगा।उन्होंने कहा कि जन समाधान दिवस प्रशासन और आमजन के बीच संवाद, विश्वास एवं जवाबदेही को सुदृढ़ करने का एक प्रभावी मंच है। इस पहल के माध्यम से नागरिक अपनी समस्याओं को सीधे जिला प्रशासन के समक्ष रख सकते हैं, जिससे उनके मामलों के निष्पादन में पारदर्शिता एवं गति सुनिश्चित होती है।उपायुक्त ने सभी विभागीय पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त आवेदनों का निष्पादन गंभीरता, संवेदनशीलता एवं गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा के भीतर किया जाए, ताकि नागरिकों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें तथा उन्हें सरकारी सेवाओं एवं योजनाओं का लाभ समय पर प्राप्त हो सके।

## गर्री खुर्द से पीपल चौक तक सड़क कालिकरण कार्य का विधायक मीडिया प्रतिनिधि जागेश्वर कुमार ने किया निरीक्षण



**केरेड़ारी/हजारीबागः** केरेड़ारी प्रखंड क्षेत्र के ग्राम गर्री खुर्द से पीपल चौक, बारियातु तक सड़क कालिकरण कार्य का निरीक्षण विधायक मीडिया प्रतिनिधि जागेश्वर कुमार ने ग्रामीणों के साथ संयुक्त रूप से किया। कार्य शुभारंभ के दौरान समाजसेवी जागेश्वर कुमार और ग्रामीणों ने संवेदक आशीष सिंह एवं कनीय अभियंता जागेश्वर उरांव से सड़क की गुणवत्ता को लेकर विस्तार से बातचीत की। ग्रामीणों ने इट 80` बिटुमिनस मैकडम के निर्धारित नापी के अनुसार गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने की मांग रखी। सड़कें विकास की लाइफ लाइनविधायक मीडिया प्रतिनिधि जागेश्वर कुमार ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए सड़कें लाइफ लाइन हैं। उन्होंने खुद मौके पर नापी कर कार्य की गुणवत्ता जांची। उन्होंने संवेदक और विभागीय अधिकारियों से मानक के अनुरूप कार्य करने का निर्देश दिया। ग्रामीणों ने इस सराहनीय पहल के लिए विधायक रोशन लाल चौधरी के प्रति आभार व्यक्त किया। मौके पर उपस्थितः विधायक मीडिया प्रतिनिधि जागेश्वर कुमार, पंकज कुमार, अजय कुमार, शेखर कुमार, गणेश कुमार, अनलेख कुमार, कुलदीप कुमार, आशीष कुमार, संतोष कुमार, विनोद महतो, दुलार महतो, लक्ष्मण कुमार, गणेश कुमार रवि, सुजीत कुमार, चंदन कुमार, पप्पू कुमार, परमेश्वर महतो सहित सैकड़ों महिला-पुरुष ग्रामीण उपस्थित थे।

## बरही में खिड़की उखाड़कर चोरों ने उड़ाया 10 लाख के जेवरात, जांच में जुटी पुलिस

**झारखंड जागरण संवाददाता**

**बरही (हजारीबाग)** :गुरुवार देर रात बरही थाना के न्यू कॉलोनी में चोरों ने एक बड़ी वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने न्यु कॉलोनी निवासी ट्रांसपोर्ट व्यवसायी देवेंद्र सिंह के घर की खिड़की उखाड़कर अलमीरा, बक्से में रखा करीब 10 लाख रुपये के जेवरात ले उड़े जिनमेंमंगलसूत्र,चेन,कंगन,बिछिया ,पायल,नाथ आदि शामिल हैं। चोरी गए गहनों में उनकी बेटी की शादी के लिए रखे आभूषण भी शामिल हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना के समय देवेंद्र सिंह सपरिवार दूसरे कमरे में सो रहे थे, इसी का फायदा उठाकर चोरों ने खिड़की तोड़कर घर में प्रवेश किया और अलमारी में रखे गहने निकालकर फरार हो गए।जब शुक्रवार सुबह लोग जगे तो चोरी की घटना का पता चला। सुबह पुलिस को चोरी की घटना के बारे बताया गया।सूचना मिलते ही बरही पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी विनोद कुमार दलबल के साथ मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस ने आसपास के घरों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है, साथ ही आसपास के लोगों से भी पूछताछ की जा रही है।इस वारदात से इलाके में दहशत माहौल है।इस सम्बंध पीड़ित परिजन ने बरही थाना में आवेदन देकर कर्रवाई की मांग किया वहीं पुलिस मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## मॉर्निंग वॉक से लौट रही महिला को बनाया निशाना, बातों में उलझाकर सोने के गहने लेकर फरार हुए ठग

**यासिर अराफात@ झारखंड उजाला ब्यूरो प्रमुख**



**पाकुड़ः** नगर थाना क्षेत्र के सिन्धीपाड़ा स्थित जैन गली के पास शुक्रवार सुबह टप्पेबाजों ने एक महिला को अपना शिकार बना लिया। बाइक पर सवार दो युवकों ने बड़ी चालाकी से महिला को अपनी बातों में फंसाया और उनसे सोने की चेन तथा कंगन लेकर फरार हो गए। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है।जानकारी के मुताबिक, सिन्धीपाड़ा निवासी किशोर लखमानी की पत्नी मोनी लखमानी रोजाना की तरह सुबह करीब 7:40 बजे मॉर्निंग वॉक कर घर लौट रही थीं। इसी दौरान जैन गली के समीप बाइक पर पहुंचे दो अज्ञात युवकों ने उन्हें रोक लिया। दोनों ने बड़ी सफाई से बातचीत शुरू की और कुछ ही देर में महिला का भरोसा जीत लिया।महिला जब तक कुछ समझ पातीं, तब तक ठग उनसे गले की सोने की चेन और हाथ का सोने का कंगन उतरवाकर मौके से फरार हो चुके थे। घर पहुंचने के बाद पीड़िता ने पूरी घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी, जिसके बाद परिवार के लोग तुरंत नगर थाना पहुंचे और मामले की शिकायत दर्ज कराई। पीड़ित पक्ष ने पुलिस को घटना से जुड़ा सीसीटीवी फुटेज भी सौंपा है। फुटेज में संदिग्ध युवक और उनकी बाइक दिखाई दे रही है। शिकायतकर्ता किशोर लखमानी ने बताया कि इस घटना से पूरा परिवार सदमे में है।इधर, नगर थाना पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन प्राप्त हुआ है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज और आसपास लगे अन्य कैमरों की रिकॉर्डिंग खंगाल रही है। जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार करने का दावा किया गया है।

## युवक को गोली मारने के आरोपी जाहिद अंसारी उर्फ गोल्डन गिरफ्तार




**सरायकेलाः** सरायकेला-खरसावां जिले के कपाली ओपी क्षेत्र में हुई जानलेवा फायरिंग की घटना का पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है. पुलिस ने मामले के मुख्य आरोपी मोहम्मद जाहिद अंसारी उर्फ गोल्डन को गिरफ्तार कर लिया है. उसकी निशानदेही पर घटना में इस्तेमाल की गई देसी पिस्टल भी बरामद की गई है. आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया.पुलिस अधीक्षक मनोज स्वगीर्यारी ने बताया कि आरोपी ने कपाली ओपी क्षेत्र में शेख नूर मोहम्मद उर्फ बाबू भाई उर्फ काना पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की थी. गोली उनके पैर को छूते हुए निकल गई, जिससे वह घायल हो गए. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल भेजा गया. जांच के दौरान घटनास्थल से एक जिंदा कारतूस और एक खोखा भी बरामद किया गया था.घटना के बाद आरोपी लगातार अपना ठिकाना बदलकर पुलिस से बचने की कोशिश कर रहा था. इसी दौरान पुलिस को तकनीकी निगरानी और गुप्त सूचना के जरिए जानकारी मिली कि आरोपी देर रात अपने घर कपड़े लेने आ सकता है. सूचना मिलते ही कपाली ओपी प्रभारी अविनाश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने उसके घर के बाहर घेराबंदी कर दी. देर रात जैसे ही आरोपी घर पहुंचा, पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया.पूछताछ के दौरान आरोपी ने घटना में इस्तेमाल किए गए हथियार के बारे में जानकारी दी. उसकी निशानदेही पर पुलिस ने देसी पिस्टल बरामद कर ली. पुलिस के अनुसार आरोपी का आपराधिक इतिहास भी रहा है और वह पहले भी छह मामलों में जेल जा चुका है. पुलिस अब उसके आपराधिक नेटवर्क और इस घटना से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच कर रही है.इस कार्रवाई में कपाली ओपी प्रभारी अविनाश कुमार, सब इंस्पेक्टर रंजीत कुमार सिंह, सब इंस्पेक्टर हीरालाल मुंडू तथा टाइगर जवान विपुल कुमार तिवारी शामिल रहे.पुलिस अधीक्षक मनोज स्वगीर्यारी ने कहा कि कपाली गोलीकांड के मुख्य आरोपी को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया गया है और घटना में प्रयुक्त हथियार भी बरामद कर लिया गया है. उन्होंने कहा कि जिले में कानून-व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करने वाले अपराधियों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी.

## समाहरणालय परिसर में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय पेंशन योजना के तहत डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट शिविर का हुआ शुभारंभ

**10 जुलाई से 31 जुलाई तक प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को जिलेभर में लगाए जाएंगे शिविर**

**झारखंड उजाला प्रतिनिधि**



**पाकुड़** : सामाजिक सुरक्षा कोषांग, पाकुड़ द्वारा केन्द्र प्रायोजित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय पेंशन योजना के अंतर्गत लाभुकों के डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट (DLC) अद्यतन कराने हेतु विशेष शिविर का आयोजन शुक्रवार को समाहरणालय परिसर में किया गया। शिविर का शुभारंभ उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने फीता काटकर किया।इस अवसर पर उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने शिविर में उपस्थित लाभुकों से संवाद करते हुए मईया सम्मान योजना के तहत राशि प्राप्त होने की जानकारी ली। लाभुकों ने बताया कि उन्हें योजना की राशि प्राप्त हो चुकी है। उपायुक्त ने लाभुकों से सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने तथा निर्धारित अवधि के भीतर अपना डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट अवश्य बनवाने की अपील की।जिले में सामाजिक सुरक्षा कोषांग के अंतर्गत संचालित केन्द्र प्रायोजित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय पेंशन योजना में कुल 25,332 लाभुक पंजीकृत हैं। इनमें 4,997 लाभुकों का डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट लंबित है। लंबित डीएलसी का कार्य समयबद्ध रूप से पूर्ण कराने के उद्देश्य से जिला स्तर, सभी प्रखंडों एवं अंचलों में विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। शुक्रवार को समाहरणालय परिसर के साथ-साथ जिले के सभी प्रखंडों में भी डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट शिविर का सफल आयोजन किया गया। जिला प्रशासन द्वारा यह विशेष अभियान 10 जुलाई, 2026 से 31 जुलाई, 2026 तक संचालित किया जाएगा। इस अवधि में प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को शिविर आयोजित होंगे। शिविर का समय पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 2:00 बजे तक तथा अपराह्न 3:00 बजे से 6:00 बजे तक निर्धारित किया गया है।उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने सभी शेष लाभुकों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि एवं समय पर अपने निकटतम शिविर में उपस्थित होकर अपना डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट अनिवार्य रूप से बनवा लें। समय पर डीएलसी नहीं कराने की स्थिति में पेंशन भुगतान में कठिनाई उत्पन्न हो सकती है। इसलिए सभी पात्र लाभुक निर्धारित अवधि के भीतर अपना डीएलसी कार्य अवश्य पूर्ण कराएं। मौके पर जिला पंचायत राज पदाधिकारी, सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा उपस्थित थे।

## झारखंड विधानसभा की अनागत प्रश्नों एवं विकासात्मक कार्यों की समीक्षा.




**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**हजारीबागः** हजारीबाग परिसदन भवन में शुक्रवार को झारखंड विधानसभा की अनागत प्रश्न क्रियान्वयन समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति के सभापति एवं देवघर के माननीय विधायक श्री सुरेश पासवान ने की। इस अवसर पर समिति के सदस्य एवं खूंटी के माननीय विधायक श्री राम सूर्या मुंडा सहित विभिन्न विभागों के वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में विभिन्न विभागों से सम्बंधित विधनसभा में उठाये गए प्रश्नों एवं संचालित योजनाओं, आंतरिक संसाधनों के सुदृढ़ीकरण तथा जनहित से जुड़े विषयों की समीक्षा की गई। इस दौरान कार्यों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। समिति के सभापति श्री सुरेश पासवान ने सभी विभागों को पारदर्शिता के साथ कार्य करने, योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने तथा आमजन के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। साथ ही विकास कार्यों में तेजी लाने और निर्धारित समय-सीमा के भीतर योजनाओं को पूर्ण जोर दिया।

## बाइक घर ले जाने पर युवक की पीट-पीटकर हत्या, 4 आरोपी गिरफ्तार

**जमशेदपूरः**: परसुडीह थाना क्षेत्र के सरजमदा बांध टोला में युवक रोहित मुंडा की हत्या के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस ने इस मामले में एक नाबालिग को भी हिरासत में लिया है. गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सुजल लोहार, हरिपदो मछुआ, समीर मुंडा और रवि यादव के रूप में हुई है. पुलिस ने उनकी निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल किए गए दो लकड़ी के डंडे भी बरामद किए हैं. पुलिस के अनुसार, 8 और 9 जुलाई की रात सोपोडेरा स्थित मिलाप भवन में एक शादी समारोह आयोजित था. रोहित मुंडा अपने दोस्तों सुजल लोहार, हरिपदो मछुआ, समीर मुंडा, रवि यादव और करण पात्रो के साथ शादी में शामिल होने गया था. पार्टी खत्म होने के बाद सभी युवक नशे में थे. इसी दौरान रोहित गलती से अपने दोस्त हरिपदो मछुआ की मोटरसाइकिल लेकर सीधे अपने घर सरजमदा पहुंच गया.जब दोस्तों को पार्किंग में बाइक नहीं मिली तो उन्होंने आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ की. लोगों ने बताया कि रोहित बाइक लेकर अपने घर की ओर गया है. इसके बाद सभी दोस्त रोहित के घर पहुंचे. वहां घर के बाहर हरिपदो की बाइक खड़ी मिली. इसी बात को लेकर पहले कहासुनी हुई, जो कुछ ही देर में मारपीट में बदल गई.आरोप है कि सभी दोस्तों ने मिलकर रोहित पर लाठी-डंडों, लात और मुक्कों से हमला कर दिया. गंभीर रूप से घायल होने के बाद आरोपी वहां से चले गए, जबकि रोहित किसी तरह अपने कमरे में चला गया. अगले दिन 9 जुलाई की सुबह घर में ही उसकी मौत हो गई.घटना के बाद रोहित की मां पुतुल कालिंदी और पिता शंकर कालिंदी ने परसुडीह थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई. शिकायत के आधार पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की हत्या से संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की.जांच के दौरान पुलिस ने तकनीकी साक्ष्य, सीसीटीवी फुटेज और गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए सरजमदा और चांदनी चौक इलाके से चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया. मामले में शामिल एक नाबालिग को भी निरुद्ध किया गया है. पूछताछ के दौरान समीर मुंडा और सुजल लोहार की निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल किए गए दो लकड़ी के डंडे भी बरामद कर लिए गए.पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और सभी आरोपियों के खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है. प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि बाइक को लेकर शुरू हुआ विवाद ही हत्या की वजह बना, जिसमें दोस्तों ने मिलकर अपने ही साथी की जान ले ली.

# स्कूली बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि, स्कूल वाहनों के सभी सुरक्षा मानकों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करें

**झारखंड उजाला प्रतिनिधि**




**पाकुड़ :** उपायुक्त, पाकुड़ के निदेर्शानुसार एवं जिला परिवहन पदाधिकारी के मार्गदर्शन में शुक्रवार को जिले के विभिन्न गैर-सरकारी विद्यालयों में संचालित स्कूली वाहनों का विशेष भौतिक निरीक्षण अभियान चलाया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य स्कूली बच्चों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करना, विद्यालय प्रबंधन को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना तथा परिवहन विभाग एवं सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित स्कूल वाहन सुरक्षा मानकों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराना था।निरीक्षण के दौरान एलिट पब्लिक स्कूल तथा डॉन बॉस्को पब्लिक स्कूल, के.के.एम. कॉलेज, पाकुड़ के विद्यालय वाहनों की गहन जांच की गई। जांच के क्रम में वाहनों की फिटनेस, सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता, आवश्यक दस्तावेजों की वैधता एवं अन्य निर्धारित मानकों का परीक्षण किया गया। विद्यालय प्रबंधन को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि सभी स्कूल वाहन निर्धारित सुरक्षा मानकों के अनुरूप पूर्णतः सुरक्षित एवं तकनीकी रूप से दुरुस्त रखें तथा परिवहन विभाग एवं माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जारी सभी दिशा-निदेर्शों का अनिवार्य रूप से पालन सुनिश्चित करें।निरीक्षण दल ने विद्यालय प्रबंधन एवं अभिभावकों से भी स्कूली बच्चों की सुरक्षा के प्रति सतर्क एवं जिम्मेदार भूमिका निभाने की अपील की। साथ ही सभी निजी विद्यालयों को निर्देशित किया गया कि यदि किसी वाहन में किसी प्रकार की तकनीकी कमी अथवा सुरक्षा संबंधी त्रुटि पाई जाती है तो उसका अविलंब सुधार कर अधिकतम एक सप्ताह के भीतर पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करें। विद्यालय प्रबंधन ने निरीक्षण दल को आश्वस्त किया कि उनके द्वारा विद्यालय वाहनों में निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन किया जा रहा है। यदि किसी स्तर पर कोई कमी शेष रह गई हो तो उसे भी निर्धारित समय-सीमा के भीतर दूर करते हुए सभी आवश्यक सुरक्षा मानकों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा।इस अवसर पर जिला परिवहन विभाग ने जिले के सभी विद्यालय संचालकों से पुनः अपील की कि वे स्कूली बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें तथा प्रत्येक स्कूल वाहन का नियमित निरीक्षण, समय-समय पर रखरखाव और सभी सुरक्षा मानकों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करें। सुरक्षित स्कूल वाहन व्यवस्था न केवल बच्चों की सुरक्षित एवं निर्बाध आवाजाही की गारंटी है, बल्कि अभिभावकों के विश्वास को भी और अधिक मजबूत बनाती है।निरीक्षण अभियान में मोटरयान निरीक्षक अमित कुमार, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक रितेश कुमार सिंह, सड़क यांत्रिक विश्लेषक मोहम्मद अजहद अंसारी, संबंधित विद्यालयों के प्राचार्य, मैनेजिंग डायरेक्टर एवं अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# नक्सलवाद के बाद घुसपैठ पर निर्णायक प्रहार, अमित शाह ने राष्ट्रीय सुरक्षा के अगले चरण का बिगुल फूंका



सचिन कुमार सिंह, प्रधान संपादक

नई दिल्ली में आयोजित सीमांत जिला पुलिस अधीक्षक सम्मेलन को संबोधित करते हुए अमित शाह ने सीमा सुरक्षा के लिए सरकार की नई और व्यापक रणनीति सामने रखी। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन सीमा सुरक्षा के समग्र दृष्टिकोण को संस्थागत स्वरूप देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। देश को नक्सल आतंक की जकड़ से बाहर निकालने और जम्मू-कश्मीर तथा पूर्वोत्तर में आतंकवाद पर निर्णायक प्रहार के बाद अब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राष्ट्रीय सुरक्षा के अगले चरण का बिगुल फूंक दिया है। इस बार निशाने पर केवल घुसपैठ नहीं, बल्कि घुसपैठ के जरिये सीमावर्ती इलाकों में बदलता जनसंख्या संतुलन, तस्करी, मादक पदार्थों का जाल, कट्टरपंथ, ड्रोन खतरे, संगठित अपराध और सीमा पार से संचालित छद्म युद्ध की पूरी रणनीति है। अमित शाह ने स्पष्ट संकेत दिया है कि देश को घुसपैठिया मुक्त बनाने और सीमाओं को अभेद्य सुरक्षा कवच देने का व्यापक अभियान अब सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। अमित शाह का मानना है कि सीमावर्ती क्षेत्रों में अस्वाभाविक जनसंख्या परिवर्तन केवल स्थानीय समस्या नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों की राष्ट्रीय सुरक्षा, सामाजिक स्थिरता और सामरिक संतुलन से जुड़ा हुआ प्रश्न है, ऐसे में यह अभियान वर्तमान के साथ-साथ भविष्य के भारत की सुरक्षा का भी मजबूत आधार बनेगा।

हम आपको बता दें कि नई दिल्ली में आयोजित सीमांत जिला पुलिस अधीक्षक सम्मेलन को संबोधित करते हुए अमित शाह ने सीमा सुरक्षा के लिए सरकार की नई और व्यापक रणनीति सामने रखी। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन सीमा सुरक्षा के समग्र दृष्टिकोण को संस्थागत स्वरूप देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। अब केवल भूमि सीमाओं तक ही नहीं, बल्कि आने वाले समय में तटीय सीमाओं की सुरक्षा के लिए भी इसी प्रकार का समग्र और एकीकृत दृष्टिकोण अपनाया जाएगा। सम्मेलन में सीमा सुरक्षा से जुड़ी चुनौतियों, उनके समाधान और भविष्य की नीति तैयार करने पर व्यापक विचार विमर्श किया गया। अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की सीमा सुरक्षा व्यवस्था अब केवल चौकियों और




गश्त तक सीमित नहीं रहेगी। सरकार सीमा सुरक्षा बलों, राज्य सरकारों, जिला प्रशासन, केंद्र सरकार के संबंधित विभागों और सीमावर्ती क्षेत्रों के स्थानीय नागरिकों को साथ जोड़कर चार स्तरीय सुरक्षा तंत्र तैयार कर रही है। यही चतुष्कोणीय सुरक्षा व्यवस्था भविष्य में भारत की सीमाओं को अभेद्य बनाने का सबसे मजबूत आधार बनेगी। उन्होंने कहा कि सुरक्षित सीमा, समृद्ध सीमावर्ती क्षेत्र और सतर्क समाज मिलकर ही राष्ट्र की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकते हैं। सरकारीएजेंसियां

गृह मंत्री ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि भारत की लगभग पंद्रह हजार किलोमीटर लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा अठारह राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से होकर गुजरती है। इतनी विशाल सीमा की सुरक्षा केवल सुरक्षा बलों के भरोसे संभव नहीं है। इसके लिए स्थानीय समाज की भागीदारी, प्रशासनिक समन्वय और आधुनिक तकनीक का प्रभावी उपयोग अनिवार्य है। इसी सोच के तहत सरकार अलग थलग सीमा चौकियों की पुरानी व्यवस्था से आगे बढ़कर एकीकृत सुरक्षा तंत्र विकसित कर रही है। उन्होंने कहा कि भारत की स्मार्ट सीमा की परिकल्पना आने वाले वर्षों में दुनिया की सबसे आधुनिक सीमा सुरक्षा व्यवस्था का रूप लेगी।

अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने नक्सलवाद, जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद और पूर्वोत्तर में हिंसा के खिलाफ उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। अब अगले तीन वर्षों में मादक पदार्थों के अवैध कारोबार पर भी निर्णायक प्रहार किया जाएगा। साथ ही ऐसा मजबूत सुरक्षा ढांचा तैयार किया जा रहा है जिससे देश पूरी तरह घुसपैठ मुक्त बने और भविष्य में किसी भी प्रकार की अवैध घुसपैठ की संभावना लगभग समाप्त हो जाए। उन्होंने कहा कि पहले समस्याएं स्थायी होती थीं और समाधान अस्थायी, लेकिन अब सरकार समस्याओं की जड़ पर प्रहार कर स्थायी समाधान तैयार कर रही है।

देखा जाये तो इस पूरी रणनीति का सबसे महत्वपूर्ण पहलू सीमावर्ती क्षेत्रों में बदलते जनसंख्या स्वरूप पर मोदी सरकार का विशेष ध्यान है। अमित शाह ने स्पष्ट कहा कि सीमावर्ती इलाकों में अस्वाभाविक जनसंख्या परिवर्तन का सबसे बड़ा कारण अवैध घुसपैठ है। इसी कारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनसंख्या अध्ययन अभियान प्रारंभ किया है, जिसके तहत जनसंख्या में हो रहे अस्वाभाविक बदलावों का अध्ययन किया जाएगा, उनके कारणों की पहचान होगी और भविष्य में ऐसे परिवर्तनों को रोकने के उपाय सुझाए जाएंगे। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि अस्वाभाविक कारणों से होने वाली जनसंख्या वृद्धि पर कठोरता के साथ नियंत्रण किया जाएगा। गृह मंत्री ने निर्देश दिया कि सीमावर्ती क्षेत्रों में जनसंख्या परिवर्तन से जुड़ी हर महत्वपूर्ण सूचना सबसे निचले स्तर से लेकर शीर्ष स्तर तक तत्काल पहुंचनी चाहिए, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

सरकार सीमाओं को मजबूत बनाने के लिए आधारभूत ढांचे पर भी अभूतपूर्व निवेश कर रही है। अमित शाह ने बताया कि सीमा क्षेत्रों में आधारभूत संरचना पर निवेश में चार सौ प्रतिशत की वृद्धि की गई है और वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ सड़कों, संचार व्यवस्था, निगरानी तंत्र तथा अन्य सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। भारत म्यांमार सीमा के सोलह सौ दस किलोमीटर लंबे हिस्से पर 31 हजार करोड़ रुपये की लागत से बाड़ लगाने का कार्य भी तेजी से चल रहा है। इसका उद्देश्य केवल घुसपैठ रोकना नहीं, बल्कि छद्म युद्ध, अवैध हथियारों की आवाजाही, मादक पदार्थों की तस्करी, संगठित अपराध और सीमा पार से संचालित अन्य गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाना है। साथ ही मोदी सरकार की सीमा सुरक्षा नीति केवल सैन्य दृष्टिकोण तक सीमित नहीं है। सीमावर्ती गांवों को मजबूत बनाना भी इसका महत्वपूर्ण हिस्सा है। वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के अंतिम गांव को पहला गांव बताया है। इस योजना के माध्यम से सीमावर्ती क्षेत्रों से पलायन रोकने, स्थानीय रोजगार बढ़ाने और सरकारी योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ प्रत्येक नागरिक तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। मोदी सरकार का मानना है कि जब सीमा पर बसे गांव समृद्ध होंगे, वहां के लोग सुरक्षित और आत्मनिर्भर होंगे, तभी सीमा सुरक्षा भी स्थायी रूप से मजबूत होगी। सामरिक दृष्टि से देखें तो यह नई नीति भारत की सुरक्षा सोच में बड़ा परिवर्तन है। अब देश केवल किसी घटना के बाद प्रतिक्रिया देने की नीति पर नहीं रहेगा, बल्कि संभावित खतरों को पहले ही पहचानकर उन्हें रोकने की सक्रिय रणनीति अपनाई जाएगी। घुसपैठ, छद्म युद्ध, कट्टरपंथ, मादक पदार्थों की तस्करी, ड्रोन के जरिये हथियार पहुंचाना, साइबर अपराध और संगठित अपराध आज एक दूसरे से जुड़ी चुनौतियां बन चुकी हैं। ऐसे में इन सभी के खिलाफ एकीकृत सुरक्षा तंत्र भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा को नई मजबूती देगा।

## आज का राशिफल



स्वामी रत्नेश जी
भारत ज्योतिष शिरोमणि, नई दिल्ली ।

**मेष राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा. आप बिना थके घर के काम आसानी से पूरे कर लेंगे। पाएँ बेहतर परिणामों के लिए खुद पर विश्वास. कार्यों के प्रति अपना व्यवहार मित्रवत रखें। इस राशि के जो लोग आज नौकरी करते हैं, वे ऐसे काम की ओर आकर्षित हो सकते हैं। जो बाद में फायदेमंद होगा। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। परिवार में आज सुख-शांति का माहौल रहेगा। शाम के समय जीवनसाथी के साथ पार्क में घूमने जा सकते हैं।

**वृषभ राशि :-** आज आपको मित्रों की ओर से कोई नई खुशखबरी मिलने वाली है. आप समय पर अपने लक्ष्य को प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित करेंगे। आज आपके व्यक्तित्व और क्षमताओं का विकास हो सकता है। आप अपनी खुद की पहचान बनाने में सक्षम होंगे। आपकी आर्थिक स्थिति कमजोर होने के बावजूद आपके खर्चों में वृद्धि होगी।

**मिथुन राशि :-** आपका आज का दिन शुभ फलदायी है। व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता मिलेगी और सभी कार्य आसानी से पूरे होंगे। नौकरी में तरक्की के योग रहेंगे। कार्यक्षेत्र में शुभ समाचार मिलेंगे। कार्यों में सफलता से आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। दिया धन वापस हो सकता है। लेन-देन से बचें। बड़े भाई एवं पिता की ओर से लाभ होगा। पारिवारिक आनंद से आप आनंदित रहेंगे। परिवार के साथ भी अच्छा समय व्यतीत होगा। स्वास्थ्य को लेकर सावधान रहने सी आवश्यकता है।

**कर्क राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार मध्यम चलेगा और परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। कार्यक्षेत्र पर कामकाज की अधिकता रहेगी, जिससे थकान का अनुभव करेंगे। सहकर्मियों को किसी बात की ठेस न पहुंचे, इसका ध्यान रखें। क्रोध पर नियंत्रण एवं वाणी पर संयम रखें, अन्यथा काम बिगड़ सकते हैं। धार्मिक कार्यों के प्रति रुझान बढ़ेगा। मांगलिक आयोजन में शामिल हो सकते हैं। परिवार का माहौल अच्छा रहेगा। सेहत का ध्यान रखें।

**सिंह राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। व्यापार-धंधा अच्छा चलेगा। कारोबार विस्तार की योजनाएं बना सकते हैं, जो लाभकारी सिद्ध होंगी। कार्यभार की अधिकता रहेगी और पूरा दिन भागदौड़ में बीतेगा। शारीरिक तथा मानसिक रूप से अस्वस्थता का अनुभव कर सकते हैं। खान-पान में सतर्कता बरतें, स्वास्थ्य का ध्यान रखें। यात्रा पर जाने से बचें। परिवार का माहौल आपके अनुकूल रहेगा और परिजनों-मित्रों का पूरा सहयोग मिलेगा।

**कन्या राशि :-** आज आपको किसी प्रकार की आर्थिक समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा. कार्यक्षेत्र में पहले से बनी हुई योजना को किसी के सामने न रखें अन्यथा दूसरा उसका फायदा उठा सकता है। संगीत और साहित्य में रुचि दिखा सकते हैं। अपनी छवि को लेकर सावधान रहें, क्योंकि कोई आप पर झूठे आरोप लगाने की कोशिश कर सकता है।

**तुला राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्यक्षेत्र में अनुकूल वातावरण रहेगा और कार्यों में सफलता मिलेगा। कारोबार अच्छा चलेगा और धनलाभ की स्थिति रहेगी, लेकिन कार्यभार की भी अधिकता रहेगा। परिजनों के साथ समय सुखपूर्वक बीतेगा। अनावश्यक खर्च अधिक होने की संभावना रहेगी। मन में नकारात्मक विचार आ सकते हैं, जिनसे बचना होगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें और नये कार्यों की शुरूआत करने से बचें। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**वृश्चिक राशि :-** आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी, लेकिन अपने प्रयासों से सभी कार्यों में सफलता प्राप्त करेंगे, जिससे आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। सृजनात्मक कार्यों के प्रति रुझान बढ़ेगा। पुराने मित्रों से मुलाकात होगी। परिवार का माहौल अच्छा रहेगा। संतान-पक्ष से शुभ समाचार मिलेंगे। धार्मिक-परोपकार के कार्य कर सकते हैं। विद्यार्थियों के लिए समय अच्छा रहेगा। आशातीत परिणाम मिलेंगे।

**धनु राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। व्यावसायिक क्षेत्र में छोटी-छोटी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि, मेहनत से कार्यों में सफलता मिलेगी और आर्थिक लाभ की स्थिति रहेगी, लेकिन भागदौड़ अधिक करनी पड़ेगी। कई बातों को लेकर चिंतित हो सकते हैं, जिससे शारीरिक तथा मानसिक रूप से अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। परिवार के सदस्यों के साथ अनबन हो सकती है। स्वास्थ्य को लेकर सावधानी बरतें।

**मकर राशि :-** आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। व्यापार-धंधा अच्छा चलेगा और आकस्मिक धनलाभ के योग रहेंगे। कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारियां मिलेंगी और सभी कार्य सफल होंगे। नौकरी में पदोन्नति भी मिल सकती है। परिवार का माहौल अच्छा रहेगा। किसी धार्मिक यात्रा का आयोजन हो सकता है। नए कार्य शुरू कर सकते हैं। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। सामाजिक कार्यों में बढ़-चढकर. हिस्सा लेंगे और परिवार के साथ समय व्यतीत कर सकेंगे।

**कुम्भ राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्यक्षेत्र में काम की अधिकता रहेगी और कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। कार्यों में सफलता मिलने से आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, लेकिन अनावश्यक खर्च की भी अधिकता रहेगी। शारीरिक और मानसिक रूप से थकान का अनुभव कर सकते हैं। क्रोध की अधिकता रहेगी। वाणी पर संयम रखने से परिवार में सुख-शांति बना पाएंगे। विचारों पर नकारात्मकता हावी न होने दें। धार्मिक कार्यों में व्यय हो सकता है। विद्यार्थियों को अधिक मेहनत करनी होगी।

**मीन राशि :-** आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। कारोबार अच्छा चलेगा और धनलाभ की स्थिति रहेगी। नौकरी में तरक्की के योग हैं। कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों की मदद से सभी कार्यों में सफलता मिलेगी और निर्धारित समय पर कार्य पूर्ण होंगे। आकस्मिक धनलाभ होने की संभावना रहेगी। शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। किसी यात्रा स्थल पर प्रवास की संभावना रहेगी। स्वजनों के मिलने से मन आनंदित रहेगा। परिवार के साथ समय बीतेगा और दाम्पत्य जीवन खुशहाल रहेगा।

# गृहिणियां राष्ट्र निमार्ता हैं, समझिए कैसे? उनके कार्यगत योगदान को कदापि कम मत आंकिए

लिहाजा, महिलाओं द्वारा किया जाने वाला अवैतनिक घरेलू और देखभाल कार्य भारत की GDP में अनुमानतः 15-17% तक योगदान देता है, फिर भी उसे पर्याप्त मान्यता नहीं मिलती। वह गृहणियां ही हैं जो बच्चों के पालन-पोषण, शिक्षा, संस्कार और मानव संसाधन निर्माण के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में प्रत्यक्ष भूमिका निभाती हैं। भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में गृहिणियों के योगदान पर एक महत्वपूर्ण फैसला देते हुए कहा कि ₹गृहिणियां राष्ट्र निमार्ता हैं₹ और उनके घरेलू व देखभाल संबंधी कार्यों का वास्तविक आर्थिक मूल्य है। सुप्रीम कोर्ट ने अपनी प्रमुख टिप्पणियों में कहा कि गृहिणी को केवल आश्रित मानना गलत है; वास्तव में पूरा परिवार उनके श्रम और देखभाल पर निर्भर रहता है।

लिहाजा, महिलाओं द्वारा किया जाने वाला अवैतनिक घरेलू और देखभाल कार्य भारत की ऋड्ढ में अनुमानतः 15-17% तक योगदान देता है, फिर भी उसे पर्याप्त मान्यता नहीं मिलती। वह गृहणियां ही हैं जो बच्चों के पालन-पोषण, शिक्षा, संस्कार और मानव संसाधन निर्माण के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में प्रत्यक्ष भूमिका निभाती हैं। इसलिए अदालत ने कहा कि घरेलू कार्य को आर्थिक विश्लेषण से बाहर रखना उचित नहीं है और कानून को गृहिणियों के श्रम, सेवा और त्याग का मूल्य स्वीकार करना चाहिए। निष्कर्ष यह कि गृहिणियां राष्ट्र निमार्ता हैं, इसलिए उनके कार्यगत योगदान को कम मत आंकिए।

देखा जाए तो एक ऐतिहासिक कदम के रूप में सुप्रीम कोर्ट ने मोटर दुर्घटना मुआवजा मामलों में गृहिणी के घरेलू योगदान का मूल्यांकन करते हुए कम-से-कम ?30,000 प्रतिमाह का मानक निर्धारित किया है तथा ₹'ङ्क२२ ङ्का ङ्क्षी२३ू'१२₹ को अलग क्षतिपूर्ति मद के रूप में मान्यता दी है। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने पहले भी कहा था कि, ₹गृहिणी का घर में किया गया कार्य उसके कार्यालय जाने वाले पति के काम से कम मूल्यवान नहीं है।

इसलिए न्यायपालिका का दृष्टिकोण अब स्पष्ट रूप से यह है कि गृहिणियां केवल परिवार की देखभाल करने वाली नहीं, बल्कि आर्थिक योगदानकर्ता और राष्ट्र निमार्ता हैं। चुनौती अब यह है कि सरकारें, निजी संस्थान और समाज इस न्यायिक मान्यता को सामाजिक और आर्थिक नीतियों में कितना उतारते हैं। इस बात में कोई दो राय नहीं कि गृहिणियों का योगदान भारतीय समाज और अर्थव्यवस्था की रीढ़ माना जाता है, लेकिन विडंबना यह है कि उनके श्रम को अक्सर काम के बजाय कर्तव्य मान लिया जाता है।

इसी कारण उनके योगदान को वह संस्थागत मान्यता नहीं मिल पाती जिसकी वे हकदार हैं। सवाल है कि गृहिणियों का आर्थिक योगदान कितना बड़ा है? तो अर्थशास्त्रियों और विभिन्न अध्ययनों के अनुसार यदि घर के भीतर किए जाने वाले कार्य—जैसे भोजन बनाना, बच्चों की देखभाल, बुजुर्गों की सेवा, घरेलू प्रबंधन,



भावनात्मक देखभाल आदि—का बाजार मूल्य जोड़ा जाए, तो इसका योगदान ऋड्ढ के 15% से 40% तक आंका गया है। भारत में कई अध्ययनों ने इसे लगभग 15-17% या उससे भी अधिक बताया है।

**# सवाल है कि फिर भी उनके इन महत्वपूर्ण कार्यों को मान्यता क्यों नहीं मिलती? तो जवाब निम्नलिखित होगा:–**

पहला, जीडीपी की गणना का तरीका: ऋड्ढ केवल उन वस्तुओं और सेवाओं को गिनता है जिनका बाजार में लेन-देन होता है। गृहिणी का श्रम घर के भीतर होता है, इसलिए वह राष्ट्रीय आय के आंकड़ों में सीधे नहीं दिखता।

दूसरा, ऐतिहासिक सामाजिक दृष्टिकोण: सदियों से घरेलू कार्यों को महिलाओं का स्वाभाविक दायित्व माना गया। जब किसी कार्य को कर्तव्य मान लिया जाता है, तो उसका आर्थिक मूल्यांकन कम हो जाता है।

तीसरा, श्रम का अदृश्य होना: एक गृहिणी दिनभर में दर्जनों काम करती है, लेकिन वे छोटे-छोटे हिस्सों में बंटे होते हैं। इसलिए उनका श्रम उतना दिखाई नहीं देता जितना किसी कार्यालय या फैक्ट्री में काम करने वाले व्यक्ति का।

चौथा, नीति निर्माण में कम प्रतिनिधित्व: सत्ता और नीति-निर्माण संस्थानों में लंबे समय तक पुरुषों का वर्चस्व रहा। परिणामस्वरूप घरेलू श्रम के आर्थिक मूल्यांकन का प्रश्न प्राथमिकता नहीं बन पाया।

पांचवां, वेतन और मूल्य का भ्रम: समाज अक्सर मानता है कि जिस काम के बदले वेतन नहीं मिलता, उसका आर्थिक मूल्य भी नहीं है। जबकि गृहिणी का श्रम परिवार की आय और उत्पादकता को प्रत्यक्ष रूप से बढ़ाता है।

**# सवाल है कि निजी क्षेत्र और सरकारें क्या कर सकती हैं?**

तो अपेक्षाएं निम्नलिखित होंगीं:-


पहला, घरेलू श्रम का नियमित आर्थिक मूल्यांकन। दूसरा, जनगणना और राष्ट्रीय सर्वेक्षणों में गृहिणी श्रम का अलग लेखा-जोखा। तीसरा, सामाजिक सुरक्षा, पेंशन और बीमा योजनाओं का विस्तार। चौथा, घरेलू कार्यों को अनपेड वर्क के रूप में नीति दस्तावेजों में मान्यता। और पांचवां, परिवारों में घरेलू जिम्मेदारियों का अधिक समान वितरण।

# कितने बूस्टर

यह धारणा शायद बीते वर्ष में ही रह गई कि कोविड-19 से सुरक्षा में तीसरी खुराक (बूस्टर डोज) बहुत प्रभावी होगी। खासकर ओमीक्रोन के बाद तो कुछ देश चौथी खुराक भी देने लगे हैं। क्या पांचवीं, छठी व उसके बाद भी खुराक की जरूरत पडेगी? एक के बाद एक खुराक ली जाए, क्या यह व्यावहारिक है? क्या ये टीके बार-बार देने के लिए बनाए गए हैं? ज्यादातर वैज्ञानिक मानते हैं कि बार-बार टीके देने की यह रणनीति व्यावहारिक नहीं है। इंपीरियल कॉलेज, लंदन के प्रतिरक्षा विज्ञानी डैनी ऑल्टमैन का कहना है कि ह्यहम टीकाकरण के मोर्चे पर पूरी तरह से अनजान क्षेत्र में हैं। हम एक आपातकालीन उपाय के रूप में लगातार एमआरएनए बूस्टर के वास्तविक कार्यक्रम में झटके खा चुके हैं। यह वास्तव में आगे का रास्ता नहीं लगता है ह्ल इजरायल के क्लैलिट हेल्थ इंस्टीट्यूट के सार्वजनिक स्वास्थ्य चिकित्सक रैन बालिसर कहते हैं, जनवरी की शुरूआत में इजरायल ने वृद्धों, कमजोर लोगों और स्वास्थ्यकर्मियों को चौथी खुराक देने की शुरूआत कर दी है। इस हफ्ते आए इजरायल के प्रारंभिक आंकड़ों से पता चलता है कि चौथी खुराक संक्रमण और गंभीर बीमारी के जोखिम को कम करती है। हालांकि, आने वाले दिनों में जब और आंकड़े आएंगे, तब स्थिति ज्यादा स्पष्ट होगी। बूस्टर डोज को लेकर शोधकताओं में बहस तेज हो गई है। कोविड-19 का हमला और उसके नए-नए प्रकार का सामने आना, कुछ इतनी जल्दी में हो रहा है कि वैज्ञानिक साफ तौर पर कुछ बता नहीं पा रहे हैं। इलाज की राह में उन्हें जहां भी कुछ संभावना लग रही है, हाथ-पांव मार रहे हैं। संक्रमण को रोकना बड़ी चुनौती है और वायरस के नए-नए प्रकार लगातार तनाव बढ़ाए चले जा रहे हैं। एक बड़ा तनाव यह भी है कि दो खुराक ले चुके लोगों में भी संक्रमण क्यों देखा जा रहा है? क्या बूस्टर भी लंबे समय तक संक्रमण को रोकने में नाकाम हो रहे हैं? फिक्र इसलिए बढ़ जाती है, क्योंकि कोई भी वैज्ञानिक गारंटी देने की स्थिति में नहीं है। इजरायल में पिछले वर्ष जून व नवंबर के बीच जुटाए गए आंकड़े दशार्ते हैं कि बूस्टर डोज के एक तिहाई मामलों में प्रतिरक्षा कुछ ही महीने में कम हो जा रही है। यह दुखद है, जब कई देशों में लोगों को पहली खुराक भी नहीं लगी है, तब इजरायल, चिली, कंबोडिया, डेनमार्क व स्वीडन जैसे देश चौथी खुराक पर पहुंच रहे हैं। चार खुराक से भी एंटीबॉडी का स्तर बढ़ता है या नहीं, यह देखा जाना बाकी है। बोलिसर कहते हैं, ह्यअंतहीन बूस्टर खुराक देने के बजाय महामारी को धीमा करने का एक बेहतर तरीका नए टीकों को विकसित करना होगा। ऐसे टीके बनाने पड़ेंगे, जो लंबे समय तक सुरक्षा प्रदान कर सकें। ओमीक्रोन-विशिष्ट टीकों पर पहला डाटा आगामी महीने में आने की उम्मीद है। हालांकि, अभी भी एक व्यापक कारगर टीके के लिए हमें इंतजार करना पड़ सकता है। क्या हम ऐसी कोई एक वैक्सीन खोज पाएंगे? कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी सांताक्रूज में रोग पारिस्थितिकीविद् मॉर्म किलपैट्रिक कहते हैं, ह्यवायरल विकास से निपटने के दौरान हमेशा अनिश्चितता होती है ह्ल न्यूजीलैंड की ओटागो यूनिवर्सिटी के संक्रामक रोग विशेषज्ञ पीटर मैकइंटायर का तर्क है कि जब तक हमारे पास नए टीके नहीं हैं, दूसरे उपायों और एंटीवायरल दवाओं को प्राथमिकता देनी चाहिए। बचाव के उपायों में ढील की अभी गुंजाइश नहीं है।

# डिलीवरी कर्मचारी को सड़क पर अनेक प्रकार के जोखिम का करना पड़ता है सामना

विभिन्न कंपनियों द्वारा रोजमर्रा की वस्तुओं से लेकर खानपान से संबंधित तमाम उपभोक्ता वस्तुओं को घरों तक निर्धारित समय के भीतर पहुंचाने का प्रयास करना ग्राहकों के लिए बेशक सुविधाजनक है परंतु संबंधित कर्मचारियों के लिए यह जानलेवा साबित हो रहा है। लगभग हर हाथ में स्मार्टफोन आने के बाद से हमारी जीवन शैली में व्यापक परिवर्तन हुआ है। स्मार्टफोन ने हमारे कामकाज का तरीका काफी हद तक आसान कर दिया है, परंतु अनेक कारणों से हमारी जीवन शैली दिनों-दिन अधिक व्यस्त होती जा रही है। इस कारण खरीदारी के स्वरूप में भी आमूलचूल परिवर्तन हुआ है। कपड़ों और इलेक्ट्रानिक वस्तुओं से लेकर तमाम उपभोक्ता वस्तुओं की खरीदारी अब घर बैठे ही कर पाना संभव है। तमाम कंपनियां उपभोक्ताओं को ये सारे सामान उनके घरों तक पहुंचाने में जुट गई हैं। दुनिया की बड़ी कंपनियों में शामिल अमेजन का तो मुख्य काम ही यही है, लोगों तक सामान की डिलीवरी करना। खरीदारी के इस स्वरूप का निरंतर विस्तार होता गया और आज स्थिति यहां तक आ पहुंची है कि कच्चा राशन से लेकर पका हुआ खाना तक, सबकुछ आप घर बैठे एक न्यूनतम समय-सीमा के भीतर मंगवा सकते हैं। आज देश के हर बड़े शहर में ऐसी अनेक कंपनियां अस्तित्व में आ चुकी हैं, जो आपकी रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं से लेकर दवाओं तक को कुछ घंटों या कई बार महज 10 मिनट में आपके घर तक पहुंचाने का दावा करती हैं और ऐसा करने का पूरा प्रयास भी करती हैं। बेशक आनलाइन खरीदारी ने हमारी जिंदगी को काफी हद तक आसान बना दिया है, परंतु इसके साथ ही एक नई समस्या भी पैदा हुई है, जिस ओर अभी समाज और सरकार का ध्यान नहीं गया है। दरअसल खानपान की वस्तुओं को डिलीवर करने वाली बहुत सी कंपनियों के बाजार में आने से इनके बीच आपसी प्रतिस्पर्धा बढ़ गई है। ऐसे में ये कंपनियां अब उपभोक्ताओं तक कम से कम समय में सामान पहुंचाने की पेशकश करती हैं। कारोबार को बढ़ाने के लिए इस प्रकार के व्यवहार को अपनाने में कोई बुराई भी नहीं है। परंतु इस कवायद में एक महत्वपूर्ण मानवीय पहलू की अनदेखी की जा रही है, जिसका खामियाजा सामान पहुंचाने वालों को भुगतना पड़ रहा है। कुछ दिनों पहले एक फूड डिलीवरी कंपनी के कर्मचारी सलिल त्रिपाठी का एक सड़क दुर्घटना में निधन हो गया। वैसे अब तक की जांच से यही सामने आया है कि दिल्ली पुलिस के एक सिपाही ने सलिल त्रिपाठी की बाइक में कार से ठोकर मारी थी। परंतु दुर्घटना के इस मामले को इस नजरिये से भी देखा जाना चाहिए कि संबंधित फूड डिलीवरी कंपनी की नीतियां भी कहीं न कहीं इनके कर्मचारियों के लिए जोखिम बढ़ा रही हैं। इस संदर्भ में ग्राहकों को भी निश्चित तौर पर धैर्य दशार्ना होगा। दरअसल कुछ ग्राहक ऐसे भी होते हैं जो सामान आर्डर करने के बाद उसे जल्द से जल्द अपने घर पर पाने के लिए उतावले रहते हैं। उन्हें यह समझना चाहिए कि उनका सामान लेकर आने वाला कर्मचारी किस तरह की मुश्किल परिस्थितियों के बीच उनके पास पहुंचने का प्रयास कर रहा है। कई बार राह भटकने से समय-सीमा के भीतर गंतव्य तक पहुंचने की उसकी चुनौती और बढ़ जाती है।



# पटना में पूर्व मुखिया की डेड बॉडी मिलते ही बीच रोड पर बवाल, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप, कई मामलों में थे फरार

एजेंसी

**पटना:** पटना में शुक्रवार की सुबह जमकर बवाल हुआ. दानापुर के बिहटा थाना इलाके की राघोपुर पंचायत के पूर्व मुखिया संजय सिंह यादव की डेड बॉडी मिलने के बाद पूरे इलाके में तनाव है. शुक्रवार सुबह उनका शव राघोपुर गांव के बधार स्थित एक बोरिंग के पास मिली. सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच गए.

**परिजनों ने जमकर किया हंगामा**

घटना की जानकारी मिलने के बाद बिहटा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी. शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू की गई. मौके पर एफएसएल टीम और



वरीय पुलिस अधिकारियों के पहुंचने की भी सूचना है. पूर्व मुखिया की डेड बॉडी मिलने से आक्रोशित ग्रामीणों ने जमकर प्रदर्शन किया.जानकारी के मुताबिक, लोगों ने सड़क पर आगजनी कर मुख्य मार्ग जाम कर दिया और हत्या के विरोध में नारेबाजी की. गुस्साए लोगों ने हत्यारों की जल्द गिरफ्तारी और निष्पक्ष जांच की मांग की. सड़क जाम के कारण यातायात पूरी तरह बाधित हो गया.

**परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप**

परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए शव उठाने से इनकार कर दिया. देखते ही देखते माहौल तनावपूर्ण हो गया और ग्रामीण सड़क पर उतर आए. सूचना मिलने पर बिहटा थाना पुलिस और वरीय अधिकारी मौके पर पहुंचे. पुलिस ने लोगों को समझाकर जाम हटाने और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने का प्रयास किया, लेकिन आक्रोशित लोगों ने काफी देर तक शव नहीं उठने दिया. बाद में पुलिस ने घटनास्थल को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कीपरिजनों का आरोप है कि संजय सिंह यादव की हत्या जमीन विवाद को लेकर की गई है. उनका कहना है कि वह कई मामलों में फरार चल रहे थे और कोर्ट में आत्मसमर्पण करने की तैयारी के लिए घर आए थे. शुक्रवार सुबह वह खेत की बोरिंग की ओर गए थे, जहां उनकी हत्या कर दी गई. परिजनों ने पुलिस के समक्ष तीन लोगों पर हत्या की आशंका जताते हुए कार्रवाई की मांग की है.

**पूर्व मुखिया पर दर्ज थे आपराधिक मामले**

स्थानीय लोगों के अनुसार, संजय सिंह यादव धर्मकांटा, ट्रक संचालन और जमीन की खरीद-बिक्री के व्यवसाय से जुड़े थे. संजय सिंह यादव के खिलाफ पहले भी कई मामले दर्ज बताए जाते हैं. कुछ समय पहले पुलिस ने उनके घर पर छापेमारी की थी, लेकिन उस दौरान वह फरार थे.फिलहाल घटना के कारणों का स्पष्ट खुलासा नहीं हो सका है. पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है. अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट, साइंटिफिक एविडेंस और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी. इलाके में तनाव को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है.

# बिहार में 680 करोड़ रुपये की लागत से बनेगा हरिहरनाथ कॉरिडोर, जमीन सर्वे का काम शुरू

**बिहार:** बिहार के सोनपुर की सूरत बदलने वाली है. सोनपुर को आर्थिक बढ़ावा होने के साथ-साथ वह एक धार्मिक पर्यटन का केंद्र भी बनने वाला है. सरकार की तरफ से प्रस्तावित हरिहरनाथ कॉरिडोर परियोजना पर काम शुरू हो गया है. इसे लेकर अपडेट है कि प्रशासन की तरफ से जमीन सर्वे और सीमांकन का काम शुरू कर दिया गया है, जिससे लोगों की उम्मीदें बढ़ीं हैं.

**6 अमीनों को दी गई जिम्मेदारी**

जानकारी के मुताबिक, जमीन सर्वे के लिए 6 अमीनों को लगाया गया है. वे सीमाओं के निर्धारण, जमीनों की पैमाइश और राजस्व अभिलेखों के वेरिफिकेशन में जुटे हैं. इस काम के बाद ही आगे के काम को सुचारु रूप से बढ़ाया जा सकेगा. सोनपुर के लिए यह परियोजना बेहद खास



मानी जा रही है. इसके बनने से सोनपुर जाने वाले श्रद्धालुओं को भी सुविधा हो सकेगी. साथ ही रोजगार के नए अवसर भी उपलब्ध हो सकेंगे.

**क्यों मुश्किल माना जा रहा जमीन सर्वे?**

जमीन सर्वे का काम प्रशासन के लिए कहीं ना कहीं चैलेंजिंग माना जा रहा है. मिली जानकारी के अनुसार, मंदिर के आस-पास का इलाका घनी आबादी वाला है. ऐसी स्थिति में जमीन का सीमांकन और अभिलेखों का मिलान कर पाना कठिन काम हो सकता है. अब संभावना जताई जा रही है कि कुछ जगहों पर पुराने राजस्व रिकॉर्ड और वर्तमान स्थिति में अंतर मिल सकती है. ऐसे में इस सर्वेक्षण को पारदर्शिता के साथ करने पर पूरा ध्यान दिया जा रहा है.

**काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की तरह होगा तैयार**

वाराणसी के काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की तर्ज पर ही हरिहरनाथ कॉरिडोर को विकसित किया जाएगा. इस परियोजना पर करीब 680 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे. इससे न सिर्फ मंदिर का धार्मिक महत्व और बढ़ेगा, बल्कि पर्यटन को भी नई दिशा मिलेगी. सरकार का मानना है कि इस कॉरिडोर के बनने से देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में बढ़ोतरी होगी और स्थानीय लोगों को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे.

# बिहार पंचायत चुनाव में मल्टी-पोस्ट ईवीएम से डलेंगे वोट, बोले मंत्री दीपक प्रकाश

एजेंसी

**नालंदा:** बिहार के पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने शुक्रवार को नालंदा का दौरा किया. बिहार शरीफ सर्किट हाउस में प्रेसवार्ता कर जिले में चल रही पंचायती राज विभाग की योजनाओं की विस्तृत समीक्षा रिपोर्ट पेश की और आगामी पंचायत चुनाव, पंचायत सरकार भवन और पंचायतों की वित्तीय स्थिति सहित कई अहम मुद्दों पर सरकार का रुख स्पष्ट किया.

**नालंदा दौरे पर दीपक प्रकाश:** मंत्री ने सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट 'पंचायत सरकार भवन' पर चर्चा करते हुए बताया कि नालंदा जिले की 227 पंचायतों में से 134 में इसका निर्माण पूरा हो चुका है और वे पूरी तरह क्रियाशील हैं. उन्होंने



कहा कि शेष 87 पंचायतों में काम चल रहा है.

**मिनी सचिवालय के रूप में विकसित:** दीपक प्रकाश ने कहा कि पंचायत सरकार भवनों को मिनी सचिवालय के रूप में विकसित किया जा रहा है. जिले के 51 पंचायत सरकार भवनों में पोस्ट ऑफिस क्रियाशील हो चुके हैं. जल्द ही इनमें 'आधार केंद्र' भी खोले जाएंगे, जिसके लिए कार्यपालक सहायकों की ट्रेनिंग और सर्टिफिकेशन का काम चल रहा है.मंत्री ने बताया कि हर पंचायत में 'कन्या विवाह मंडप' बनाने की योजना है. नालंदा की 24 पंचायतों में इसकी स्वीकृति मिल गई है, जिनमें से 16 का एस्टीमेट तैयार हो चुका है. इसके अलावे जिले में 115 मोक्ष धाम (श्मशान/कब्रिस्तान) को भी चिह्नित किया गया है, जिनका जल्द ही विकास किया जाएगा. सोलर स्ट्रीट लाइट योजना के तहत जिले के 32,900 के लक्ष्य में से 32,710 लाइटें लगाई जा चुकी हैं और शेष 190 इस महीने पूरी हो जाएंगी.

**'सहयोग शिविर' पर क्या बोले?:** पंचायतों में लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए लगाए जा रहे 'सहयोग शिविर' की सफलता पर मंत्री ने कहा कि नालंदा में अब तक 753 आवेदन आए हैं, जिनमें से 711 का निष्पादन किया जा चुका है. लंबित मामलों को एक महीने के अंदर सुलझा लिया जाएगा. पंचायत सरकार भवनों में खटाल (जानवर) बांधे जाने की शिकायत पर उन्होंने कहा कि अगर ऐसी कोई विशेष जगह चिह्नित की जाती है, तो उस पर सख्त कार्रवाई होगी.

**पंचायत चुनाव पर बड़ा ऐलान:** वहीं, आगामी पंचायत चुनाव पर स्थिति साफ करते हुए मंत्री ने कहा कि चुनाव की तैयारियां निर्वाचन आयोग के निर्देशन में चल रही हैं. इस बार का चुनाव कई मायनों में खास होगा. उन्होंने कहा कि इस बार 6 पदों के लिए एक कंट्रोल यूनिट और छः अलग-अलग बैलेट यूनिट वाली मल्टी-पोस्ट एव्ट से वोट डाले जाएंगे, जिससे प्रक्रिया पारदर्शी और आसान होगी.

**आरक्षण का नया रोस्टर लागू होगा:** दीपक प्रकाश ने कहा कि 10 साल पूरे होने के कारण इस बार पंचायत चुनाव में आरक्षण का नया रोस्टर लागू होगा. अध्यक्ष/प्रमुख का चुनाव, जिला परिषद अध्यक्ष और प्रमुख का चुनाव वर्तमान प्रक्रिया (अप्रत्यक्ष रूप से) के तहत ही होगा, क्योंकि प्रत्यक्ष चुनाव के लिए संविधान में संशोधन की आवश्यकता है.

**बांकीपुर में एनडीए की जीत तय:** बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव से जुड़े सवाल पर आरएलएम नेता दीपक प्रकाश ने कहा कि बांकीपुर में कोई मुकाबला त्रिकोणीय नहीं है, वहां तो बिल्कुल एकतरफा वोटिंग होती है. इस बार बार भी एकतरफा जीत होगी. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में भारत की सरकार और बिहार की सरकार ने जो काम किया है, उसके आधार पर एनडीए कैंडिडेट अभिषेक कुमार सिन्हा की जीत तय है.

# बिहार के शिक्षकों को मिलेगा मनचाहा स्कूल, आज से खुलेगा ट्रांसफर पोर्टल, जल्द शुरू होगी तबादले की प्रक्रिया

एजेंसी

**बिहार:** बिहार के सरकारी शिक्षकों के लिए राहत भरी खबर है. लंबे समय से इंतजार कर रहे शिक्षकों की तबादला प्रक्रिया अब जल्द शुरू होने वाली है. शिक्षा विभाग आज से ट्रांसफर पोर्टल खोलने की तैयारी में है. अगले सप्ताह से शिक्षकों के तबादले की प्रक्रिया शुरू होने की उम्मीद है.शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा है कि तबादले के दौरान शिक्षकों की सुविधा का पूरा ध्यान रखा जाएगा. पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन माध्यम से होगी, जिससे पारदर्शिता बनी रहेगी.

**विद्यालयवार रिक्तियों का तैयार हो रहा डाटा**

शिक्षकों के तबादले के लिए सबसे पहले विद्यालयवार रिक्तियों का अंतिम डाटा तैयार किया जा रहा है. इसके लिए विभाग ने सॉफ्टवेयर तैयार कर लिया है. मानक मंडल के आधार पर रिक्त पदों की जानकारी सॉफ्टवेयर में दर्ज की जाएगी.रिक्तियों की फाइनल



फीडिंग पूरी होने के बाद शिक्षकों से ऐच्छिक तबादले के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे जाएंगे. माना जा रहा है कि 20 जुलाई के आसपास आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो सकती है.

**डिजिटल तरीके से होगा पूरा ट्रांसफर**

शिक्षा विभाग का कहना है कि ऑनलाइन प्रक्रिया से तबादलों में पारदर्शिता बढ़ेगी. शिक्षक अपनी पसंद के विद्यालय के लिए घर बैठे आवेदन कर सकेंगे. इससे रिक्तियों का सही आकलन भी हो पाएगा.11 जुलाई को सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों (डीईओ) और जिला कार्यक्रम पदाधिकारियों (स्थापना) को सॉफ्टवेयर का प्रशिक्षण दिया जाएगा. इसके बाद चरणबद्ध तरीके से डीपीओ (स्थापना) को विभागीय स्तर पर प्रशिक्षण के लिए बुलाया जाएगा.

**इन शिक्षकों को मिल सकती है प्राथमिकता**

सरकार की योजना है कि तबादले में शिक्षकों की समस्याओं को प्राथमिकता दी जाए. गंभीर बीमारी, दिव्यांगता, पति-पत्नी की नौकरी, घर से दूरी और पारिवारिक जिम्मेदारी जैसे कारणों को ध्यान में रखा जाएगा.इसके अलावा आपसी स्थानांतरण को भी बढ़ावा दिया जाएगा. लंबे समय से शिक्षक अपने गृह क्षेत्र के पास पोस्टिंग की मांग कर रहे थे.

**दूर तैनात शिक्षकों को मिलेगी राहत**

बिहार में नियोजित शिक्षकों को परीक्षा के बाद सरकारी शिक्षक का दर्जा दिया गया है. वहीं बीपीएससी के माध्यम से भी बड़ी संख्या में शिक्षकों की नियुक्ति हुई है. पोस्टिंग के कारण कई शिक्षक अपने घर से काफी दूर चले गए थे.अब सरकार उन्हें सुविधा के अनुसार तबादले का मौका देने जा रही है.

# शिक्षा विभाग फजीवाड़ा बर्दाश्त नहीं करेगा', मंत्री मिथिलेश तिवारी बोले- फर्जी शिक्षकों के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई

एजेंसी

**बिहार:** बिहार में 3 हजार से ज्यादा फर्जी शिक्षकों का मामला पिछले दिनों सामने आया था. इस पर शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा, लंबे समय से जांच चल रही थी. ऐसे में अब मामला सामने आया है कि 3000 से अधिक शिक्षक फर्जी हैं. उनके पास फर्जी दस्तावेज हैं. विभाग के अधिकारियों को कहा है कि इसे लेकर कड़ा एक्शन लिया जाए.

**शिक्षा मंत्री ने और क्या कहा?**

शिक्षा मंत्री ने यह भी कहा कि शिक्षा विभाग उन शिक्षकों पर ऐसी कार्रवाई करे कि आगे से कोई शिक्षक फर्जी सर्टिफिकेट के आधार पर नौकरी लेने की हिम्मत नहीं जुटा पाए. अभी भी कई जांच पेंडिंग हैं. लेकिन कोई भी फजीवाड़ा शिक्षा विभाग बर्दाश्त नहीं करेगा. भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी.




साथ ही आगे से जो भी बहाली होगी, उसमें प्रमाण पत्रों की जांच पहले होगी.

**टीआरई-4 को लेकर क्या बोले मंत्री?**

मीडिया से बातचीत के दौरान टीआरई-4 को लेकर मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा, हमने अपने विभागीय अधिकारियों को 25 जुलाई तक अधियाचना तैयार करने के लिए कहा है. हमारा मानना है कि जुलाई के अंतिम सप्ताह तक अधियाचना बीपीएससी को भेंज देंगे. कम से कम 20 हजार पदों पर बहाली की जाएगी. इससे कम नहीं होगा. अगर जरूरत होगी तो इससे ज्यादा पदों पर हो सकती है.

**फेज वाइज होगा शिक्षकों का ट्रांसफर**

इसके अलावा आज से ट्रांसफर पोर्टल खुलने को लेकर शिक्षा मंत्री ने कहा, यह प्रक्रिया कई चरणों में होगी. ई-शिक्षाकोष को लेकर अधिकारियों को ट्रेनिंग भी दी जाएगी. शिक्षा विभाग का कहना है कि ऑनलाइन प्रक्रिया से तबादलों में पारदर्शिता बढ़ेगी. शिक्षक अपनी पसंद के स्कूल के लिए घर बैठे आवेदन कर सकेंगे. इससे रिक्तियों का सही आकलन भी हो पाएगा. 11 जुलाई को सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों (डीईओ) और जिला कार्यक्रम पदाधिकारियों (स्थापना) को सॉफ्टवेयर की ट्रेनिंग दी जाएगी.

# नेपाल की बेटियों को भारतीय नागरिकता! जानें पत्नियों के लिए कैसे करें आवेदन

एजेंसी

**किशनगंज:** जिला प्रशासन ने नेपाल से विवाह कर भारत आई महिलाओं और अन्य पात्र लोगों को भारतीय नागरिकता प्रदान करने के लिए एक विशेष शिविर की शुरूआत की है. इस सराहनीय पहल का मुख्य उद्देश्य पात्र आवेदकों को एक ही स्थान पर आवश्यक जानकारी, दस्तावेज सत्यापन और आवेदन जमा करने की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना है. इससे पूरी नागरिकता प्रक्रिया बेहद सरल, पारदर्शी और समयबद्ध बनेगी.

**शिविर का आयोजन:** जिलाधिकारी नवीन कुमार के कुशल निर्देश पर यह विशेष अभियान जिले के विभिन्न प्रखंड मुख्यालयों में आयोजित किया जा रहा है. इस विकेंद्रीकृत व्यवस्था से जिले के अलग-अलग ग्रामीण क्षेत्रों के आवेदकों को लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी. प्रशासन का मानना है कि इस अनूठी व्यवस्था से जरूरतमंद और पात्र आवेदकों को सरकारी कार्यालयों के बार-बार चक्कर लगाने से पूरी तरह मुक्ति



मिल जाएगी.

**महत्वपूर्ण तिथियां:** प्रशासन द्वारा दी गई आधिकारिक जानकारी के अनुसार यह विशेष नागरिकता शिविर कुल तीन चरणों में आयोजित किया जा रहा है. इसका पहला चरण सफलतापूर्वक संपन्न हो चुका है. आगामी चरणों के तहत 15 जुलाई और 22 जुलाई 2026 को विभिन्न प्रखंडों में शिविर लगाए जाएंगे. इन शिविरों के माध्यम से पात्र व्यक्तियों से नागरिकता के लिए नए आवेदन सीधे स्वीकार किए जा रहे हैं.

**कानूनी प्रावधान:** इस विशेष अभियान के दौरान भारतीय नागरिकता अधिनियम, 1955 की धारा 5(1)(सी) और धारा 6(1) के अंतर्गत आने वाले योग्य व्यक्तियों के आवेदन स्वीकार किए जा रहे हैं. प्रशासन का मुख्य लक्ष्य उन सभी पात्र लोगों तक सरकारी लाभ पहुंचाना है, जो भारत की नागरिकता प्राप्त करने के लिए तय किए गए सभी आवश्यक और निर्धारित कानूनी मापदंडों को पूरी तरह से संतुष्ट करते हैं.

**बीडीओ को आदेश:** किशनगंज जिला प्रशासन ने एक महत्वपूर्ण पत्र जारी किया है. जिला पदाधिकारी ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को नागरिकता प्रक्रिया को लेकर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का कड़ा आदेश दिया है. इस सरकारी निर्देश के तहत नेपाल की महिलाओं से विवाह करने वाले भारतीय नागरिक अब अपनी पत्नियों के लिए भारतीय नागरिकता अधिनियम, 1955 के अंतर्गत आसानी से आवेदन पत्र जमा कर सकेंगे.

**आवेदन की प्रक्रिया:** प्रशासनिक निर्देश के अनुसार आवेदकों को निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपना आवेदन जमा करना होगा. सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को आदेश मिला है कि वे प्राप्त आवेदनों को नियमानुसार स्वीकार करें. इसके बाद वे स्थानीय स्तर पर आवश्यक जांच पूरी करके इसे जिला सामान्य शाखा, किशनगंज को आगे की कार्रवाई के लिए अग्रसारित करेंगे.

**पारदर्शिता पर जोर:** जिला प्रशासन ने इस पूरी आवेदन प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने और पात्र आवेदकों को किसी भी प्रकार की अनावश्यक परेशानी से बचाने का सख्त निर्देश दिया है. इस विशेष व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य नागरिकता संबंधी गंभीर मामलों में पूर्ण स्पष्टता लाना है. इसके साथ ही योग्य लोगों को तय कानूनी प्रक्रिया के तहत समयबद्ध तरीके से आवश्यक सरकारी सुविधा उपलब्ध कराना है.

# कभी गर्भ में मरा बच्चा तो कभी टूटी रीढ़ की हड्डी, महिला दारोगा के इश्क में अंधा बीडीओ के हैवानियत की कहानी

एजेंसी

**बिहार:** प्यार अंधा होता है, लेकिन किसी के प्यार में अंधा होकर कोई अपनी ही जीवनसंगिनी का दुश्मन बन जाए तो मानवता शर्मसार हो जाती है. मुजफ्फरपुर से एक ऐसा ही दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है, जहां जाले के बीडीओ मनोज कुमार एक महिला दारोगा अनु कुमारी के इश्क में इस कदर गिरफ्तार थे कि उन्होंने अपनी ही पत्नी अमृता को रास्ते से हटाने के लिए प्रताड़ना का खूनी खेल खेला. मृतका के भाई राजकुमार ने बीडीओ और उनके परिवार पर अमृता की बेरहमी से हत्या करने का आरोप लगाया है. भाई का कहना है कि अगर वह महिला दारोगा बीडीओ की जिंदगी में न आई होती तो आज उसकी बहन जिंदा होती.

**कभी गर्भ में घुट गई बच्चे की सांस, तो कभी तोड़ दी रीढ़ की हड्डी**

अमृता की शादी के बाद से ही उस पर जुल्मों का पहाड़ टूटने लगा



था. परिजनों का आरोप है कि साल 2024 में जब अमृता आठ महीने की गर्भवती थी और उसे लेबर पेन हुआ तो बीडीओ उसे अस्पताल ले जाने के बजाय मीटिंग में चले गए. देरी के कारण बच्चे की पेट में ही मौत हो गई. इसके बाद जनवरी 2026 में दरभंगा के जाले स्थित सरकारी आवास में बीडीओ ने अमृता को इस कदर पीटा कि उसकी रीढ़ की हड्डी में हेयर फ्रैक्चर हो गया. वह दो महीने तक बिस्तर पर रही. साल 2025 में हुई मारपीट का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें बीडीओ के पूरे परिवार की हैवानियत साफ दिख रही है. आरोप है कि महिला दारोगा अनु कुमारी ने खुद अमृता को फोन कर रास्ते से हटने की धमकी दी थी.

## संक्षिप्त खबर

### एक करोड़ लाभार्थियों के खाते में सामाजिक सुरक्षा पेंशन के 1,423 करोड़ ट्रांसफर


**बिहार :** बिहार सरकार ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत राज्य के 97.84 लाख लाभार्थियों के बैंक खातों में 1,100 रुपये की मासिक पेंशन भेज दी है. यह राशि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (DBT) के जरिए सीधे खातों में जमा की गई. इस दौरान सरकार ने कुल 1,423.94 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए.सरकार के अनुसार, इस योजना का लाभ बुजुर्गों, दिव्यांगों और विधवा महिलाओं को दिया जाता है. इसका उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को हर महीने नियमित आर्थिक सहायता देना है, ताकि वे अपनी जरूरी जरूरतों को आसानी से पूरा कर सकें.राशि जारी करने के बाद मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि सरकार समाज के जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए लगातार काम कर रही है. उन्होंने कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन केवल आर्थिक सहायता नहीं है, बल्कि यह कमजोर वर्गों को सम्मान के साथ जीवन जीने में भी मदद करती है. सरकार की कोशिश है कि सभी पात्र लोगों को समय पर पेंशन मिलती रहे.मुख्यमंत्री ने एक दिन पहले ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर सामाजिक सुरक्षा पेंशन ट्रांसफर करने की जानकारी दी थी. सीएम ने बताया था कि अब सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि हर महीने की 10 तारीख को लाभार्थियों के बैंक खातों में भेजी जाएगी. इससे लोगों को तय समय पर पैसा मिलेगा और भुगतान में देरी की समस्या नहीं होगी.सरकार का कहना है कि नियमित समय पर पेंशन मिलने से लाभार्थी अपने मासिक खर्च की बेहतर योजना बना सकेंगे. वहीं, DBT व्यवस्था के कारण पैसा सीधे खाते में पहुंचता है, जिससे पारदर्शिता बनी रहती है और बिचौलियों या गड़बड़ी की संभावना भी कम हो जाती है.सरकार का दावा है कि यह योजना लाखों जरूरतमंद परिवारों के लिए बड़ी राहत है. बढ़ती महंगाई के बीच मिलने वाली यह मासिक सहायता दवाइयों, खाने-पीने और अन्य जरूरी खर्चों को पूरा करने में मददगार साबित हो रही है. इसलिए सरकार योजना के बेहतर संचालन पर विशेष ध्यान दे रही है.राजनीतिक रूप से भी इस पहल को अहम माना जा रहा है, क्योंकि राज्य में सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लाभार्थियों की संख्या काफी अधिक है. सरकार का कहना है कि हर महीने तय तारीख पर पेंशन भेजने की व्यवस्था सुशासन और जनकल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है.सरकार ने भरोसा दिलाया है कि आगे भी सभी पात्र लाभार्थियों को समय पर पेंशन मिलती रहेगी. साथ ही ऊ्ळ प्रणाली को और मजबूत बनाया जाएगा, ताकि बिना किसी परेशानी के योजना का लाभ सीधे लोगों तक पहुंचता रहे.

### पटना नगर निगम में होल्डिंग म्यूटेशन धीमा, पाटलिपुत्र, कंकड़बाग और बांकीपुर में सबसे ज्यादा अटके आवेदन, देखिए लिस्ट

**बिहार :** राजधानी पटना में होल्डिंग म्यूटेशन की धीमी प्रक्रिया लोगों के लिए बड़ी परेशानी बनती जा रही है. पटना नगर निगम के छह अंचलों में 35 दिनों से अधिक समय से 679 आवेदन लंबित हैं. इनमें 79 मामले ऐसे हैं, जो 500 दिनों से भी अधिक समय से अटके हुए हैं. सबसे अधिक लंबित आवेदन पाटलिपुत्र, बांकीपुर और कंकड़बाग अंचलों में दर्ज किए गए हैं.जानकारी अनुसार पटना नगर निगम में होल्डिंग म्यूटेशन की प्रक्रिया अपेक्षित गति से पूरी नहीं हो रही है. पुराने मामलों के लंबित रहने से नए आवेदनों के निपटारे पर भी असर पड़ रहा है.नगर निगम के आंकड़ों के अनुसार, 35 दिनों से अधिक समय से 679 आवेदन लंबित हैं. इनमें 36 से 100 दिनों के 262 आवेदन, 101 से 300 दिनों के 237 आवेदन, 301 से 500 दिनों के 101 आवेदन और 500 दिनों से अधिक समय से लंबित 79 आवेदन शामिल हैं. वहीं 0 से 35 दिनों के भीतर प्रक्रिया में 619 आवेदन हैं.सबसे अधिक चिंता उन 79 आवेदनों को लेकर है, जो 500 दिनों से भी अधिक समय से लंबित हैं. इतनी लंबी देरी से आवेदकों को होल्डिंग ट्रांसफर, कर भुगतान और अन्य प्रशासनिक कार्यों में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.अंचलवार आंकड़ों पर नजर डालें तो पाटलिपुत्र अंचल में सबसे अधिक 174 आवेदन लंबित हैं. इसके बाद बांकीपुर और कंकड़बाग में 170-170 आवेदन 35 दिनों से अधिक समय से लंबित हैं. वहीं अजीमाबाद में 147, न्यू कैपिटल में 13 और पटना सिटी में केवल 5 आवेदन लंबित हैं.नगर निगम के अनुसार, अधिकांश आवेदन अभी भी प्रक्रिया के विभिन्न चरणों में हैं. कई मामलों में नोटिस जारी किए जा चुके हैं, जबकि कुछ मामलों में आदेश पत्र अपलोड होने की प्रक्रिया जारी है. हालांकि पुराने मामलों का समय पर निपटारा नहीं होने से लंबित आवेदनों का बोझ लगातार बढ़ रहा है.नगर निगम प्रशासन के सामने सबसे बड़ी चुनौती पुराने लंबित मामलों का शीघ्र निपटारा करना है. यदि पुराने मामलों का समाधान तेज नहीं हुआ तो नए आवेदनों की संख्या बढ़ने से म्यूटेशन प्रक्रिया पर और दबाव पड़ सकता है.

### टॉप-10 वांछित कुख्यात अपराधी गोलू चौधरी गिरफ्तार, 2021 के लूट-गोलीकांड का था आरोपी

**मुजफ्फरपुर:** बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के टॉप-10 वांछित अपराधियों की सूची में शामिल कुख्यात अपराधी गोलू चौधरी को बिहार एसटीएफ और साहेबगंज थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार कर लिया है. साल 2021 से फरार चल रहे गोलू चौधरी को गुप्त सूचना पर पटना के दानापुर रेलवे स्टेशन के पास छापेमारी कर पकड़ा गया. पूछताछ के




बाद उसे स्थानीय पुलिस के हवाले कर दिया गया. गोलू चौधरी साहेबगंज थाना क्षेत्र के धनैया गांव का निवासी है. पुलिस के अनुसार, वह 17 नवंबर 2021 को साहेबगंज थाना क्षेत्र के नवलपुर कांटा मोड़ के पास हुई लूट और गोलीबारी की घटना का मुख्य आरोपी है. इस कांड में शामिल दो अन्य आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है. एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा ने बताया कि गोलू चौधरी के खिलाफ साहेबगंज थाना में लूट, डकैती, हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट और अवैध हथियार रखने समेत कई मामले दर्ज हैं. आरोपी लगातार अपनी पहचान छिपाकर पुलिस को चकमा दे रहा था. एसएसपी ने कहा कि जिले में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी और अपराध नियंत्रण के लिए लगातार विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं. इसी क्रम में एसटीएफ और साहेबगंज थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में गोलू चौधरी को सफलतापूर्वक गिरफ्तार किया गया.पूछताछ के दौरान पुलिस आरोपी के आपराधिक नेटवर्क और अन्य लंबित मामलों की जानकारी जुटा रही है. गोलू चौधरी के खिलाफ दर्ज अन्य मामलों की भी गहन जांच की जा रही है. पूछताछ पूरी होने के बाद गोलू चौधरी को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी. पुलिस का दावा है कि इस गिरफ्तारी से जिले में अपराधियों के मनोबल पर ब्रेक लगेगा.

## खबर संक्षेप

### तनिष्क ने पेश की एक्सक्लूसिव ज्वेलरी

**पेरिस।** ज्वेलरी ब्रांड तनिष्क नेचुरल डायमंड्स और अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त फैशन डिजाइनर राहुल मिश्रा ने पेरिस कूटुर वीक 2026 में अपना पहला एक्सक्लूसिव कूटुर ज्वेलरी कलेक्शन लांच किया। यह सहयोग भारत के प्रमुख ज्वेलरी हाउस और देश के अग्रणी फैशन डिजाइनर के बीच एक महत्वपूर्ण साझेदारी के रूप में देखा जा रहा है। कंपनी के अनुसार, यह कलेक्शन ओट कूटुर और हाई ज्वेलरी का अनूठा संगम है, जिसमें आधुनिक भारतीय लग्जरी को नए अंदाज में प्रस्तुत किया गया है।

### टिंकूज ने जोमैटो के साथ की साझेदारी

**इंदौर।** लोकप्रिय कैफे ब्रांड टिंकूज ने जोमैटो के साथ साझेदारी के बाद अपने कारोबार में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। कंपनी के अनुसार, ब्रांड के सालाना ऑर्डर में लगभग 2.6 गुना बढ़ोतरी हुई है। 1997 में स्थापित टिंकूज आज शहर में 10 आउटलेट्स के साथ अपने सिग्नेचर सैंडविच, कॉफी और ग्राहक-केंद्रित सेवा के लिए पहचान बना चुका है। टिंकूज के संस्थापक हेमंत कौल ने कहा ग्राहकों के बदलते स्वाद और पसंद को ध्यान में रखकर की गई थी। जोमैटो के सीईओ आदित्य मंगला ने कहा कि टिंकूज जैसे स्थानीय ब्रांड को अपनी मूल पहचान हुए है।

### मिलवर्क्स टेक्नोलॉजीज का आईपीओ 14 को


**मुंबई।** मिलवर्क्स टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ने अपने आईपीओ को मंगलवार, 14 जुलाई 2026 से खोलने की घोषणा की है। कंपनी का लक्ष्य अपर प्राइस बैंड पर 160.33 करोड़ रुपए जुटाने का है। कंपनी के शेयर बीएसई एसएमई प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध होंगे। आईपीओ के तहत 10 अंकित मूल्य वाले 48,44,000 इक्विटी शेयर जारी किए जाएंगे। इश्यू का प्राइस बैंड 315 से 331 रुपए प्रति शेयर निर्धारित किया गया है। यह इश्यू गुरुवार, 16 जुलाई 2026 को बंद होगा।

### रुपया 20 पैसे टूटकर 95.38 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** रुपया सोमवार को 20 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.38 पर आ गया। विदेशी बाजार में अमेरिकी मुद्रा के मजबूत होने से रुपये पर दबाव पड़ा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.25 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह डॉलर के मुकाबले 95.22 से 95.48 के दायरे में रहा।

### प्रेस्टिज एस्टेट्स ने एडवेंट में आधी हिस्सेदारी खरीदी



**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी प्रेस्टिज एस्टेट्स प्रोजेक्ट्स लिमिटेड ने अपनी विस्तार योजना के तहत एडवेंट कन्वेंशन एंड होटल्स इंटरनेशनल लिमिटेड में 50 प्रतिशत हिस्सेदारी 504 करोड़ रुपये में खरीद ली है। एडवेंट कन्वेंशन एंड होटल्स इंटरनेशनल लिमिटेड (एसीएचआईएल) में 50 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने के लिए निवेश समझौता किया है।

### जिंदल स्टेनलेस ने मेहता को सीएफओ किया नियुक्त



**नई दिल्ली।** जिंदल स्टेनलेस ने कुंजल मेहता को कंपनी का मुख्य वित्त अधिकारी नियुक्त करने की सोमवार को घोषणा की। स्टेनलेस स्टील बनाने वाली कंपनी ने सोमवार को बयान में कहा कि उनकी नियुक्ति 25 जून से प्रभावी है। जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल ने कहा, कुंजल के पास कॉरपोरेट वित्त, कोष, धन जुटाने और कारोबारी बदलाव सहित विभिन्न क्षेत्रों में गहरी विशेषज्ञता है। साथ ही बड़े एवं जटिल संगठनों में मूल्य सृजन का उनका मजबूत अनुभव भी है।

---

**15 दिनों में 7 रुपए प्रति किलो की बढ़ोतरी**

# शक्कर में महंगाई की कड़वाहट: एथेनॉल बनाने की सरकारी नीतियों और मानसून की अनिश्चितता से बढ़े भाव

भोपाल

गन्ने से एथेनॉल बनाने की सरकारी नीतियों और मानसून की अनिश्चितता के कारण घरेलू बाजार में शक्कर की मिठास में कड़वाहट घुट गई है। वैश्विक आपूर्ति के दबाव के कारण आम उपभोक्ताओं पर महंगाई की मार पड़ रही है। राजधानी के स्थानीय थोक बाजार हनुमानगंज,जुमेराती बाजार में शक्कर के भाव पिछले 15 दिनों में 7 रुपए उछले हैं और गुरूवार का शक्कर के थोक भाव क्वालिटीनुसार 4650 रुपए से 4700 रुपए क्विंटल बोली गई है। जबकि फुटकर में शक्कर के दाम 48 से 50 रुपए किलो के भाव है।

ब्रोकर रमाकांत तिवारी के अनुसार शक्कर की बढ़ती कीमतों का सीधा असर मिठाई, बेकरी, कोल्ड ड्रिंक और अन्य खाद्य उत्पादों की लागत पर पड़ सकता है। त्योहारी सीजन से पहले यदि आपूर्ति की स्थिति नहीं सुधरी, तो उपभोक्ताओं को और अधिक कीमत चुकानी पड़ सकती है। हालांकि सरकार का कहना है कि घरेलू आपूर्ति बनाए रखने और बाजार में संतुलन कायम रखने के लिए स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।

**आगामी त्योहारों में 50 रुपए के पार जा सकते हैं दाम**



### थोक के साथ खुदरा बाजार में भी चीनी के दाम बढ़े

व्यापारियों के अनुसार, यदि आने वाले दिनों में मानसून सामान्य रहता है और उत्पादन के बेहतर संकेत मिलते हैं, तो कीमतों में कुछ राहत देखने को मिल सकती है, लेकिन यदि मौसम प्रतिकूल रहा, तो थोक के साथ-साथ खुदरा बाजार में भी चीनी के दाम और बढ़ सकते हैं। कारोबारियों का कहना है कि फिलहाल बाजार में चीनी की उपलब्धता सामान्य है, लेकिन बढ़ती लागत और भविष्य की आशंकाओं के चलते व्यापारी सतर्क रुख अपनाए हुए हैं। उनका मानना है कि त्योहारी सीजन नजदीक आने के साथ मांग बढ़ेगी, जिससे कीमतों पर और असर पड़ सकता है।

### शक्कर महंगी होने से मिठाइयों की लागत बढ़ेगी

मिठाई कारोबारी मोहन शर्मा ने कहा कि शक्कर महंगी होने से मिठाइयों की लागत बढ़ेगी, जिसका असर त्योहारी सीजन में ग्राहकों की जेब पर भी पड़ सकता है। जानकारों का कहना है कि यदि सरकार समय रहते स्टॉक सीमा लागू कर जमाखोरी पर नियंत्रण नहीं करती, तो कीमतों में और तेजी आ सकती है। उनका मानना है कि बढ़ती मांग और सीमित उपलब्धता के चलते आने वाले दिनों में शक्कर के दाम नए स्तर पर पहुंच सकते हैं। शक्कर कारोबारी के अनुसार पिछले कुछ हफ्तों में थोक बाजार में चीनी की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की गई है। उनका मानना है कि मानसून को लेकर बनी अनिश्चितता, गन्ने की संभावित कम पैदावार और एथेनॉल उत्पादन के लिए गन्ने की बढ़ती मांग के कारण बाजार में कीमतों पर दबाव बना हुआ है।

### गन्ने का बड़ा हिस्सा एथेनॉल उत्पादन में इस्तेमाल हो रहा

शक्कर व्यापारी देवानंद सचदेवा ने कहा कि इस बार सामान्य से कम बारिश की आशंका के कारण गन्ने की पैदावार प्रभावित हो सकती है, जिससे चीनी उत्पादन पर दबाव बनने की संभावना है। इसके साथ ही सरकार की एथेनॉल मिश्रण नीति के तहत गन्ने का एक बड़ा हिस्सा एथेनॉल उत्पादन में इस्तेमाल हो रहा है, जिससे चीनी की उपलब्धता पर भी असर पड़ रहा है। आम उपभोक्ताओं की रसोई का जरूरी हिस्सा शक्कर लगातार महंगी होती जा रही है। बीते 15 दिनों में शक्कर के थोक और खुदरा भाव में करीब 7 रुपए प्रति किलो का उछाल दर्ज किया गया है। व्यापारियों और बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि यदि सरकार ने स्टॉक सीमा लागू नहीं की, तो आगामी रक्षाबंधन, जन्माष्टमी और गणेशोत्सव जैसे त्योहारों के दौरान शक्कर के दाम 50 रुपए प्रति किलो से ऊपर पहुंच सकते हैं।

---

**डीजल के दाम घटाने और तीन माह टोल टैक्स में राहत की मांग**

# ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट ने प्रधानमंत्री समेत तीन केंद्रीय मंत्रियों को भेजा ज्ञापन

भोपाल

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में आई भारी गिरावट के बावजूद देश में डीजल के दामों में अपेक्षित कमी नहीं होने पर ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी तथा केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी को ज्ञापन भेजकर डीजल की कीमतों में तत्काल कमी, तीन माह के लिए टोल टैक्स में राहत और ट्रांसपोर्ट क्षेत्र के लिए विशेष आर्थिक पैकेज की मांग की है।

ज्ञापन में कहा गया है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें अपने उच्च स्तर से घटकर लगभग 68.69 डॉलर प्रति बैरल रह गई हैं, लेकिन इसका लाभ डीजल उपभोक्ताओं तक नहीं पहुंचा है। संगठन का दावा है कि इससे ट्रांसपोर्ट उद्योग, किसान और आम नागरिकों पर आर्थिक बोझ लगातार बढ़ रहा है।





### परिवहन व्यवसाय प्रभावित

संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरीश सबरवाल, आरटीओ एवं ट्रैफिक कमेटी, चेयरमैन सीएल मुकाती के अनुसार देश के अधिकांश छोटे ट्रांसपोर्टर, जिनके पास एक से दस तक व्यावसायिक वाहन हैं, बढ़ती परिचालन लागत, कम मालभाड़े और आर्थिक मंदी के कारण गंभीर संकट से गुजर रहे हैं। डीजल के साथ-साथ टायर, स्पेयर पार्ट्स, लुब्रिकेंट्स, इंजन ऑयल, बीमा और टोल टैक्स की बढ़ती लागत ने परिवहन व्यवसाय को प्रभावित किया है। वहीं, वाहन ऋण की किस्तें समय पर जमा नहीं होने से कई वाहन मालिकों के खाते एनपीए बनने की स्थिति में पहुंच रहे हैं। यह भी उल्लेख किया गया है कि कृषि कार्यों में ट्रैक्टर, हार्वेस्टर और डीजल चालित उपकरणों के व्यापक उपयोग के कारण किसानों की लागत लगातार बढ़ रही है। वहीं परिवहन खर्च बढ़ने से खाद्यान्न, फल-सब्जियां, दूध, दवाइयों और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतों पर भी असर पड़ रहा है, जिसका सीधा भार आम उपभोक्ताओं पर पड़ता है।

### संगठन की प्रमुख मांगें

- अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों के अनुरूप डीजल के दामों में तत्काल कमी।
- तेल कंपनियों के अतिरिक्त लाभ का हिस्सा ट्रांसपोर्टरों, किसानों और आम जनता को राहत के रूप में दिया जाए।
- कमर्शियल वाहन मालिकों के लिए विशेष आर्थिक पैकेज, लोन रीस्ट्रक्चरिंग और ब्याज में राहत।
- राष्ट्रीय एवं राज्यीय टोल प्लाजा पर कम से कम तीन माह के लिए टोल टैक्स वसूली स्थगित की जाए।
- ट्रांसपोर्ट संगठनों, किसान संगठनों और संबंधित हितधारकों के साथ बैठक कर स्थायी समाधान के लिए नीति बनाई जाए।

### लांच हुई नई निसान टेक्टॉन, सी-एसयूवी सेगमेंट में चुनौती



**मुंबई।** निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने भारत में आयोजित वर्ल्ड प्रीमियर के दौरान अपनी नई प्रीमियम सी-एसयूवी निसान टेक्टॉन से पर्दा उठा दिया। कंपनी ने इसे अपने उत्पाद विस्तार अभियान का अहम कदम बताते हुए भारतीय बाजार के सबसे तेजी से बढ़ते एसयूवी सेगमेंट में उतारा है। हालांकि, कंपनी ने फिलहाल इसकी कीमत का खुलासा नहीं किया है और शुरुआती कीमत 10.49 लाख रुपए (एक्स-शोरूम) से शुरू होकर टॉप वेरिएंट के लिए 18.59 लाख रुपए तक जाती है। नई टेक्टॉन की सबसे बड़ी खासियत इसका 100 प्रतिशत टर्बोचार्ज्ड इंजन लाइन-अप है, जो सभी वेरिएंट्स में उपलब्ध होगा। एसयूवी में 280 एनएम का टर्बो परफॉर्मेंस, गूगल इन-बिल्टकनेक्टिविटी और 700 लीटर का क्लास-लीडिंग बूट स्पेस जैसे सेगमेंट-लीडिंग फीचर्स दिए गए हैं।

**जीएसटीएटी के जस्टिस वार्ष्णेय से प्रतिनिधिमंडल की भेंट**

### अपील दायर करने आ रही है दिक्कत बोले-हेल्प डेस्क से समाधान का भरोसा



भोपाल

बार एट जीएसटी ट्रिब्यूनल भोपाल के प्रतिनिधिमंडल ने जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण, मध्यप्रदेश के उपाध्यक्ष जस्टिस रूपेश चंद्र वार्ष्णेय और सदस्य (न्यायिक) उपेंद्र कुमार सिंह से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने उनका स्वागत करते हुए जीएसटीएटी में अपील दायर करने के दौरान अपीलकर्ताओं, अधिवक्ताओं और कर सलाहकारों को आ रही समस्याओं से अवगत कराया।

बैठक में जीएसटीएटी के डिप्टी रजिस्ट्रार विनीत कुमार, असिस्टेंट रजिस्ट्रार अमित जैन सहित प्रशासनिक स्टाफ भी मौजूद रहा। इस दौरान अपील प्रक्रिया को सरल और सुचारु बनाने से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। सदस्य (न्यायिक) ने प्रतिनिधिमंडल से कहा कि अपीलकर्ता और अधिवक्ता नियमित रूप से जीएसटीएटी पोर्टल का अवलोकन करें तथा वहां उपलब्ध कॉज लिस्ट और आदेशों की जानकारी प्राप्त करें।

उन्होंने कहा कि पोर्टल या अन्य किसी भी तकनीकी समस्या को जीएसटीएटी के संज्ञान में लाया जा सकता है, जिसके समाधान के लिए हेल्प डेस्क की व्यवस्था की गई है। जीएसटीएटी के उपाध्यक्ष जस्टिस रूपेश चंद्र वार्ष्णेय ने अधिवक्ताओं के पावर ऑफ अटॉर्नी और लेटर ऑफ अथॉरिटी को सही तरीके से और पूर्ण रूप से जमा करने के महत्व पर जोर दिया। बैठक में जीएसटीएटी और बार प्रतिनिधिमंडल के बीच बेहतर समन्वय एवं अपील प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाने पर सहमति बनी।

---

## अधिक वजन के तौल उपकरणों के सत्यापक मानकों में ढील

नई दिल्ली

सरकार ने एक टन या उससे अधिक क्षमता वाले वजन तौल उपकरणों के सत्यापन के लिए अनुपालन मानकों में ढील दी है। इससे उद्योगों, गोदामों, ट्रक ऑपरेटर एवं धर्मकांटा संचालकों के लिए कारोबारी सुगमता बढ़ने की उम्मीद है।

उपभोक्ता मामलों के विभाग ने विधिक माप विज्ञान (सामान्य) नियम, 2011 में संशोधनों को अधिसूचित किए हैं। सोमवार को जारी एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, नए प्रावधानों के तहत उच्च क्षमता वाले वजन उपकरणों के सत्यापन के लिए मानक वजन की आवश्यकता को वैज्ञानिक और 'रिपीटेबलिटी टेस्ट' (दोहराव आधारित परीक्षण) के आधार पर कम किया गया है। पुराने नियमों के तहत एक टन या उससे अधिक क्षमता वाले उपकरणों के सत्यापन के दौरान अधिकतम क्षमता के कम-से-कम 50 प्रतिशत या एक टन (जो भी अधिक हो) के बराबर मानक वजन का उपयोग करना अनिवार्य था, जिसके बाद स्थिर भार का इस्तेमाल किया जाता था। धर्मकांटा संचालकों को परिवहन, लागत और संचालन से जुड़ी कई व्यावहारिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। अब संशोधित नियमों के तहत इस आवश्यकता को कम करते हुए अधिकतम क्षमता के 50 प्रतिशत से घटाकर केवल 20 प्रतिशत कर दिया गया है।



- सरकार ने एक टन या उससे अधिक के तौल उपकरणों पर दी छूट
- उद्योगों, गोदामों और ट्रक ऑपरेटर की कारोबारी सुगमता बढ़ने की उम्मीद

### परिचालन में लगने वाला समय घटेगा

मंत्रालय ने कहा कि ये संशोधन कारोबारी सुगमता को बढ़ावा देने और उपभोक्ता संरक्षण के बीच संतुलन बनाने के उद्देश्य से साक्ष्य-आधारित नियामकीय सुधारों का हिस्सा हैं। इन बदलावों से बड़े पैमाने पर मानक वजन के परिवहन और प्रबंधन से जुड़ी लागत कम होगी, उच्च क्षमता वाले उपकरणों का सत्यापन तेजी से हो सकेगा और परिचालन में लगने वाला समय भी घटेगा।

## सीएम ने भोपाल में औद्योगिक पार्क की आधारशिला रखी



**भोपाल।** मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सोमवार को मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल के सतगढ़ी इलाके में एक औद्योगिक पार्क का भूमि-पूजन किया और कहा कि इसे देश के पहले उद्योग मंत्री डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नाम से जाना जाएगा। भारतीय जनसंघ के संस्थापक और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विचारक रहे मुखर्जी की जयंती के अवसर पर यहां आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने 173 एकड़ में बनने वाला इस औद्योगिक पार्क की आधारशिला रखी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पार्क भोपाल एवं आसपास के क्षेत्रों में औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार का नया आधार बनेगा। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से 15 हजार से अधिक प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

## शेयर बाजार में चौथे दिन तेजी सेंसेक्स दो माह के शीर्ष पर

- सेंसेक्स 521 और निफ्टी में 160 अंक की तेजी
- दिग्गज बैंक शेयरों में रही खरीदारी

मुंबई



दिग्गज बैंक शेयरों में खरीदारी और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बीच सोमवार को घरेलू शेयर बाजार दो माह के शीर्ष स्तर पर पहुंच गया। लगातार चौथे सत्र की बढ़त के दौरान सेंसेक्स में 521 अंक की तेजी रही जबकि निफ्टी 160 अंक चढ़ गया।

विदेशी निवेशकों के ताजा पूंजी प्रवाह ने भी घरेलू शेयर बाजार में सकारात्मक रुख को मजबूती दी। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 521.16 अंक की बढ़त के साथ 78,285.07 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 634.15 अंक चढ़कर 78,398.06 अंक तक पहुंच गया था। निफ्टी भी 159.50 अंक बढ़कर 24,430.35 अंक पर बंद हुआ। यह घरेलू शेयर बाजार में तेजी का लगातार चौथा सत्र रहा। इन चार कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स कुल 1,806.4 अंक यानी 2.36 प्रतिशत चढ़ चुका है, जबकि निफ्टी में 564.6 अंक यानी 2.36 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई है।

*बेंट क्रूड 71 डॉलर प्रति बैरल पर आया*

*वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.82 प्रतिशत के नुकसान के साथ 71.53 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 1,355.33 करोड़ रुपये के शेयरों की शुद्ध खरीदारी की।*

### महिंद्रा ट्रैक्टर्स ने युवोटेक प्लस 585 डीआई वी1 ट्रैक्टर बाजार में उतारी



**मुंबई।** महिंद्रा ट्रैक्टर्स ने अपने बहुउद्देशीय ट्रैक्टर युवोटेक प्लस 585 डीआई वी1 को देश भर की बाजारों में उतारने की सोमवार को घोषणा की। कंपनी ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में वह सात नए ट्रैक्टर और 12 नए फीचर बाजार में उतारेगी। इनमें महिंद्रा की नयी ट्रैक्टर श्रृंखला और स्वराज प्रोटेक के उत्पाद भी शामिल होंगे। महिंद्रा ट्रैक्टर्स के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) हर्ष राय ने कहा, ''चुनिंदा बाजारों में सफल शुरुआत के बाद अब हम युवोटेक प्लस 585 डीआई वी1 को पूरे भारत में पेश कर रहे है। यह ट्रैक्टर तेजी से बढ़ते युवोटेक मंच पर आधारित है और इसमें उन्नत तकनीक के साथ मजबूत प्रदर्शन और व्यावहारिक सुविधाओं का संयोजन है। कंपनी के अनुसार, इस ट्रैक्टर के साथ छह वर्ष की वारंटी दी जाएगी और यह देशभर में महिंद्रा के डीलर नेटवर्क पर उपलब्ध होगा।

## चांदी 5000 रुपए लुढ़की सोना मामूली टूटा

नई दिल्ली



- सोना टूटकर 1,50,650 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गया
- चांदी की चार दिन की तेजी थमी, 2,40,000 रुपए प्रति किलो

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को सोने की कीमतें 150 रुपये टूटकर 1,50,650 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गईं। वहीं चांदी 5,000 रुपये के नुकसान में रही।

वैश्विक स्तर पर सुस्ती के रुख और मजबूत डॉलर के कारण कारोबारियों ने कीमती धातुओं में अपने सौदों के आकार को कम किया जिससे सर्राफा कीमतों में गिरावट आई। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत पिछले सत्र में 1,50,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। स्थानीय कारोबारियों के अनुसार, चांदी की चार दिन की तेजी थम गई और यह शुक्रवार के 2,45,000 रुपये प्रति किलोग्राम के बंद भाव से 5,000 रुपये टूटकर 2,40,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई।

### मजबूत डॉलर के कारण सोने में गिरावट

अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, हाजिर सोने और चांदी की कीमतें क्रमशः 4,160.60 डॉलर और 62.24 डॉलर प्रति औंस तक गिर गईं। मिराए एसेट शेयरखान में जिंस प्रमुख प्रवीण सिंह ने कहा, ''मजबूत डॉलर के कारण विदेशी व्यापार में सोने की कीमत गिरी है, क्योंकि व्यापारी इस साल अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दर में बढ़ोतरी की संभावना को ध्यान में रख रहे हैं।''

---

**वैश्विक बाजार में अतिरिक्त कच्चा तेल उपलब्ध होने की संभावना**

# 'ओपेक प्लस' का अगस्त में अधिक तेल उत्पादन का फैसला

न्यूयॉर्क

तेल उत्पादक देशों के संगठन 'ओपेक प्लस' के कुछ सदस्य देशों ने अगस्त महीने में उत्पादन में मामूली बढ़ोतरी करने का फैसला किया है। इस कदम से वैश्विक बाजार में अतिरिक्त कच्चा तेल उपलब्ध होने की संभावना है।

- संगठन के सात देशों ने उत्पादन में मामूली बढ़ोतरी का लिया निर्णय

'ओपेक प्लस' देशों का यह फैसला ऐसे समय में सामने आया है जब ईंधन की कीमतें हाल के महीनों में घटकर पश्चिम एशिया संघर्ष शुरू होने से पहले के स्तर पर आ गई हैं। ओपेक और उसके सहयोगी देशों के समूह 'ओपेक प्लस' ने रविवार को ऐलान किया कि सात देश अगस्त में कुल मिलाकर 1.88 लाख बैरल कच्चे तेल का प्रतिदिन उत्पादन बढ़ाएंगे।

***मार्च में कीमत 120 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई थी***

*अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड की कीमत रविवार देर रात कारोबार शुरू होने के बाद 72 डॉलर प्रति बैरल से नीचे रही जबकि मार्च में यह कीमत लगभग 120 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई थी।*

***होर्मुज वैश्विक तेल आपूर्ति का 20 प्रतिशत मार्ग था***

*होर्मुज जलडमरूमध्य से अब अधिक वाणिज्यिक जहाज गुजर रहे हैं, जो पहले वैश्विक तेल आपूर्ति का लगभग 20 प्रतिशत मार्ग था। हालांकि, जहाजों की आवाजाही अब भी संघर्ष-पूर्व स्तर से नीचे है और क्षेत्र में तनाव बना हुआ है।*




***यह पांचवां महीना जब समूह ने उत्पादन बढ़ाने पर सहमति जताई*** : *यह लगातार पांचवां महीना है जब समूह ने उत्पादन बढ़ाने पर सहमति जताई है। इस निर्णय में शामिल देशों में सऊदी अरब, रूस, इराक, कुवैत, कजाकिस्तान, अल्जीरिया और ओमान शामिल हैं।*

**सकारात्मक संकेतों से कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आई** : सदस्य देश बाजार की स्थितियों की निगरानी एवं आकलन जारी रखेंगे। उन्होंने बाजार स्थिरता बनाए रखने के प्रयासों के तहत सतर्क रुख अपनाने के महत्व को दोहराया है। पिछले एक महीने में बाजार में सकारात्मक संकेतों के कारण कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आई है।

**दोनों देशों में नाकेबंदी समाप्त करने पर सहमति:** यह गिरावट उस अंतरिम समझौते के बाद आई जिसमें अमेरिका और ईरान ने अपने संघर्ष को समाप्त करने की दिशा में कदम बढ़ाए। समझौते के तहत ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों के निर्बाध आवागमन की अनुमति दी, जबकि अमेरिका ने ईरानी बंदरगाहों पर अपनी नाकेबंदी समाप्त करने पर सहमति जताई।

### कंपनियां कार्यबल बढ़ाने एआई को प्राथमिकता दे रही : रिपोर्ट



**नई दिल्ली।** कंपनियां अब बड़े पैमाने पर भर्ती करने के बजाय योग्य और विशेष कौशल वाले कर्मचारियों के साथ ही कृत्रिम मेधा (एआई) की समझ रखने और विशेष विशेषज्ञता को प्राथमिकता दे रही है। अपग्रेट की कर्मचारियों की भर्ती के बारे में सूचना देने वाली इकाई अपग्रेड रिक्रूट की एक रिपोर्ट में यह बात सामने आई है। 'भारत में कार्य : वित्त वर्ष 2026-27 भर्ती रुझान' शीर्षक वाली इस रिपोर्ट के अनुसार, देश का नियुक्ति बाजार नए दौर में प्रवेश कर रहा है, जहां कंपनियां संख्या के बजाय गुणवत्ता आधारित भर्तियों पर अधिक ध्यान दे रही हैं।

# यूरोप का दबदबा, 6 टीम अंतिम 8 में, पहली बार ब्राजील-जर्मनी बाहर

पहली बार 48 टीम की भागीदारी में हो रहे विश्व कप में अब आखिरी आठ टीम बची हैं जो 19 जुलाई को फाइनल तक पहुंचने के लिये जोर आजमाइश करेंगी लेकिन पहली बार ऐसा हुआ है जब क्वार्टर फाइनल में ब्राजील और जर्मनी दोनों नहीं हैं।

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

सत्रह में से दस विश्व कप में ब्राजील और जर्मनी दोनों क्वार्टर फाइनल तक पहुंचे हैं। जर्मनी 1938, 1950, 2018 और 2022 में अंतिम आठ में नहीं था जबकि ब्राजील 1934, 1966 और 1990 में नहीं पहुंच सका था लेकिन ऐसा कभी नहीं हुआ कि दोनों दिग्गज एक साथ अंतिम आठ से गायब हों।

ब्राजील को अंतिम 16 के दौर में नॉर्वे ने और जर्मनी को अंतिम 32 में पराग्वे ने हराया। विश्व कप 1930, 1950, 1974, 1978 और 1982 में क्वार्टर फाइनल नहीं हुए थे।




## आठ में से चार टीम ने नहीं जीता है खिताब

इस विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली आठ टीम में से चार पहले भी खिताब जीत चुकी हैं जिनमें अर्जेंटीना ने तीन, फ्रांस ने दो, इंग्लैंड और स्पेन ने एक एक बार ट्रॉफी अपने नाम की है। बेल्जियम और मोरक्को कभी सेमीफाइनल से आगे नहीं गए। वहीं स्विटजरलैंड 1954 के बाद पहली बार क्वार्टर फाइनल में पहुंचा है और नॉर्वे इससे पहले अंतिम 16 से आगे नहीं गया था। यानी 2010 में स्पेन के बाद पहली बार कोई नया चैम्पियन मिल सकता है।

## फ्रांस ने निर्धारित समय में ही जीते सारे मैच



खिताब की प्रबल दावेदार मानी जा रही कीलियन एमबाप्पे की फ्रांस टीम ने टूर्नामेंट में अभी तक पांचों मैच निर्धारित 90 मिनट के भीतर ही जीते हैं। लियोनेल मेस्सी की अर्जेंटीना ने भी पांचों मैच जीते हैं लेकिन केप वर्दे के खिलाफ अंतिम 32 का उसका मुकाबला अतिरिक्त समय तक खिंचा था जिसमें उसने 3-2 से जीत दर्ज की। स्पेन और इंग्लैंड ने चार मैच जीते और एक ड्रॉ खेला। नॉर्वे ने चार मैच जीते लेकिन फ्रांस ने उसे हराया था। बेल्जियम, मोरक्को और स्विटजरलैंड ने तीन मैच जीते और दो ड्रॉ खेले।

## स्पेन ने अभी तक नहीं गंवाया एक भी गोल

इस बार विश्व कप में स्पेन एकमात्र टीम है जिसका डिफेंस अभेद रहा है और उसने एक भी गोल नहीं गंवाया। गोलकीपर उनाइ सिमोन ने विश्व कप में 600 मिनट से अधिक समय मैदान पर रहकर गोल नहीं गंवाने का रिकॉर्ड बनाया है। ग्रुप चरण में केप वर्दे ने स्पेन को गोलरहित ड्रॉ पर रोका था। स्पेन ने सउदी अरब को 4-0 और उरूग्वे को 1-0 से हराया। अंतिम 32 में आस्ट्रिया को 3-0 से और अंतिम 16 में क्रिस्टियानो रोनाल्डो की पुर्तगाल को स्पेन ने 1-0 से हराया। इससे पहले 1990 में इटली की टीम एक भी गोल गंवाये बिना सेमीफाइनल तक पहुंची थी।



## यूरोप के साथ अफ्रीका और अमेरिका की एक-एक टीम

क्वार्टर फाइनल में इस बार यूरोप की छह टीम हैं जबकि चार साल पहले कतर में पांच यूरोपीय टीम अंतिम आठ में थीं। इसके अलावा अफ्रीका की एक (मोरक्को) और दक्षिण अमेरिका (अर्जेंटीना) की एक टीम है। मोरक्को कतर में 2022 विश्व कप में अंतिम चार में पहुंचने वाली पहली अफ्रीकी टीम थी। वह लगातार दो विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली भी अफ्रीका की पहली टीम बन गई है।

## आज से शुरू होंगे क्वार्टर फाइनल के मुकाबले

*बोस्टन। फीफा विश्व कप 2026 अब अपने अंतिम पड़ाव की ओर अग्रसर है। राउंड ऑफ-16 के सभी मुकाबले संपन्न हो चुके हैं और अब क्वार्टर फाइनल के लिए आखिरी 8 टीमें खिताब की दौड़ में बची हुई है। गत विजेता अर्जेंटीना और खिताब की प्रबल दावेदार फ्रांस की टीमें भी अपने-अपने मैचों के लिए तैयार हैं। इस बीच क्वार्टर फाइनल की सभी टीमें, शेड्यूल और अन्य अहम जानकारी पर एक नजर डालते हैं।*



### ऐसा है क्वार्टर फाइनल मैच का शेड्यूल

**पहला क्वार्टर फाइनल**
10 जुलाई को बोस्टन में फ्रांस और मोरक्को के बीच होगा (भारतीय समयानुसार रात 1:30 बजे)।
**दूसरा क्वार्टर फाइनल**
11 जुलाई को लॉस एंजिल्स में स्पेन और बेल्जियम का मुकाबला भारतीय समयानुसार रात 12:30 बजे से होगा।
**तीसरा क्वार्टर फाइनल**
12 जुलाई को मियामी में इंग्लैंड का सामना नॉर्वे (भारतीय समयानुसार रात 2:30 बजे) से होगा।
**चौथे क्वार्टर फाइनल**
12 जुलाई को कैनसस सिटी में अर्जेंटीना का मुकाबला स्विट्जरलैंड से (भारतीय समयानुसार सुबह 6:30 बजे) होना है।

### 14 से खेले जाएंगे सेमीफाइनल मैच

फीफा विश्व कप 2026 के सेमीफाइनल 14 और 15 जुलाई को अर्लिंग्टन और अटलांटा में होंगे। ये दोनों मैच भारतीय समयानुसार रात 12:30 बजे से तीसरे स्थान के लिए प्लेऑफ 19 जुलाई को मियामी में होगा। यह मैच भारतीय समयानुसार रात 2:30 बजे से होगा।

### फाइनल 20 को

फीफा विश्व कप का फाइनल मुकाबला ईस्ट रदरफोर्ड के मेटलाइफ स्टेडियम में भारतीय समयानुसार रात 12:30 बजे से होगा।

### ऐसे रहे राउंड ऑफ-16 के परिणाम

अर्जेंटीना ने 0-2 से पीछे होने के बाद शानदार वापसी करते हुए मिस्र को 3-2 से हराया। पांच बार के चैंपियन ब्राजील को नॉर्वे ने एक बड़े उलटफेर में बाहर कर दिया। फ्रांस ने पराग्वे को 1-0 से हराया था। इंग्लैंड ने मेक्सिको को 3-2 से हराया जबकि स्पेन ने क्रिस्टियानो रोनाल्डो की पुर्तगाल को 1-0 से बाहर कर दिया। बेल्जियम ने सह-मेजबान यूएसए को 4-1 बाहर कर दिया, और स्विट्जरलैंड क्वार्टर-फाइनल में पहुंचने वाली 8वीं और आखिरी टीम थी।

## मैक्सिको-इंग्लैंड मैच ने दर्शक संख्या में अमेरिका में बनाया रिकॉर्ड

**न्यूयॉर्क।** फॉक्स नेटवर्क के अनुसार विश्व कप के राउंड 16 में इंग्लैंड और मैक्सिको के बीच मुकाबला अमेरिकी टीम के बिना खेला गया ऐसा विश्व कप मैच बन गया है, जिसे अमेरिका में अंग्रेजी प्रसारण के माध्यम से सबसे अधिक दर्शकों ने देखा। नेटवर्क ने बुधवार को बताया कि रविवार रात मैक्सिको सिटी में औसतन 2.17 करोड़ (21.7 मिलियन) से अधिक दर्शकों ने प्रसारण देखा। इसने 2022 में अर्जेंटीना और फ्रांस के बीच खेले गए फाइनल का पिछला रिकॉर्ड तोड़ दिया जिसे 1.67 करोड़ (16.7 मिलियन) दर्शकों ने देखा था। फॉक्स ने बताया कि रात सवा दस बजे से साढ़े दस बजे के बीच दर्शकों की संख्या 2.57 करोड़ (25.7 मिलियन) से अधिक पहुंच गई। इसके बावजूद अगले दिन खेला गया अमेरिका-बेल्जियम मुकाबला अब भी तीन करोड़ (30 मिलियन) दर्शकों के साथ सबसे अधिक देखा गया विश्व कप मैच बना हुआ है।



## विश्व कप फाइनल के हाफटाइम शो में मैडोना शकीरा, बीटीएस व जस्टिन बीबर होंगे शामिल

**न्यूयॉर्क।** जस्टिन बीबर, मैडोना, शकीरा और बीटीएस जैसे स्टार विश्व कप के हाफटाइम शो में प्रस्तुति देंगे। फीफा ने इसकी घोषणा की है। कोल्डप्ले के क्रिस मार्टिन द्वारा तैयार किया गया 11 मिनट का हाफटाइम कार्यक्रम 19 जुलाई को फाइनल मुकाबले के दौरान न्यूयार्क में आयोजित किया जाएगा। यह शो 'फीफा ग्लोबल सिटिजन एजुकेशन फंड' को समर्थन देगा, जो बच्चों को शिक्षा और फुटबॉल तक पहुंच दिलाने के लिए 10



करोड़ अमेरिकी डॉलर जुटा रहा है। बीबर ने एक बयान में कहा, /"फीफा विश्व कप जिस तरह पूरी दुनिया को एक साथ जोड़ता है, वैसा कोई और आयोजन नहीं कर सकता। मैं इस हाफटाइम शो का हिस्सा बनकर आभारी हूं और यह जानकर और भी ज्यादा खुशी हो रही है कि इससे पहले से ही दुनिया भर के बच्चों को शिक्षा तक पहुंच बढ़ाने में मदद मिल रही है।

## खबर संक्षेप



### मैक्सिको फुटबॉल टीम के कोच बने मारकेज

**मैक्सिको सिटी।** रफेल मारकेज को विश्व कप 2030 के लिये मैक्सिको फुटबॉल टीम का कोच बनाया गया है। मैक्सिको फुटबॉल महासंघ ने बुधवार को इसकी घोषणा की कि बार्सीलोना के पूर्व स्टार जेवियर एगिरे की जगह मुख्य कोच बनेंगे। अगस्त 2024 से मारकेज टीम में एगिरे के सहायक थे। मैक्सिको की टीम इंग्लैंड से अंतिम 16 के दौर में हारकर विश्व कप से बाहर हो गई थी। एगिरे ने बतौर खिलाड़ी पांच विश्व कप खेले, 1999 कांफेडरेशन कप जीता और 2003 तथा 2011 में गोल्ड कप खिताब भी अपने नाम किये। मैक्सिको की टीम को अभी कोई मैच नहीं खेलना है लिहाजा मारकेज का पदार्पण सितंबर अक्टूबर में फीफा की अंतरराष्ट्रीय विंडो के दौरान होगा।

### होप संभालेंगे वेस्टइंडीज की कमान, 12 से वनडे सीरीज

**गयाना।** क्रिकेट वेस्टइंडीज ने न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ खेली जाने वाली 5 मैचों की घरेलू वनडे सीरीज के शुरुआती 3 मैचों के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया। इसमें 19 साल के कलाई के स्पिनर विटेल लावेस को पहली बार टीम में मौका दिया गया है। लावेस ने अब तक घरेलू क्रिकेट में भी डेब्यू नहीं किया है। उन्होंने अंडर-19 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 10 विकेट झटके थे। सीडब्ल्यूआई ने इस सीरीज के अपनी सर्वश्रेष्ठ टीम चुनने का प्रयास किया है। इसकी कमान शाई होप को सौंपी गई है। शिमरोन हेटमायर को टीम में नहीं चुना गया, क्योंकि वो मेजर लीग क्रिकेट में सिएटल ओर्कास की ओर से खेलेंगे।



## वाइल्ड कार्डधारी ब्रिटिश खिलाड़ी फेरी विम्बलडन के सेमीफाइनल में



लंदन

विश्व रैंकिंग में 114वें स्थान पर काबिज ब्रिटेन के वाइल्ड कार्डधारी आर्थर फेरी ने विम्बलडन के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। 23 वर्ष के फेरी ने नौवीं वरीयता प्राप्त फ्लावियो कोबोली को 6-4, 7-6, 6-0 से हराया। इससे पहले पुरूष एकल वर्ग में वाइल्ड कार्ड के जरिये सेमीफाइनल तक पहुंचने का कमाल गोरान इवानीसेविच ने 2001 में किया था। यह मुकाबला देखने के लिये रॉयल बॉक्स में ब्रिटेन की महारानी कैमिला भी मौजूद थी। पहला सेट जीतने के बाद दर्शकों ने खड़े होकर फेरी का अभिवादन किया। उन्होंने टाइब्रेकर में दूसरा सेट जीता और तीसरे सेट में एकतरफा जीत दर्ज की। दूसरे कोर्ट पर अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने टेलर फ्रिट्ज को 6-4, 6-4, 6-2 से हराया और अब वह फेरी से सेमीफाइनल में खेलेंगे।

### मार्ता ने जैसमीन को हराया

*महिला वर्ग में मार्ता कोस्तियुक ने जैसमीन पाओलिनी को 6-3, 6-2 से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। अब वह लिंडा नोस्कोवा से खेलेंगी जिन्होंने एलिसे मर्टेंस को 6-3, 7-5 से हराया। दूसरे सेमीफाइनल में कोको गाफ का सामना कैरोलिना मुचोवा से होगा।*

## ईस्पोर्टर्स विश्व कप पेरिस में शुरू

**आयोजन 23 अगस्त तक**

**पेरिस।** दुनिया के सबसे बड़े ईस्पोटर्स गेमिंग टूर्नामेंट का पहला सत्र ईस्पोटर्स विश्व कप बृहस्पतिवार को पेरिस एक्स्पो पोर्टे डे वर्सेलेस में शुरू हो गया। 23 अगस्त तक चलने वाले टूर्नामेंट में 2000 से अधिक एलीट खिलाड़ी, 100 से अधिक देशों के 200 शीर्ष ईस्पोटर्स क्लब दुनिया के सबसे लोकप्रिय 24 खेलों के 25 टूर्नामेंटों में भाग लेंगे जिसकी ईनामी राशि रिकॉर्ड 716 करोड़ रूपये होगी।इस टूर्नामेंट में क्वालीफिकेशन का कार्यक्रम इतिहास में सबसे बड़ा है जिसमें 15 लाख से ज्यादा खिलाड़ी दुनिया के सबसे बड़े ईस्पोट्र्स मंच पर अपनी जगह बनाने के लिए 330 टूर्नामेंट, पब्लिशर लीग और बड़े अंतरराष्ट्रीय सर्किट में हिस्सा ले रहे हैं।

## सौरव गांगुली को कल मिलेगा आईसीसी का बड़ा सम्मान, हॉल ऑफ फेम में होंगे शामिल

नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की ओर से बड़ा सम्मान मिलने जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, भारत के इस पूर्व दिग्गज खिलाड़ी को प्रतिष्ठित आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल किया जाएगा।

गांगुली यह उपलब्धि हासिल करने वाले 12वें भारतीय क्रिकेटर बन जाएंगे। आईसीसी हर साल क्रिकेट इतिहास के महान खिलाड़ियों को इस सम्मानित सूची में शामिल करती है। 11 जुलाई को गांगुली को इस बड़ी उपलब्धि से नवाजा जाएगा।



### इन खिलाड़ियों को मिला चुका है यह सम्मान

गांगुली से पहले भारत के 11 अन्य खिलाड़ियों को भी इस सूची में शामिल किया जा चुका है। भारत की ओर से नीतू डेविड, वीरेंद्र सहवाग, डियान एडुल्जी, विनोद मांकड़, सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़, अनिल कुंबले, कपिल देव, बिशन सिंह बेदी, महेंद्र सिंह धोनी और सुनील गावस्कर यह सम्मान हासिल कर चुके हैं। गावस्कर और बिशन सिंह भारत की ओर से आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल होने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी हैं। उन्हें यह सम्मान 2009 में मिला था। गांगुली अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भारत के लिए 5वें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उनके बल्ले से 421 मुकाबलों की 485 पारियों में 18,433 रन निकले हैं।

## बटलर टी-20 में विकेट के पीछे पांच कैच लपकने वाले इंग्लैंड के पहले खिलाड़ी बने



**नई दिल्ली।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज जोस बटलर ने भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाफ खेले गए तीसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया। उन्होंने इस मुकाबले में विकेट के पीछे 5 कैच लपके। इसके साथ ही वह एक टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में विकेट के पीछे 5 कैच लपकने वाले पहले इंग्लिश विकेटकीपर बन गए। उन्होंने इस मामले में इंग्लैंड के ही पूर्व विकेटकीपर मैट प्रायर (4 बनाम दक्षिण अफ्रीका, 2007) को पीछे छोड़ दिया।

### बटलर ने वैभव-अक्षर सहित इन्हें भेजा पैवेलियन

इस मैच में बटलर ने वैभव सूर्यवंशी, अक्षर पटेल, तिलक वर्मा, शिवम दुबे और अर्शदीप सिंह के कैच लपककर उन्हें पवेलियन लौटाने में सहयोग किया। इसकी बदौलत इंग्लैंड ने 202 रन रन का लक्ष्य लेकर उतरी भारतीय टीम को 11.4 ओवर में मात्र 76 रनों पर ऑल आउट कर दिया।

**विंबलडन**

## लिएंडर पेस के बाद अर्नव पापरकर ने रचा इतिहास



नई दिल्ली

युवा टेनिस सनसनी अर्नव पापरकर ने खेल जगत का ध्यान अपनी ओर खींचा है। दरअसल, वह जूनियर विंबलडन के बॉयज सिंगल्स वर्ग में क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में कामयाब हुए। वह 36 साल बाद इस टूर्नामेंट के इतिहास में अंतिम-8 में पहुंचने वाले भारतीय खिलाड़ी बने हैं। अब क्वार्टर फाइनल में उनका सामना अमेरिका के जॉर्डन ली के खिलाफ होगा।

### अब तक शानदार प्रदर्शन

विंबलडन में अर्नव पापरकर ने पहले दौर में ब्रिटेन के वाइल्डकार्ड खिलाड़ी को सीधे सेटों में 6-2. 6-2 से हराया। दूसरे दौर में अमेरिका के विश्व जूनियर नंबर-3 और ऑस्ट्रेलियन ओपन जूनियर फाइनलिस्ट कीटन हैंस को 6-2, 6-3 से हराकर बड़ा उलटफेर किया। इसके बाद भी उन्होंने अपनी जीत की लय बरकरार रखी और प्री-क्वार्टरफाइनल में जापान के यो तबाता को 6-2, 6-1 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

### लिएंडर पेस भी जूनियर वर्ग का खिताब जीता था

पापरकर से पहले जूनियर विंबलडन के क्वार्टर फाइनल में लिएंडर पेस पहुंचे थे। बता दें कि पेस ने 1990 में इस खिताब पर कब्जा जमाया था। भारतीय टेनिस के इतिहास में रामनाथन कृष्णन 1954 विंबलडन जूनियर बॉयज सिंगल्स जीतने वाले पहले भारतीय और पहले एशियाई खिलाड़ी बने थे। उन्होंने फाइनल में एश्ले कूपर को हराया था। इसके बाद रमेश कृष्णन ने 1979 में फाइनल में डेविड सीगलर को 6-0, 6-2 से हराकर खिताब जीता था।

**भारत व इंग्लैंड के बीच पहला महिला टेस्ट क्रिकेट आज से**

## 142 साल में पहली बार लाड्र्स स्टेडियम में होगा महिला टेस्ट क्रिकेट

लाड्र्स

इंग्लैंड महिला क्रिकेट टीम और भारतीय महिला क्रिकेट टीम के बीच आज 10 जुलाई शुक्रवार से शुरू होने वाला महिला टेस्ट मुकाबला ऐतिहासिक होगा। यह लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जाने वाला पहला महिला टेस्ट मैच है।

पुरुषों के पहले टेस्ट के 142 साल बाद इस मैदान पर महिला क्रिकेट को जगह मिलेगी। इंग्लैंड ने 1937 से अब तक 19 मैदानों पर 55 टेस्ट खेले हैं और लॉर्ड्स उसका 20वां टेस्ट स्थल होगा। टीम ने आखिरी घरेलू टेस्ट 2023 में खेला था।



### हाल के दिनों में टेस्ट में दोनों टीमों का प्रदर्शन

टेस्ट क्रिकेट में भारतीय टीम ने इस साल सिर्फ एक मुकाबला खेला है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वाका में खेले गए पिंक बॉल टेस्ट में टीम को 10 विकेट से हार मिली थी। यह साल 2006 के बाद 10 टेस्ट में उसकी पहली हार थी। भारत ने 2025 में कोई टेस्ट नहीं खेला था, जबकि 2024 में सिर्फ एक मुकाबला खेला था। वहीं, इंग्लैंड ने अपना पिछला टेस्ट जनवरी 2025 में खेला था, जिसमें उसे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार मिली थी।

### पुरुषों के टेस्ट से अलग होता है महिला टेस्ट मैच

महिलाओं का टेस्ट मैच 4 दिन का होता है, जबकि पुरुषों का टेस्ट 5 दिन का होता है। इसमें एक दिन में कम से कम 100 ओवर फेंकना अनिवार्य है। वहीं, फॉलोऑन के लिए 200 की जगह 150 रन की बढ़त जरूरी होती है। अब तक सिर्फ 2 महिला टेस्ट मुकाबले 5 दिन तक चले हैं। 2023 एशेज में ट्रेंट ब्रिज पर खेला गया टेस्ट आखिरी 5 दिवसीय मुकाबला हुआ था, जिसे ऑस्ट्रेलिया ने 89 रन से जीता था।

ईरान के बुशहर और कोनारक में तेज धमाके, अमेरिकी ने कहा-

# ईरान पर हमने नहीं किया कोई नया हमला

एजेंसी



**वाशिंगटन।** पश्चिम एशिया में चल रहा भीषण सैन्य टकराव अब एक बेहद नाजुक और सस्पेंस भरे मोड़ पर पहुंच गया है। होर्मुज जलडमरूमध्य में वाणिज्यिक जहाजों पर हुए हमलों के बाद अमेरिका द्वारा शुरू की गई आक्रामक कार्रवाई के बीच शुक्रवार सुबह ईरान के बुशहर और कोनारक समेत कई प्रमुख शहर एक बार फिर तेज धमाकों की आवाज से गूंज उठे। इन धमाकों के बाद खाड़ी देशों में युद्ध की आग और भड़कने की आशंका गहरा गई है। हालांकि, इस पूरे घटनाक्रम के बीच अमेरिकी रक्षा मंत्रालय ने इन ताजा दौर के हमलों में अपनी किसी भी संलिप्तता से साफ इनकार कर दिया है, जिससे इन रहस्यमयी धमाकों को लेकर सस्पेंस और अधिक बढ़ गया है।

**बुशहर और कोनारक नौसेना ठिकाने के पास हुए छह धमाके, एयर डिफेंस की सक्रियता का दावा**

ईरान की स्थानीय समाचार के अनुसार, दक्षिणी और तटीय इलाकों में स्थित बंदर अब्बास, बुशहर और चोगादक में कुल छह से अधिक भीषण धमाके दर्ज किए गए हैं। इसके अलावा, कोनारक शहर में मौजूद ईरानी नौसेना के एक रणनीतिक ठिकाने पर भी प्रोजेक्टाइल गिरने की खबरें सामने आई हैं। ईरानी अधिकारियों का कहना है कि शहरों में सुनी गई धमाकों की आवाज वास्तव में किसी विदेशी मिसाइल के गिरने की नहीं, बल्कि ईरानी एयर डिफेंस सिस्टम द्वारा संदिग्ध वस्तुओं को हवा में ही नष्ट करने के लिए की गई जवाबी कार्रवाई के कारण उत्पन्न हुई थी।

**ट्रंप ने इजरायली पीएम नेतन्याहू से की फोन पर बात, गल्फ में साझा समन्वय जारी रखने पर बनी सहमति**

ईरान में मचे इस भारी हड़कंप और सैन्य कार्रवाई के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से फोन पर लंबी रणनीतिक बातचीत की है। इजरायली प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा जारी आधिकारिक बयान के मुताबिक, दोनों शीर्ष नेताओं ने ईरान के खिलाफ खाड़ी क्षेत्र में सुरक्षा और सैन्य मोर्चे पर आपसी समन्वय को निरंतर जारी रखने पर पूर्ण सहमति जताई है। इस बातचीत के दौरान राष्ट्रपति ट्रंप ने इजरायली नेतृत्व को गल्फ देशों और अरब सागर में अंतरराष्ट्रीय शिपिंग रूट्स की सुरक्षा के लिए अमेरिका द्वारा उठाए गए हालिया कड़े सैन्य कदमों की विस्तृत जानकारी दी है। इसके साथ ही, नेतन्याहू ने तुर्की और ईरान की ओर से इजरायल के अस्तित्व को लेकर आ रहे बयानों को गंभीर बताते हुए सीमा पर सिक्योरिटी जोन को बेहद जरूरी बताया है।

# कराची में सरकारी प्राईस कंट्रोल फेल, पाकिस्तान में गहराया आटा संकट, रोटी को तरस रहे हैं लोग

एजेंसी



**कराची।** सरकार द्वारा तय आटे की कीमतों और बाजार में चल रहे भावों के बीच बढ़ता अंतर कराची में आटे की सप्लाई के संकट की आशंका को बढ़ा रहा है, जिससे पाकिस्तान के कीमत नियंत्रण सिस्टम की कमियां उजागर हो रही हैं। 'द एक्सप्रेस ट्रिब्यून' के मुताबिक, कराची प्रशासन ने रिटेल कीमतों में बदलाव की घोषणा की है, जिसके तहत सामान्य आटे की कीमत PKR 125 प्रति किलोग्राम, बारीक आटे की कीमत PKR 135 प्रति किलोग्राम और चक्की के आटे की कीमत PKR 145 प्रति किलोग्राम तय की गई है। नोटिफिकेशन में सामान्य आटे की थोक कीमत PKR 122 प्रति किलोग्राम और बारीक आटे की कीमत PKR 132 प्रति किलोग्राम तय की गई है, जबकि चक्की के आटे की कीमत ढङफ 145 प्रति किलोग्राम ही रखी गई है। हालांकि, इंडस्ट्री के प्रतिनिधियों ने इन सरकारी दरों को मानने से इनकार कर दिया है। उनका तर्क है कि ये दरें गेहूं की लागत में हुई भारी बढ़ोतरी को नहीं दशार्ती हैं। सरकार के नोटिफिकेशन के बावजूद, कराची में आटा अभी भी काफी ऊंची कीमतों पर बिक रहा है। खबरों के अनुसार, प्रति किलोग्राम की रेंज में मिल रहा है। चक्की का आटा भी लगभग 160 PKR प्रति किलोग्राम के भाव पर बिक रहा है, जो सरकारी कीमत की सीमा और बाजार की असल स्थिति के बीच बढ़ते अंतर को दिखाता है। इंडस्ट्री से जुड़े लोगों ने चेतावनी दी है कि अगर अधिकारियों ने कीमत तय करने की नीति में बदलाव नहीं किया, तो इस अंतर की वजह से आटे की सप्लाई में रुकावट आ सकती है। 'द एक्सप्रेस ट्रिब्यून' की रिपोर्ट के मुताबिक, आटा मिल चलाने वालों और चक्की मालिकों का कहना है कि सरकार द्वारा तय मौजूदा कीमतें आर्थिक रूप से टिकाऊ नहीं हैं।

# यूपी में भारी बारिश बनी आफत, अलग-अलग हादसों और बिजली गिरने से 7 लोगों की मौत

एजेंसी



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में सक्रिय हुए मॉनसून ने भारी तबाही मचाई है। राज्य में आकाशीय बिजली और दीवार गिरने जैसी घटनाओं में 7 लोगों की मौत हो गई है, जबकि गाजियाबाद में एक बच्ची नाले में बह गई। मौसम विभाग ने पश्चिमी यूपी में अत्यंत भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है, जिसके बाद गाजियाबाद में स्कूल बंद कर दिए गए हैं। उत्तर प्रदेश में मॉनसून की एंट्री के साथ ही बादलों ने रौद्र रूप धारण कर लिया है। राज्य के अधिकांश हिस्सों में बुधवार रात से शुरू हुआ मूसलाधार बारिश का सिलसिला शुक्रवार सुबह तक जारी रहा। इस भारी वर्षा और आकाशीय बिजली गिरने की अलग-अलग दुखद घटनाओं में प्रदेश भर में कम से कम 7 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, जबकि दर्जनों लोग गंभीर रूप से घायल हैं। हालात की गंभीरता और मौसम के कड़े रुख को देखते हुए भारत मौसम विज्ञान विभाग ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों के लिए 'रेड अलर्ट' जारी किया है और आम नागरिकों को बेहद सतर्क रहने तथा जलभराव वाले क्षेत्रों से दूर रहने की सख्त प्रशासनिक अपील की है।

**गाजियाबाद में नाले में बही 3 साल की बच्ची, बुलंदशहर और शामली में दीवारें गिरने से मची तबाही**

बारिश के कारण उपजे हादसों ने कई परिवारों को गहरे जख्म दिए हैं। गाजियाबाद के विजय नगर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली सर्वोदय कॉलोनी में भारी बारिश के बाद पानी से लबालब भरे एक खुले नाले में गिरने से तीन वर्षीय मासूम बच्ची पल्लवी की डूबने से मौत हो गई। स्थानीय प्रशासन ने पीड़ित परिवार को विधिक नियमों के अनुसार त्वरित आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। उधर, बुलंदशहर के खुर्जा क्षेत्र स्थित मुंडाखेड़ा गांव में भारी बारिश के चलते एक अस्थाई टेंट के ऊपर कच्ची दीवार भरभराकर गिर गई, जिसके मलबे में दबने से दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके अतिरिक्त, शामली के थाना भवन कस्बे में भी मूसलाधार बारिश के दौरान एक टिन शेड की भारी दीवार गिरने से 49 वर्षीय शाहिद की जान चली गई, जबकि उनके दो बेटे अमन (17) और नोमान (15) गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है।

**वज्रपात की चपेट में आने से तीन और लोगों ने गंवाई जान, मुजफ्फरनगर में ढहा कच्चा मकान**

आसमान से बरसी आफत केवल जलभराव तक सीमित नहीं रही, बल्कि आकाशीय बिजली गिरने से भी भारी जानमाल का नुकसान हुआ है। संत कबीर नगर जिले के मेहदावल तहसील क्षेत्र के अंतर्गत अलग-अलग गांवों के खेतों में काम कर रहीं 17 वर्षीय किशोरी चांदनी और 60 वर्षीय बुजुर्ग महिला बरसाना की आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। वहीं, कुशीनगर जिले के थड़िभार गांव में भी 14 वर्षीय किशोर राहुल कुमार जब अपने खेत की मेड़ पर खड़ा था, तभी अचानक उस पर बिजली गिर गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इसके अलावा, मुजफ्फरनगर के भोपा थाना क्षेत्र के भोखाहेड़ी गांव में लगातार 48 घंटों से हो रही बारिश के कारण एक कच्चा मकान पूरी तरह ढह गया, जिसके मलबे के नीचे दबने से 20 दुधारू बकरियों की मौत हो गई। लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के कारण नोएडा, गाजियाबाद, हापुड़ और मेरठ के शहरी इलाकों में घुटनों तक पानी भर गया है, जिससे सुबह के समय दफ्तर और गंतव्य पर जाने वाले वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, पिछले 24 घंटों में मेरठ में 94.9 मिमी, मुजफ्फरनगर में 68.2 मिमी, बरेली में 58.8 मिमी और राजधानी लखनऊ में 27.2 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

## ई-20 इथेनॉल ब्लेंडिंग : पेट्रोलियम मंत्रालय बचाव में उतरा, कहा, वर्षों की जांच के बाद किया फैसला

एजेंसी




**नयी दिल्ली।** भारत में जारी ई-20 इथेनॉल ब्लेंडिंग प्रोग्राम लगातार सुर्खियों में बना हुआ है. इसकी काफी आलोचना हो रही है. आज शुक्रवार को पेट्रोलियम मंत्रालय खुल कर इसके बचाव में उतर आया. बयान जारी कर कहा कि भारत का इथेनॉल ब्लेंडिंग प्रोग्राम मौजूदा (मोदी) सरकार के समय शुरू नहीं हुआ था. मंत्रालय ने कहा कि ई-10 से ई-20 इथेनॉल ब्लेंडिंग में बदलाव कई सालों की टेस्टिंग, मैन्युफैक्चरर्स के साथ गहन बातचीत और फील्ड के अनुभव पर आधारित है.

मंत्रालय के अनुसार 2001 में एक पायलट इथेनॉल ब्लेंडिंग प्रोग्राम शुरू हुआ था. 2004 में इसकी औपचारिक घोषणा हुई. बताया कि 2006 तक कई राज्यों में ई-5 (5 प्रतिशत इथेनॉल ब्लेंडिंग) लागू हो गया था. पेट्रोलियम मंत्रालय ने वढअ सरकार का जिक्र करते हुए बताया कि जनवरी 2013 में Gazette of India में पॉलिसी फ्रेमवर्क को अधिसूचित कर दिया गया था. यह सार्वजनिक रिकॉर्ड का हिस्सा हैं.

ई-20 इथेनॉल ब्लेंडिंग के संबंध में मंत्रालय ने बताया कि नीति आयोग ने वाहन कंपनियों, तेल कंपनियों और विशेषज्ञों से चर्चा के बाद इथेनॉल मिश्रण को लेकर विस्तृत योजना तैयार की थी. जब देश में इथेनॉल उत्पादन की क्षमता बढ़ी, तभी 20 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रण का लक्ष्य सरकार ने तय किया. मंत्रालय ने सफाई देते हुए कहा कि इसलिए यह कहना सही नहीं है कि भारत ने जल्दबाजी में ई-20 ईंधन को अपनाया.मंत्रालय ने कहा कि ई-20 लागू करने से पहले वाहन कंपनियों, तकनीकी विशेषज्ञों और जांच एजेंसियों से कई दौर का मंथन किया गया. पेट्रोलियम मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि वाहन कंपनियों के अनुभव में ई-20 से जुड़े किसी बड़े नुकसान या वाहन के हिस्सों पर गलत प्रभाव के प्रमाण नहीं मिले हैं.

## राम मंदिर चढ़ावा चोरी के दोषियों को सजा के लिए आप चलाएगी हस्ताक्षर अभियान, केजरीवाल ने किया ऐलान

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में राम मंदिर से जुड़े कथित चढ़ावा चोरी और अन्य अनियमितताओं के मुद्दे पर केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोला. उन्होंने आरोप लगाया कि राम मंदिर से जुड़े कथित मामलों में बड़े लोगों को बचाने की कोशिश की जा रही है. केजरीवाल ने रोहिणी में सुंदरकांड पाठ और देशव्यापी हस्ताक्षर अभियान शुरू करने का भी ऐलान किया.

**बड़े लोगों को बचाने की कोशिश हो रही**

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि राम मंदिर ट्रस्ट से जुड़े जमीन खरीद, निर्माण कार्य और चढ़ावे के कथित मामलों में कई गंभीर अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं. उन्होंने कहा कि करोड़ों रुपये की जमीनें अधिक कीमत पर खरीदी गईं, निर्माण कार्यों में कमीशनखोरी के आरोप लगे और चढ़ावे की कथित चोरी के मामले भी सामने आए, लेकिन इन सभी मामलों में निष्पक्ष जांच नहीं हो रही है. उन्होंने आरोप लगाया कि केवल कुछ छोटे कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई कर बड़े लोगों को बचाने का प्रयास किया जा रहा है.

**रोहिणी में सुंदरकांड पाठ का आयोजन**

अरविंद केजरीवाल ने घोषणा की कि रविवार सुबह 11:30 बजे रोहिणी के जापानी पार्क स्थित जेएमडी टेंट में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जाएगा. उन्होंने राम भक्तों और श्रद्धालुओं से बड़ी संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने की अपील करते हुए कहा कि भगवान राम और हनुमान जी का आशीर्वाद लेकर आगे की जनभागीदारी शुरू की जाएगी.

**प्रधानमंत्री को भेजा जाएगा हस्ताक्षर अभियान**

आप प्रमुख ने बताया कि सुंदरकांड पाठ के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम एक हस्ताक्षर अभियान शुरू किया जाएगा. इस अभियान के तहत नागरिकों से एक पत्र पर हस्ताक्षर कराए जाएंगे, जिसमें राम मंदिर से जुड़े कथित मामलों की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की जाएगी. उन्होंने कहा कि दिल्ली सहित देशभर में पार्टी कार्यकर्ता और श्रद्धालु इस अभियान से जुड़ेंगे तथा हस्ताक्षरित पत्र प्रधानमंत्री कार्यालय को भेजे जाएंगे.

## दीपक नंडाल गैंग के 4 सदस्य एनकाउंटर में मारे गये, एक अपराधी और तीन पुलिसकर्मी घायल

एजेंसी



**हरियाणा।** हरियाणा के गुरुग्राम में हुए एनकाउंटर में अपराधी दीपक नंडाल गैंग के चार सदस्यों के मारे जाने की खबर आयी है, जबकि एक घायल हो गया है. पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी है. पुलिस एनकाउंटर के बारे में जानकारी देते हुए अउढ धर्मवीर सिंह ने कहा, गुरुवार रात कंट्रोल रूम को सूचना मिली कि कुछ अपराधी (दीपक नंडाल के शूटर) हथियारों के साथ स्कॉर्पियो में घूम रहे हैं. संदिग्ध स्कॉर्पियो में हथियारबंद अपराधी सुशांत लोक इलाके में मौजूद हैं. इस खबर पर पुलिस ने चेकिंग अभियान शुरू किया. इसी बीच जानकारी मिली कि दीपक नांदल के शूटरों ने एसजीटी यूनिवर्सिटी के संस्थापक के बेटे और पार्टनर विशाल बेरी के घर फायरिंग शुरू कर दी है. पूर्व में विशाल बेरी को फिरौती के लिए कॉल आ रहे थे. उससे एक करोड़ रुपए की रंगदारी मांगी गयी थी. पुलिस तुरंत वहां पहुंची और अपराधियों से सरेंडर करने को कहा, लेकिन उन्होंने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी. इसके बाद पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की. इसमें सभी पाचों अपराधी घायल हो गये.

**मेदांता अस्पताल में चल रहा इलाज:**

मुठभेड़ के दौरान बदमाशों की गोली लगने से एक एएसआई सहित तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए. सभी को तत्काल मेदांता अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है. पुलिस अधिकारियों ने घायलों की स्थिति पर लगातार नजर बनाए रखी हुई है. घटना के बाद पूरे इलाके को सील कर दिया गया. एफएसएल और अन्य जांच एजेंसियों की टीमों ने मौके से हथियारों, कारतूस और अन्य साक्ष्य जुटाने की कार्रवाई शुरू कर दी. वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की निगरानी करते रहे.

**एसीपी ने दी जानकारी**

इस पूरे मामले में मीडिया से बातचीत के दौरान एसीपी क्राइम नवीन शर्मा ने कहा कि, पुलिस की टीमें पहुचती ही बदमाशो ने फायरिंग शुरू कर दी. इस दौरान सिपाही मंजीत सिंह, सिपाही शमशेर सिंह और सहायक उपनिरीक्षक सुनील कुमार गोली लगने से घायल हो गए.पुलिस की कार्रवाई में पांचों आरोपी घायल हो गए. सभी को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने चार आरोपियों को मृत घोषित कर दिया, जबकि एक आरोपी का इलाज जारी है. मुठभेड़ में मारे गए आरोपियों की पहचान दीपा उर्फ संदीप (फतेहाबाद), आर्यन (रोहतक), नितिन (रोहतक) और अंकित (रोहतक) के रूप में हुई है. वहीं घायल आरोपी की पहचान शिवम निवासी मेवात के रूप में हुई है.

### ममता बनर्जी ने भाजपा को ललकारा, बोलीं- मुझे चुप करना है तो मेरी हत्या करनी होगी

**कोलकाता.** तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष और बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के हाथ से सत्ता जा चुकी है और पार्टी बगावत से जूझ रही है, लेकिन टीएमसी प्रमुख के तेवरों में कोई कमी नहीं आई है. उन्होंने एक वीडियो संदेश जारी कर सत्ताधारी भाजपा को चुनौती दी है और कहा है कि अगर उन्हें चुप कराना है तो उन्हें मारकर ही ऐसा किया जा सकता है. ममता बनर्जी ने भाजपा पर नया हमला बोला है. ममता बनर्जी ने भारतीय जनता पार्टी पर बड़े आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा टीएमसी के नेताओं को लगातार प्रताड़ित कर रही है, लेकिन वो चुप नहीं बैठेंगी. ममता बनर्जी ने एक वीडियो जारी कर कहा है कि अगर भाजपा को ममता बनर्जी को चुप कराना है तो जान से मारना होगा. इस दौरान ममता ने पार्टी से बागी हुए सांसदों पर भी निशाना साधा. ममता बनर्जी के इस वीडियो को टीएमसी सांसद डेरेक ओ ब्रायन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर किया है. शुक्रवार को जारी इस वीडियो में ममता बनर्जी ने सीधे तौर पर बीजेपी को चुनौती दी. ममता का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब टीएमसी से सांसदी से इस्तीफा देने वाले पार्टी के तीन दिग्गज नेताओं ने भाजपा ज्वॉइन कर लिया है और भाजपा ने उन्हें बंगाल उपचुनाव के लिए अपना उम्मीदवार भी घोषित किया है. ममता बनर्जी ने कहा- अगर मुझे चुप करना है, तो तुम्हें मुझे मारना होगा.

भगदड़ के एक साल बाद करूर पहुंचे सीएम विजय, कहा-

## मैंने पुलिस पर भरोसा किया पर उन्होंने मुझे दोषी बना दिया

एजेंसी



**तमिलनाडु।** विजय ने तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) की एक रैली के दौरान हुई भगदड़ में जान गंवाने वाले 41 लोगों के परिजनों से भी मुलाकात की. कार्यक्रम में AIADMK के पूर्व मंत्री एमआर विजयभास्कर ने उट को चांदी की तलवार भेंट की. लोगों को संबोधित करते हुए सीएम विजय ने कहा- जीवन में इंसान चाहे कितनी भी ऊंचाइयों पर पहुंच जाए, दिल में कुछ दर्द और घाव ऐसे होते हैं जिन्हें भुलाया नहीं जा सकता. सबसे ज्यादा मुझे करूर की घटना से दुख और घाव हुआ है. करूर में मची भगदड़ की घटना पर तमिलनाडु के उट सी जोसेफ विजय ने कहा, पेरम्बलूर पुलिस ने हमें चेतावनी दी थी कि भीड़ बहुत ज्यादा हो रही है. लेकिन करूर पुलिस ने हमें ऐसी कोई चेतावनी नहीं दी. सीएम विजय ने आगे कहा- नमक्कल में हुई बैठक खत्म होने के बाद जब हम करूर आ रहे थे , तो क्या करूर पुलिस हमें सूचित नहीं कर सकती थी? अगर उन्हें लगता कि भीड़ को संभालना मुश्किल होगा, तो वे बैठक रद्द कर सकते थे. उन्हें ऐसा करने का पूरा अधिकार था. इसके बजाय, वे हमें कार्यक्रम स्थल तक ले गए. मैंने उन पर पूरा भरोसा किया और उस दिन पुलिस अधिकारियों को धन्यवाद भी दिया. मैंने कभी कल्पना भी नहीं की थी कि ऐसी त्रासदी हो जाएगी. सीएम विजय ने कहा- दुखद घटना की याद में करूर में एक स्मारक बनाया जाएगा ताकि आने वाली पीढ़ियां कभी न भूलें कि क्या हुआ था. करूर में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विजय ने द्रविड़ मुनेत्र कषगम और ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम पर निशाना साधते हुए उनपर पार्टी फंड के नाम पर भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाया.

## संक्षिप्त खबर

### मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पहुंचे मोदी, खिलाड़ियों से मिले, स्टीव वॉ और एंथनी अल्बानीज भी रहे मौजूद



**मेलबर्न:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को अपने दौरे के अंतिम दिन ऑस्ट्रेलिया के मशहूर मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पहुंचे. उनके साथ ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी अल्बानीजऔर ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान स्टीव वॉ भी मौजूद थे. पीएम मोदी ने यहां युवा खिलाड़ियों से मुलाकात की. ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों ने पीएम से ऑटोग्राफ लिये. तस्वीरें भी खिंचवाईं. यहां दोनों नेताओं ने संयुक्त रूप से भारत-ऑस्ट्रेलिया स्पोर्ट्स कोलेबरेशन रोडमैप का शुभारंभ किया. रोडमैप के तहत दोनों देश क्रिकेट के साथ-साथ अन्य खेलों में भी सहभागिता निभायेंगे. इस निर्णय पर खुशी व्यक्त करते हुए पीएम ने कहा, ऑन-फील्ड के साथ-साथ हम आउट-फील्ड पार्टनरशिप भी मजबूत करेंगे.पीएम मोदी ने MCG की ऐतिहासिकता का जिक्र करते हुए कहा, दोनों देशों में क्रिकेट केवल एक खेल नहीं, बल्कि एक साझा जुनून है. इस अवसर पर निर्णय लिया गया कि इस साल दिसंबर में ऑस्ट्रेलिया की फेमस टी-20 लीग बिग बैश लीग (BBL) का प्रारंभिक मैच चेन्नई में खेला जायेगा. जान लें कि पहली बार कोई विदेशी क्रिकेट लीग भारत की धरती पर मैच खेलेगी. यह आयोजन देश भर में आयोजित होने वाले सप्ताह भर चलने वाले महोत्सव जी-डे नमस्ते का मुख्य आकर्षण होगा. जी-डे नमस्ते में ऑस्ट्रेलियाई संस्कृति, व्यवसाय और खेल से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों की झलक नजर आयेगी.

### इजरायली रक्षा कंपनी भारत में आयरन डोम मिसाइल इंटरसेप्टर मिसाइलों का उत्पादन करेगी!



**नयी दिल्ली।** रक्षा क्षेत्र में इन दिनों भारत की धाक जमती जा रही है. एक तरफ ब्रह्मोस मिसाइल के खरीदार बढ़ रहे हैं, वहीं खबर है कि इजरायल की रक्षा कंपनी राफेल भारत में आयरन डोम मिसाइल इंटरसेप्टर के लिए प्रोडक्शन कंपनी स्थापित करने पर विचार कर रही है. वह इसे लेकर भारतीय कंपनियों के साथ बातचीत कर रही है. यह किसी से छिपा हुआ नहीं है कि आयरन डोम दुनिया के बेहतरीन एयर डिफेंस सिस्टम में शामिल है. द यरुशलम पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार इजरायल की नामचीन रक्षा कंपनी राफेल एडवांस्ड डिफेंस सिस्टम्स भारत में अपने अत्याधुनिक आयरन डोम एयर डिफेंस सिस्टम के इंटरसेप्टर मिसाइलों के उत्पादन की संभावना तलाशने में लग गयी है. सूत्रों के अनुसार भारतीय डिफेंस कंपनियों के साथ बातचीत जारी है. यदि बात बन गयी तो आयरन डोम इंटरसेप्टर के उत्पादन के लिए भारत इजरायल और अमेरिका के बाद तीसरा अहम मैन्यूफैक्चरिंग सेंटर बन जायेगा. जानकारों का मानना है कि आयरन डोम मिसाइल इंटरसेप्टर का उत्पादन भारत में होने से सुदर्शन चक्र को नयी धार मिल जायेगी. अहम बात यह है कि भारत इजरायल के साथ विकसित किये गये बराक-8 लंबी दूरी के एयर डिफेंस सिस्टम को वायुसेना, नौसेना और थलसेना में शामिल कर चुका है. इजरायली रक्षा कंपनियां पहले से ही भारत में मौजूद हैं. एल्बिट सिस्टम्स अपने हर्मीस-900 और हर्मीस-450 ड्रोन से जुड़े उपकरणों का निर्माण भारत में करती है.

### शेख हसीना का ऐलान, दिसंबर में बांग्लादेश लौट जायेंगी, गिरफ्तारी हो सकती है, हत्या भी की जा सकती है...



**नयी दिल्ली।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने कहा है कि वे दिसंबर में अपने देश लौट जायेंगी. साथ ही कहा कि उन्हें वहां गिरफ्तार किया जा सकता है. हत्या भी की जा सकती है, लेकिन फिर भी मैं बांग्लादेश लौटूंगी. शेख हसीना ने कहा कि वह बांग्लादेश जाकर अदालत में सरेंडर करेंगी. शेख हसीना ने न्यूज एजेंसी रॉयटर्स को दिये टेलीफोन इंटरव्यू में यह बात कही. शेख हसीना ने कहा कि अपने देश लौटने का समय आ गया है. वे मेरे वहां जाते ही मुझे गिरफ्तार कर सकते हैं,मुझे मार भी सकते हैं. लेकिन मुझे जाना ही होगा.याद करें कि बांग्लादेश के एक ट्रिब्यूनल ने शेख हसीना को फांसी की सजा दी है. इसे याद करते हुए शेख हसीना भावुक हो गयी. इस क्रम में कहा कि अगर उनकी मौत होती है तो वह देश की मिट्टी में हो, जहां उनके माता-पिता दफन हैं. आरोप लगाया कि उनकी पार्टी अवामी लीग के नेताओं-कार्यकताओं पर भारी दमन हो रहा है.मामला यह है कि शेख हसीना 2024 में सरकार विरोधी छात्र आंदोलन के बाद बांग्लादेश छोड़कर भारत भाग आयी थी. उन्हें भारत में शरण दी गयी है. बाद में बांग्लादेश के युद्ध अपराध कोर्ट ने छात्र आंदोलन पर दमनकारी कार्रवाई करने के आरोप में उन्हें मौत की सजा सुनाई. दिलचस्प बात यह रही कि उन्हें यह सजा तब सुनाई गयी थी तो जब वह कोर्ट में मौजूद भी नहीं थीं.

### योगी अयोध्या पहुंचे, कांग्रेस-सपा पर हमला किया, पूछा, हनुमानगढ़ी में नमाज किसने पढ़वाई थी

**लखनऊ।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज अयोध्या पहुंचे. उन्होंने यहां कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर करारा हमला किया. कहा किआस्था की बात करने वाले लोगों ने हमारी पवित्र हनुमानगढ़ी में नमाज पढ़वाने का काम किया था. पूछा कि क्या कभी कोई जामा मस्जिद में हनुमान चालीसा का पाठ कर सकता है.? कांग्रेस और समाजवादी पार्टी में ऐसी हिम्मत है क्या. इसी क्रम में पूछा, हनुमानगढ़ी की सीढ़ियों पर नमाज पढ़वाने का काम कौन करवा रहा था? योगी आदित्यनाथ ने राम मंदिर चढावा चोरी मामले में विपक्षी दलों के आरोपों पर पलटवार किया. योगी ने दोहराया, इन्होंने हनुमानगढ़ी की सीढ़ियों पर नमाज पढ़वाने का पाप किया था, लेकिन हमने अयोध्या को सांस्कृतिक राजधानी के रूप में फिर से स्थापना की. मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या में रैन बसेरे का नामकरण निषादराज गुह हो गया उनको (सपा-कांग्रेस) यह बुरा लगता है कि निषादराज के नाम पर वे यह काम क्यों नहीं कर पाये. आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के लोगों ने मंदिर निर्माण में बाधा खड़ी की, राम के नाम पर प्रश्न खड़ा किया, रामभक्तों पर गोलियां चलवाईं, अयोध्या के नाम पर पहचान का संकट खड़ा किया. लेकिन जब डबल इंजन की भाजपा सरकार आयीय भगवान राम का भव्य मंदिर बन गया. कोई रोक नहीं पाया.बता दें कि सीएम योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में 432 करोड़ रुपये से ज्यादा की लागत वाली 217 विकास परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास किया. इसी कार्यक्रम में सीएम योगी ने सपा-कांग्रेस पर जमकर हमला बोला.

# 7 महीने बाद जन नायकन की रिलीज डेट पर लगी मुहर...



**नई दिल्ली।** सी. जोसेफ विजय उर्फ थलापति विजय अब तमिलनाडु के सीएम बन चुके हैं। राजनीति में आने से पहले ही अभिनेता ने खुलासा कर दिया था कि वह अभिनय छोड़ रहे हैं और उनकी आखिरी फिल्म जन नायकन है। चुनाव से पहले ही जन नायकन रिलीज होने वाली थी। मगर अटक गई। अब करीब 7 महीने बाद अभिनेता की आखिरी फिल्म बड़े पर्दे पर दस्तक देने वाली है। इसे सेंसर बोर्ड से कुछ दिन पहले ही हरी झंडी मिली थी। कनाडा में इसे यॉर्क सिनेमा के द्वारा रिलीज की जाएगी। 24 जुलाई से पर्दे पर धमाल मचेगा। थिएटर में जबरदस्त जश्न के लिए तैयार हो जाइए।

## लाइफ Style

# प्रियामणि

## गोलमाल 5 में निभाएंगी विलेन का किरदार



रोहित शेट्टी 'गोलमाल 5' के साथ इस लोकप्रिय फ्रेंचाइजी में फिर से वापसी कर रहे हैं। फिल्म की घोषणा के बाद से ही फैंस इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस बार फिल्म में अक्षय कुमार की भी एंट्री हुई है। वहीं, शरमन जोशी की वापसी हुई है।

मेकर्स दर्शकों को कास्टिंग से जुड़े एक चौंकाने वाले ट्विस्ट से हैरान करने के लिए तैयार हैं। एक नई रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म में द फैमिली मैन और शाहरुख खान की जवान फेम एक्ट्रेस प्रियामणि की भी एंट्री हुई है। प्रियामणि फिल्म में एक नेगेटिव रोल में नजर आएंगी, जो उनके पिछले किरदारों से बिल्कुल अलग होगा। एक रिपोर्ट के अनुसार, प्रियामणि 'गोलमाल 5' में एक नेगेटिव किरदार निभाएंगी। हालांकि, फिल्म की कहानी के बारे में अभी कोई जानकारी नहीं दी गई है, लेकिन उम्मीद है कि इस कास्टिंग से कॉमेडी फ्रैंचाइजी में कुछ नयापन आएगा। अपनी अलग-अलग तरह की भूमिकाओं के लिए मशहूर, नेशनल अवॉर्ड जीतने वाली इस एक्ट्रेस ने ज्यादातर इमोशनल और दमदार किरदार निभाए हैं। फिल्म की मुख्य विलेन के तौर पर उनका यह नया रूप रोहित शेट्टी की कॉमेडी और मस्ती-मजाक वाली फिल्मों में एक नया रंग जोड़ सकता है। रोहित शेट्टी के साथ प्रियामणि का यह पहला काम नहीं है। इससे पहले वह शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण की फिल्म चेन्नई एक्सप्रेस के जबरदस्त डांस नंबर '1 2 3 4 गेट ऑन द डांस फ्लोर' में नजर आ चुकी हैं।

## हॉलीवुड मसाला

# इट्स ए... गाने से मिली थी शोहरत



**लॉस एंजिल्स।** टोटल एक्लिप्स ऑफ द हार्ट जैसे चर्चित गाने की सिंगर बॉनी टायलर का निधन हो गया है। 75 साल की उम्र में इस हॉलीवुड सिंगर ने दुनिया को अलविदा कह दिया। टल एक्लिप्स ऑफ द हार्ट और होल्डिंग आउट फॉर ए हीरो जैसे कई हिट सॉन्ग गाने वाली बॉनी टायलर की आज भी अच्छी-खासी फैन फॉलोइंग है। 8 जून, 1951 को वेल्स में जन्मीं बॉनी टायलर का असल नाम गेनर हॉपकिंस था। वह अपनी जादुई आवाज के लिए जानी जाती थीं। उनके गाने म्यूजिक चार्ट्स में टॉप पर बने रहते थे। 1977 में इट्स ए हार्टएक गाने से बॉनी को खूब शोहरत मिली।




# एमी अवॉर्ड्स : द पिट को सबसे अधिक 25 नॉमिनेशन

**लॉस एंजिल्स।** एमी अवॉर्ड्स को टीवी की दुनिया में सबसे सम्मानित पुरस्कार माना जाता है। साल 2026 के लिए एमी अवॉर्ड के लिए नामांकनों का ऐलान हो चुका है। इस सूची में सबसे ज्यादा श्रेणियों में नॉमिनेशन के साथ मेडिकल ड्रामा सीरीज 'द पिट' सबसे आगे है। 'द पिट' को कुल 25 नामांकन हासिल हुए हैं। इसके अलावा प्रियंका चोपड़ा की 'हेड्स ऑफ स्टेट' ने भी जगह बना ली है। वहीं, सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री की लिस्ट में जेंडाया का नाम है। इसके अलावा और किस-किसको नॉमिनेशन में जगह मिली है? बीते दिन बुधवार को अभिनेत्री लिजा कोलोन-जायस और अभिनेता जेफ हिलर ने 2026 प्राइमटाइम एमी अवॉर्ड्स के नॉमिनेशन की घोषणा की। इस लिस्ट में 'द बियर', 'हैक्स', 'द पिट' और 'स्लो हॉर्सेस' जैसे बड़े कॉमेडी, ड्रामा और एंथोलॉजी शो शामिल हैं।



# रहमान ने की सोनू की तारीफ...

**मुंबई।** मशहूर संगीतकार एआर रहमान ने अपनी आने वाली फिल्म बंटवारा 1947 के एक गाने के लिए सिंगर सोनू निगम के साथ काम किया है। रहमान ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इसकी खुशी जाहिर की है। फिल्म बंटवारा 1947 के गाने 'ओह तबस्सुम' को सोनू निगम ने गाया है। एआर रहमान ने एक्स हैंडल पर सोनू की जमकर तारीफ की है। रहमान ने सोनू से पूछा, 'भाई, गाते समय अपनी आवाज में इतना रोमांस कैसे ले आते हों।' 'बंटवारा 1947' असगर वजाहत के मशहूर नाटक 'जिस लाहौर नई देख्या, ओ जम्याई नई' पर आधारित है। कहानी देश के बंटवारे के समय एक हिंदू परिवार की है, जिसे लाहौर आना पड़ता है। वहां उन्हें एक हवेली मिलती है, जहां पहले से ही एक बुजुर्ग मुस्लिम महिला रह रही होती हैं। यह फिल्म राजनीति के बजाय मानवीय रिश्तों और दर्द को दिखाती है।



# 'भाई तेरा स्टार है' का ट्रेलर रिलीज...

**मुंबई।** 'भाई तेरा स्टार है' का मजेदार ट्रेलर गुरुवार को रिलीज कर दिया गया है। फिल्म के ट्रेलर में राघव लंदन में रहने वाले एक ऐसे एक्टर के रोल में हैं, जो काम पाने के लिए संघर्ष कर रहा है। फिल्म की ताकत राघव जुयाल का स्वाभाविक मजाकिया अंदाज और उनकी दमदार कॉमिक टाइमिंग है। ट्रेलर के कई सींस काफी मजेदार हैं, जिनमें राघव की एनर्जी देखने लायक है। राघव ने कई लोगों से उधार ले रखा है। जब लोग अपने पैसे मांगते हैं, तो वह अपनी एक्टिंग के दम पर झूठी कहानियां बनाता है और बचने के तरीके ढूंढता है। कर्जों से निपटने का उनका यह अंदाज बेहद मजेदार है। फिल्म में राघव को कर्ज देने वाले एक व्यक्ति का किरदार मशहूर अभिनेता संजय कपूर निभा रहे हैं। कॉमेडी से भरपूर यह फिल्म 30 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## टीवी मसाला



# 'सेहर होने को है' 7 साल के लीप के साथ, भविका बनीं सेहर

**मुंबई।** महेर फीवर अब एक नए शिखर पर पहुंचने वाला है, क्योंकि कलर्स का ड्रामा 'सेहर होने को है' सात साल का लीप लेकर आ गया है, जिसमें भविका शर्मा टाइटल रोल निभा रही हैं। जुदाई के इस लंबे दौर ने इन स्टार-क्रॉस्ड लवर्स (महिद और सेहर, पार्थ समथान और भविका द्वारा निभाए गए किरदार) की किस्मतें बदल दी हैं। दोनों अब बिल्कुल अलग इंसान बन चुके हैं, जिन्हें एक अनसुलझी त्रासदी ने बांध रखा है।

# 21 साल पहले भारत में बैन हो गई थी ये फिल्म, अक्षय थे इसका हिस्सा...

नई दिल्ली। इन दिनों दिलजीत दोसांझ की फिल्म 'सतलुज' को ओटीटी से हटाए जाने पर बवाल मचा हुआ। हालांकि, इससे पहले भी कई फिल्मों को भारत में बैन करना पड़ गया है, जिनमें से एक 21 साल पुरानी विवादित फिल्म भी शामिल है। 2005 में रिलीज हुई इस फिल्म ने दुनियाभर में सुर्खियां बटोरीं। एकेडमी अवॉर्ड्स यानी ऑस्कर में भी गई। मगर भारत में फिल्म की रिलीज पर घमासान मचा रहा। भारत में फिल्म आई भी लेकिन इसे हटा दिया गया और फिर बैन कर दिया गया।

***खूब बवाल मचा था बवाल :*** जिस फिल्म की हम बात कर रहे हैं, वो है दीपा मेहता की ट्रिलॉजी की तीसरी कड़ी वॉटर मूवी की। फिल्म में जॉन अब्राहम, लीजा रे, सीमा बिस्वास, सरला और मनोरमा ने मुख्य भूमिका निभाई थी। यह फिल्म इंडियन-कैनेडियन फिल्ममेकर दीपा मेहता ने बनाया। जब यह फिल्म बन रही थी, तब इस पर खूब बवाल मचा था। आलम यह था कि फिल्म का सेट भी जला दिया गया था।



***फिल्म को लेकर भड़के थे लोग :*** फिल्म की शूटिंग वाराणसी में की जानी थी, लेकिन फायर मूवी (दो लेस्बियन पर आधारित) को लेकर पहले से ही विवादों में घिरीं दीपा मेहता की अगली फिल्म वॉटर की शूटिंग का पता चला तो कुछ लोग प्रदर्शन करने लगे। इस फिल्म को एंटी-हिंदू बताया गया और सेट जला दिया गया। इस बवाल के चलते फिल्म की शूटिंग को रोक दिया गया। उस वक्त अक्षय इसकी शूटिंग करने वाले थे।

***अक्षय बनने वाले थे लीड हीरो :*** एक बातचीत में दीपा ने रिवील किया था कि वॉटर फिल्म की असली स्टार कास्ट पहले अक्षय कुमार, शबाना आजमी और नंदिता थे। मगर बवाल मचने के बाद फिल्म 3-4 साल बाद रुकी रही। फिर नई कास्ट के साथ फिल्म को श्रीलंका में शूट किया गया। यह फिल्म भारत में तो बैन रही, लेकिन विदेश में इसे सराहा गया।

## क्या है फिल्म की कहानी?

1938 में सेट फिल्म की कहानी विधवा महिलाओं की दुर्गति को दिखाता है। कहानी 'चुइया' नाम की 8 साल की लड़की के बारे में है जो विधवा हो जाती है और उसे प्रायश्चित करने के लिए एक आश्रम में भेज दिया जाता है। उससे उम्मीद की जाती है कि वह अपनी बाकी जिंदगी सादगी और प्रार्थना में बिताएगी।

# आज सिनेमाघरों में रिलीज होंगी तीन फिल्में, दो अंग्रेजी फिल्में हिंदी वर्जन में

**नई दिल्ली।** शुक्रवार को हिंदी के दर्शकों को सिनेमाघरों में तीन नई फिल्मों का तोहफा मिलने वाला है। हफ्ते की सबसे बड़ी रिलीज 'धमाल 4' है, जो फ्रैंचाइजी की चौथी फिल्म है। इसी के साथ दो अंग्रेजी फिल्में भी हिंदी डब वर्जन में बड़े पर्दे पर दस्तक देने वाली हैं। शुक्रवार को ही हॉरर फिल्म 'ईविल डेड बर्न' भी रिलीज हो रही है, जो 'ईविल डेड फ्रैंचाइजी' की छठी मूवी है। दूसरी ओर, ड्वेन जॉनसन और कैथरीन लागाइया की 'मोआना' रिलीज हो रही है, जो डिज्नी के पॉपुलर एनिमेशन फ्रैंचाइजी की पहली लाइव-एक्शन फिल्म है।


**धमाल 4** : हिंदी के दर्शकों के लिए इस हफ्ते की सबसे बड़ी रिलीज धमाल4 है, जिसे इंद्र कुमार ने डायरेक्ट किया है। यह 'धमाल फ्रैंचाइजी' की चौथी एडवेंचर-कॉमेडी फिल्म है। टी-सीरीज फिल्म्स, पैनोरमा स्टूडियोज, और देवगन फिल्म्स के साथ मारुति इंटरनेशनल ने इसे प्रोड्यूस किया है। फ्रैंचाइजी की पिछली तीन फिल्में धमाल (2007), डबल धमाल (2011) और टोटल धमाल (2019) बॉक्स ऑफिस पर हिट साबित हुई थीं। अब इस चौथी फिल्म से भी




यही उम्मीदें हैं। धमाल 4 में अजय देवगन, अरशद वारसी, रितेश देशमुख, जावेद जाफरी, रवि किशन, संजय मिश्रा, उपेंद्र लिमये, अंजलि आनंद, संजीदा शेख, ईशा गुप्ता और विजय पाटकर हैं।

**मोआना** : मोआना एक अमेरिकी म्यूजिकल एडवेंचर फिल्म है, जो डिज्नी एनिमेशन की 2016 की इसी नाम की फिल्म का लाइव-एक्शन वर्जन है। मतलब कि पिछली फिल्म जहां एनिमेशन थी, इस बार इसमें एक्टर-एक्ट्रेसेस पॉपुलर किरदार निभाते नजर आएंगे। 'मोआना फ्रैंचाइजी' की इस तीसरी और पहली लाइव-एक्शन फिल्म को थॉमस काइल ने डायरेक्ट किया है। कहानी जेरेड बुश और डाना लेडौक्स मिलर ने लिखी है। इसमें ड्वेन जॉनसन के साथ कैथरीन लागाइया लीड रोल में हैं। यह कैथरीन की डेब्यू फिल्म है। कहानी के केंद्र में मोआना है, जो मोटुनुई द्वीप की एक बहादुर युवा लड़की है और जो समुद्र की पुकार सुन सकती है। वह डेमीगॉड माउई को खोजने के लिए अपना कबीला, अपना घर छोड़ती है। मोआना भी शुक्रवार 10 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। आप इसे हिंदी डब वर्जन में भी देख सकते हैं।

**ईविल डेड बर्न** : ईविल डेड बर्न एक अमेरिकी सुपरनैचुरल हॉरर फिल्म है। इसे सेबेस्टियन वानिचेक और फ्लोरेंट बर्नार्ड ने डायरेक्ट किया है। इन्हीं दोनों ने फिल्म की कहानी भी लिखी है। यह 'ईविल डेड' (2013) और 'ईविल डेड राइज' (2023) की एक स्टैंडअलोन सीक्वल है। इसमें सुहेला याकूब, टैंडी राइट, हंटर डूहान, लुसियाने बुकानन, एरॉल शेंड और मौड डेवी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। 'ईविल डेड बर्न' वैसे तो मूल रूप से अंग्रेजी फिल्म है, लेकिन 10 जुलाई को यह सिनेमाघरों में हिंदी डब वर्जन में भी रिलीज हो रही है।




हिंदी दैनिक झारखण्ड उजाला के लिए प्रकाशक एवं स्वामित्व सचिन कुमार सिंह द्वारा मकान संख्या 01, सिंह मेंशन, शांति नगर, नियर हटिया टोंको ब्रिज, ओबरिया रोड, पोस्ट : हटिया, थाना : जगन्नाथपुर, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 834003. से प्रकाशित एवं सचिन कुमार सिंह द्वारा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, पता : काठीटांड, नियर टेंडर बगीचा, पोस्ट- रातू, थाना - रातू, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 835222 से मुद्रित, संस्थापक : रत्नेश नारायण सिंह, संपादक : सचिन कुमार सिंह *(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार), epaper.jharkhandujala.com, E-mail -jharkhandujala@gmail.com / hr.jharkhandujala@gmail.com / desk.jharkhandujala@gmail.com (M) +91 9431360101, (O) 0651-2290101, (fax) 0651-2290101.